
सुप्रभात
रांची, मंगलवार
12.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 63



12 रक्षा मंत्री आज 90 नयी परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित

## न्यूज डायरी

### शिबू सोरेन दिल्ली अस्पताल में हुए एडमिट

**रांची/दिल्ली।** झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पीटल में एडिमट कराया गया। डॉक्टरों की देखरेख के बाद उनकी तबियत में सुधार आया। तबियत में सुधार के बाद सीएम रांची लौटे।

### 11 वैज्ञानिकों को शांति भटनागर पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) ने अपने स्थापना दिवस से पहले सोमवार को 2022 के लिए शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार देश के 12 युवा वैज्ञानिकों को प्रदान करने की घोषणा की।

### झारखंड में कोरोना की दस्तक, एक संक्रमित

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दे दी है। सोमवार को कोरोना से संक्रमित एक मरीज की पुष्टि हुई है। दरसअल, शहर के धुर्वा के जगन्नाथपुर के 69 वर्षीय व्यक्ति कोरोना की चपेट में हैं। फिलहाल रिम्स के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### पलामू में 28 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी

**पलामू।** जिले के छतरपुर इलाके में 28 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी है। फ्रूट जूस की पेटी में छुपा कर शराब को पंजाब और हरियाणा के रास्ते छतरपुर लाया गया था। यहां से छोटी गाड़ियों में भरकर बिहार के अलावा अन्य राज्यों में बेचने की योजना थी।

### रामगढ़ : अवैध शराब से लदा ट्रक धराया

**रामगढ़।** कुजू पुलिस ने अवैध शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ा है। सोमवार को एसडीपीओ किशोर रजक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कुजू थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने एक ट्रक जेएच 10 एई 4271 को पकड़ा। जिस पर गॉडफादर कंपनी का बीयर लदा था। इस पूरे ट्रक पर बीयर की 1375 बेटियां लादी गयी थी।

### सीएम ने किया आचार्य विनोबा भावे को नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (ट्विटर) पर कहा कि भूदान आंदोलन के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे जी की जयंती पर शत-शत नमन।

### सनातन विरोधियों पर राहुल चुप : अनुराग

**सिवनी।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। कहा कि सनातन के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ श्री गांधी ने एक भी शब्द नहीं बोला, इसका मतलब कांग्रेस इन सभी के समर्थन में है।

### देशभर में लगेंगे आयुष्मान मेले

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए देशभर में आयुष्मान मेले आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### कांग्रेस की पूर्व सांसद ज्योति भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के दो नेता ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी सोमवार को भाजपा में शामिल हो गये। नागौर लोकसभा सांसद रहीं ज्योति मिर्धा और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी चौधरी ने पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# एशिया कप : भारत ने पाकिस्तान को 228 रनों से रौंदा



## भारत 2/ 356, पाक 128, विराट और राहुल ने ठोका शतक

एजेंसी

**कोलंबो।** गरजते-बरसते बादलों के बीच भारतीय सूरमाओं के धूमधड़ाके के आगे पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। स्टार बैटर कोहली (नाबाद 122) राहुल (नाबाद 111) के दम पर भारत ने पाकिस्तान को 228 रन से भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को 228 रनों से रौंद दिया। भारत द्वारा दिये गये 357 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान ने 32 ओवर में 128 रन पर ऑलऑउट हो गयी। कुलदीप यादव ने 25 रन देकर 5 विकेट झटके।

बर्षा बाधित रजिर्व डे में गये मैच के पहले दिन रविवार को पहले रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने हवाई फायर से पाक का हौसला तोड़ा तो रिजर्व डे पर सोमवार को विराट कोहली और केएल राहुल ने रिकॉर्डतोड़ शतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़े रनों का पहाड़ (356/2) खड़ा किया। बड़े लक्ष्य के आगे न केवल दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज बाबर आजम ने हथियार डाले, बल्कि मोहम्मद रिजवान, फखर जमां के साथ-साथ पाकिस्तान के तमाम तुर्रम बल्लेबाजों के हौसले ने भी जवाब दे दिया। इस तरह से भारत ने 228 रनों से जीत दर्ज करते हुए बता दिया कि अब भी पाकिस्तान को बराबरी की टक्कर देने में कई साल लग जायेंगे। यह वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है।

**पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर :** वनडे में पाक के खिलाफ भारत की रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है। साथ उसके खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर भी।

**कोहली का 47वां शतक:** कोहली ने अपने 47वें शतक के दौरान 94 गेंद में 9 चौके और 3 छक्के जड़े। लंबे समय बाद मैदान पर लौटे राहुल ने 106 गेंद में 12 चौके, दो छक्के लगाये। तीसरे विकेट के लिए 233 रन की अटूट साझेदारी भी की। दोनों ने डेथ ओवरों मेंआक्रामक रुख अपनाया, जिससे भारत अंतिम 10 ओवर में 105 रन जोड़ने में सफल रहा। कोहली का आर प्रेमदासा स्टेडियम में यह लगातार चौथा शतक है। रविवार को लगातार बारिश के कारण यह मुकाबला बीच में रोकना पड़ा था। उस समय भारत का स्कोर दो विकेट पर 147 रन था। सलामी बल्लेबाजों कप्तान रोहित शर्मा (56) और शुभमन गिल (58) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 121 रन जोड़कर भारत को शानदार शुरुआत दी थी। सोमवार को भी बारिश के कारण एक घंटा 40 मिनट देर से शुरू हुआ। मैच बहाल होने पर राहुल और कोहली आगे खेलने उतरे। पहले धीमी शुरुआत के बाद दोनों ने पाक गेंदबाजों की धज्जियां उड़ानी शुरू कर दी। कोहली ने 43वें ओवर में इफ्तिखार पर अपना पहला छक्का मारा और फिर इसी ओवर में चौका भी जड़ा।

( शेष पेज 11 पर)



## बाबा से लालू ने इंडिया की जीत की कामना कर कहा

# मोदी काल में अत्याचार बढ़ा, जाना तय

- सभी दल मिल कर चुनेंगे इंडिया का दूल्हा
- जी-20 के नाम पर सिर्फ पैसा बर्बाद किया
- भारत और इंडिया क्या है जनता सब बता देगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, देवघर।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राबड़ी देवी संग बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ की पूजा करने के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत की कामना की है। उन्होंने कहा कि देश में अत्याचार बढ़ा है, नरेंद्र मोदी अच्छा काम नहीं कर रहे हैं। देश की हालत ठीक नहीं है, गरीबी और महंगाई बेहिसाब बढ़ रही है। चुनाव नजदीक आते ही मोदी ने फिर से देश की गरीब जनता को छला है। इनका जाना तय है। उन्होंने कहा- बाबा से इंडिया की सफलता और मोदी को उखाड़ फेंकने का आशीर्वाद मांगा। यहां से लौटते ही पूरे बिहार भ्रमण करूंगा। देश की दयनीय हालत के जिम्मेदार मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान जनता से करूंगा। लालू ने यह भी कहा कि जी-20 के नाम पर सिर्फ देश के पैसे की बर्बादी हुई, देश को कुछ नहीं मिला। इंडिया और भारत तो है ही, चुनाव में जनता बतायेगी कौन इंडिया और कौन भारत है। (शेष पेज 11 पर)



देवघर स्थित बाबाधाम में पूजा-अर्चना करते लालू और राबड़ी देवी।

**कौन बनेगा इंडिया का दुल्हा**

आइएनडीआइए का दूल्हा कौन बनेगा, इस सवाल पर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बताया कि 28 दलों को मिलाकर यह संगठन बना है, इसी में से कोई एक दूल्हा होगा। बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ की की तरह अन्य सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद लेने के बाद चुनावी मैदान में कूदेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया समन्वय समिति की बैठक दिल्ली में होने वाली है, इसमें तेजस्वी और सभी नेता भाग लेंगे। उस बैठक में आगे की रणनीति पर विचार होगा। दिल्ली की बैठक के बाद उम्मीदवार चयन का काम शुरू होगा।

# भारत-अरब मित्रता विश्व कल्याण में जरूरी : मोदी

- पाक की उम्मीदों पर फिर पानी सऊदी प्रिंस नहीं वहां जायेंगे

## दोनों में कई करार, राष्ट्रीय मुद्रा में व्यापार पर चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने सोमवार को नयी दिल्ली में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों की आपसी रणनीतिक साझीदारी परिषद की पहली बैठक में दोनों पक्षों ने अपने प्रगाढ़ आपसी सहयोग में आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी के नये और आधुनिक आयाम जोड़ने का निर्णय लिया।

भारत और सऊदी अरब ने आईटी से लेकर फार्मास्यूटिकल्स तक के लिए नये समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं। राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा की गयी। पीएम मोदी ने कहा, भारत के लिए सऊदी सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों में से एक है। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य मौजूद थे। इससे पहले सोमवार को सऊदी क्राउन प्रिंस का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया।

(शेष पेज 11 पर)



**राष्ट्रीय मुद्रा से व्यापार पर भारत का जोर**

औपचारिक स्वागत के बाद हैदराबाद हाउस में क्राउन प्रिंस और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और सऊदी ने दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा शुरू कर दी है और कहा कि इसके लिए प्रस्तावों और परामर्शों का आदान-प्रदान किया गया है। अभी यह केवल चर्चा के चरण में है। हाल के दिनों में, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में अपनी राष्ट्रीय मुद्रा, भारतीय रुपये के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त कदम उठाये हैं। 22 विभिन्न देशों के बैंकों के साथ सहयोग करते हुए, भारत ने घरेलू बैंकों में विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते स्थापित किये हैं, जिससे राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार की सुविधा मिलती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# भ्रष्टाचार मामले में अफसरों की गिरफ्तारी से छूट रद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तारी के खिलाफ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को दी गयी छूट को खत्म करने वाला उसका पिछला फैसला पूर्व प्रभाव से लागू होगा। कोर्ट ने कहा, उसका 2014 का फैसला, संयुक्त सचिव स्तर और उससे ऊपर के केंद्र के कर्मचारियों के लिए भ्रष्टाचार के मामलों में जांच से छूट को हटाना पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि सुब्रमण्यम स्वामी (2014) के मामले में संविधान पीठ द्वारा की गयी घोषणा पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगी। पीठ ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि डीएसपीइ (दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना) अधिनियम की धारा 6ए इसके सम्मिलन की तारीख 11 सितंबर, 2003 से लागू नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसा कोई भी कर्मचारी सितंबर 2003, जब विवादित कानून बनाया गया था और मई 2014 - जब कानून रद्द किया गया था, इसके बीच की अवधि के लिए दंडात्मक उपायों से सुरक्षा की मांग नहीं कर सकता है। सुब्रमण्यम स्वामी (2014) के मामले में संविधान पीठ ने डीएसपीई अधिनियम की धारा 6ए को इस आधार पर असंवैधानिक घोषित कर दिया कि यह सरकारी कर्मचारियों के वर्गीकरण के कारण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है, जिस पर उक्त प्रावधान लागू होना था। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, अभय एस ओका और जेके माहेश्वरी भी शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)

# शहरी क्षेत्र के जल स्रोतों से हटेगा अतिक्रमण, टास्क फोर्स गठित

## 15 मीटर के दायरे के अनधिकृत संरचना पर होगी कार्रवाई

- हिनू नदी के आसपास से 13 से 14 को हटेगा अतिक्रमण
- कांके डैम के करीब से 15 से 16 तक हटायेंगे अवैध कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शहरी क्षेत्र के विभिन्न जलस्त्रोतों के आसपास से प्रदूषण रोकने एवं अतिक्रमण हटाने को ले कर टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है। रांची डीसी एवं नगर आयुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में राजधानी रांची के बड़ा तालाब, हरमू नदी, हिनू नदी, कांके डैम एवं अन्य नदी / जलाशयों के सीमाना से 15 मीटर के अंतर्गत पड़ने वाले सभी अनाधिकृत भवनों को चिह्नित कर हटाने की कार्रवाई के लिए संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

नदीवार सूची के साथ सभी टीम को निर्धारित तिथि के अनुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। हिनू नदी के आसपास से अंचलाधिकारी अरगोड़ा की अध्यक्षता में 13 से 14 सितंबर तक अतिक्रमण हटाने, कांके डैम के आस पास से अंचलाधिकारी हेहल की अध्यक्षता में 15 से 16 सितबर तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी। बड़ा तालाब के आस पास से अंचलाधिकारी शहर के नेतृत्व में आठ-नौ सितंबर तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। अनाधिकृत संरचना को हटाने के लिए उपयोग में आने वाले मशीन उपकरण को रांची नगर निगम रांची के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।




# विष्णु अग्रवाल की याचिका पर आज फिर होगी सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सोमवार को चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन फर्जीवाड़ा कर मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद बिल्डर कारोबारी विष्णु कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल की गयी। याचिका पर सुनवाई मंगलवार को जारी रहेगी। विष्णु अग्रवाल ने कई बीमारियों से पीड़ित होने का हवाला देते हुए जमानत की गुहार लगाते हुए 26 अगस्त को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने 31 जुलाई को देर रात विष्णु अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। एक अगस्त को अदालत में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया था। रिमांड की अनुमति मिलने के बाद ईडी ने 12 दिनों तक पूछताछ की। इसके बाद पुनरू जेल भेज दिया गया। तब वह जेल है। बता दें कि विष्णु अग्रवाल पर जमीन का नेचर बदल कर जमीन फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। ईडी ने पिछले दिनों उसकी 162 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति को अटैच कर चुकी है। आगे भी मनी लाउंड्रिंग का सबूत मिलने पर संपत्ति अटैच की कार्यवाही जारी रहेगी।

**प्रेम प्रकाश ने दी जमानत अर्जी**



वहीं अवैध खनन के साथ जमीन घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने जमानत की गुहार लगाते हुए सोमवार को अपने वकीले के माध्यम से अर्जी दाखिल की है। दाखिल जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई होगी। जमीन घोटाले के आरोप में ईडी ने प्रेम प्रकाश को 11 अगस्त को रिमांड किया था। पांच दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे जेल भेज दिया है। वह अवैध खनन मामले में 25 अगस्त 2022 से जेल में है। 11 अगस्त से अवैध खनन के साथ जमीन घोटाले के केस में भी न्यायिक हिरासत में लिया गया। जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने पिछले दिनों निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजनए प्रेम प्रकाश समेत 10 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसी के बाद उसकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

# सरकार ने बनाया मीडिया मानीटरिंग पोर्टल

- गलत खबर का करना होगा खंडन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में गलत खबर प्रकाशित करने वालों को उसका खंडन करना होगा। राज्स सरकार के निर्देश पर मीडिया मॉनिटरिंग पोर्टल बनाया गया है, जो झूठी और भ्रामक खबरों पर नजर रखेगा। टेक्नोलॉजी के दौर में समाज में मेन स्ट्रीम मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ा है।

लोगों तक तेजी से सूचनाएं पहुंच रही हैं, हालांकि, इसका एक दूसरा पक्ष भी है। लोगों तक जल्द से जल्द खबरें पहुंचाने की होड़ में कई भ्रामक खबरें कंफ्यूजन भी पैदा कर रहीं हैं। कई गलत वायरल खबरों का असर सरकारी सिस्टम पर खराब असर पड़ रहा है। इसको देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर आईटी विभाग ने एक पोर्टल तैयार किया है, जो खबरों के आधार पर जनता और विभागों के बीच पुल का काम करेगा। इसका नाम दिया गया मीडिया मॉनिटरिंग पोर्टल। यह जनता और विभागों के बीच पुल का काम करेगा।

इसके अनुसार अगर कोई खबर गलत निकली तो संबंधित मीडिया हाउस को खंडन के लिए कहा जायेगा। आइटी विभाग की सचिव विप्रा भाल ने बताया कि सरकार के आदेश पर पोर्टल तैयार किया गया है। (शेष्ज्ञ पेज 11 पर)



**तय होगी जवाबदेही**

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर इस प्लेटफॉर्म को डेवलप किया गया है। हालांकि यह नहीं बताया गया कि अगर सरकार के खिलाफ कोई मीडिया हाउस बार-बार गलत खबर प्रकाशित करता है तो क्या कानूनी प्रक्रिया भी अपनायी जा सकेगी। सूत्रों ने बताया कि अक्सर जनसमस्या से जुड़ी खबरें प्रकाशित होने के बावजूद संबंधित विभाग उसके निदान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाते। अब ऐसा नहीं होगा। जवाबदेही तय होगी। आम लोगों की समस्या का निपटारा होगा। हर स्तर पर लोगों की समस्या से जुड़ी खबर का कंप्लायंस होगा। आम लोगों की समस्या का निपटारा होगा। इसके लिए एक गाइडलाइन भी तैयार किया गया है। इसकी जानकारी विभाग के साथ-साथ, जिला और ब्लॉक स्तर पर साझा की गयी है।

# चीन सीमा पर तैनात होंगी आइटीबीपी और बटालियन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-चीन संवेदनशील सीमा पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की तीन बटालियन तैनात करने को मंजूरी दी गयी है। सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी की और अधिक सीमा चौकियां (बीओपी) स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। केंद्र ने फरवरी में आईटीबीपी को सात अतिरिक्त बटालियन बनाने की मंजूरी दे दी थी। सूत्रों ने बताया कि सात नयी स्वीकृत बटालियनों में से तीन अब तैनाती के लिए तैयार हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अधिक आईटीबीपी चौकियां स्थापित करने और नयी बटालियनों की तैनाती से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को चीनी सेना की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने में मदद मिलेगी।

अधिक बटालियनों की तैनाती और बीओपी स्थापित करने से निश्चित रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ेगी.'पूर्वोत्तर राज्यों में सेवा कर चुके खन्ना ने कहा कि 'भारत-चीन सीमा पर कई ऐसे इलाके हैं जहां इंसानी आबादी नहीं है। बीओपी की स्थापना से निश्चित रूप से उन क्षेत्रों में निवासी आ जायेंगे।

# हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण हजारीबाग नहीं पहुंचे सीएम , जताया खेद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने घोषित कार्यक्रम में हजारीबाग नहीं पहुंचने पर खेद प्रकट किया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल (ट्वीट)लिखा कहा है कि दिल्ली से रांची आने के बाद हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गयी। इस कारण मैं हजारीबाग नहीं जा सका। अपने युवा भाईयों एवं बहनों के बीच ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सका। जिसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार में मेरे साथी मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता तथा अन्य विधायकों द्वारा ऑफर लेटर वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार युवाओं को नौकरी और रोजगार प्रदान कर रही है। विगत महीने दस हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर दिया है। सोमवार को हजारीबाग में 11,850 युवाओं को ऑफर लेटर मिला। जिसमें 90 प्रतिशत युवा स्थानीय हैं।


e-Procurement Cell

**Office of the Superintending Engineer**

Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi

**e-Procurement Notice (Very Shorty Notice)**

Tender Ref. No.-BCD/SECNC/29/Building Div. No.-1, Ranchi/2023-24-Date:11.09.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Quarter No.-02 (Allotted in the Favour of Hon'ble Justice Mr. Pradip Kumar Srivastava) Opposite Jal Bhawan, Near AG More, Doranda, Ranchi (High Court Pool) for the Year 2023-2024 | Rs. 96,12,500.00 | 6 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.09.2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 23.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 26.09.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 26.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi -834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9304554751/9386802104 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.

Nodal Officer, e-Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department
Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR 306633 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (23-24)_D



**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**

संख्या –15/2023–2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिशद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 20.09.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 21.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 21.09.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिशद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : Untied Fund

| क्र० सं० | नगर निगम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | शहरी क्षेत्र | रानी बगान बरियातु में चेसायर होम रोड से सुबोध कान्त सहाय के घर तक 1515 फीट पी०सी०सी० पथ एवं 250 फीट नाली के उपर स्लैब ढलाई का निर्माण कार्य। | 22,14,900.00 | 44,500.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 306676 Panchayati Raj (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– RDSPL/SD/HZB/17/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /17/01/2023-24 | कटकमदाग | डेंगुरा बिरहोरटंडा में प्राथमिक विद्यालय से आंगनबाड़ी तक फेंसिंग का निर्माण। | 2931700.00 | 59000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/ 17/02/2023-24 | विष्णुगढ़ | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बारा में शौचालय एवं चाहरदिवारी निर्माण। | 4126900.00 | 83000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/ 17/03/2023-24 | ईचाक | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लुकुईया का चाहरदिवारी निर्माण। | 4214400.00 | 84500.00 | 5000.00 | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.09.2023 से दिनांक 29.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समयः – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 04.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 306643 Rural Development(23-24).D



**जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**

**Placement Drive**

दिनांक 14.09.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में Placement Drive का आयोजन किया जाना है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई हैः–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Bajaj Allianz Life Insurance Ltd. | Agency Sales Officer (A.S.O) | 25 | Inter | 18-35 | --- | 18,000/= |
| | | Insurance Advisor | 20 | Inter | 18-35 | --- | Incentive |
| | | Senior Sales Manager (S.S.M) | 5 | Graduation | 18-35 | --- | 25,000/= |
| 2 | Bests Job | Technician | 05 | ITI all Trade | 18-35 | --- | 12,000/= to 13,000/= |
| | | Trainee Technician | 100 | ITI all Trade | 18-35 | --- | 13,000/= |
| | | Front Office Executive | 5 | Graduaton | 18-35 | ---- | 15,000/= |
| | | HR Recuiter | 20 | Graduation | 18-35 | --- | 25,000/= |
| 3 | Reliable First Adcon Pvt. Ltd. | Flipkart & Amazon grocery & Sales. | 500 | Matric and Above | 18-35 | --- | 10,000/= to 12,000/= |
| 4 | Millienium Skill Assessors Pvt. | Security Guard | 500 | Matric and Above | 18-35 | --- | 10,000/= to 15,000/= |
| 5 | Best Corporation & Jubilee Tax | Apparel (Sewing Machine Ope., Packing, Stitching etc. | 200 | Matric | 18-35 | --- | 8,000/= to 10,000/= |
| 6 | Eduvantage Pvt. Ltd. | Machine Operator | 100 | ITI All Trade | 18-35 | --- | 13,000/= to 16,000/= |
| | | Data Entry Operator | 200 | Graduation in IT/BCA. | 18-35 | --- | 8,000/= to 12,000/= |
| 7 | Upto Skills | NAPS Trainee | 250 | ITI all Trade | 18-35 | --- | 10,000/= |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त Placement Drive में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। कोविड 19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा।जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता की भूमिका में है।

District Skill Officer,
Lohardaga.

PR 306701 (Lohardaga)23-24*D


## बाबूलाल मरांडी के सलाहकार ने मुख्य सचिव और एसएसपी को लिखा पत्र

# फर्जी मुकदमा किये जाने और मेरी हत्या की साजिश रचनेवालों से बचायें : सुनील तिवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगायी है। श्री तिवारी ने लिखा है कि उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसा दिया गया है और अब उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने पत्र की प्रति भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह सचिव, झारखंड के डीजीपी और रांची एसएसपी को भेजी है।

**जमानत रद्द कराने का भी किया गया प्रयास** : मुख्य सचिव को



लिखे पत्र में सुनील तिवारी ने बताया है कि वे झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सलाहकार हैं। वे उनकी सोशल मीडिया टीम के नेतृत्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हैं। महागठबंधन सरकार में व्याप्त अनियमिता को लेकर मुखर रहने के कारण अगस्त 2021 में एक महीने के भीतर उनके खिलाफ न सिर्फ लगातार दो फर्जी मुकदमे दर्ज कराये गये। बल्कि उन्हें जेल भेजा गया। उन्होंने पत्र में बताया गया है कि हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली, जिसके आदेश में केस करने से लेकर गिरफ्तारी तक में झारखंड पुलिस की कार्यशैली पर प्रतिकूल टिप्पणी की।

श्री तिवारी का कहना है कि हाईकोर्ट से मिली जमानत को रद्द कराने के लिए सरकार के स्तर पर आधा दर्जन वकील रखे गये, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने के हाईकोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुये राज्य सरकार के जमानत रद्द करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। दोनों मुकदमों अरगोड़ा थाना केस संख्या 229/21 और 255/21 में चार्जशीट भी कर दिया गया है। मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश देने के अनुरोध पर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है लेकिन लगता है कि मुझे परेशान और तबाह करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि हाल के दिनों में बाबूलाल मरांडी ने अवैध खनन, जमीन घोटाला, कोयले अवैध से उगाही जैसे कई गंभीर मामले उठाये हैं। जिसकी वजह से मैं अपराधियों के निशाने पर हूं। जानकारी मिल रही है कि भ्रष्टाचार में लिप्त लॉबी मेरी जान के पीछे पड़ी है। षड्यंत्रकारी-अपराधिक गिरोहों द्वारा न सिर्फ मुझ पर नये सिरे से कुछ फर्जी केस कराया जा सकता है। बल्कि मेरी हत्या तक की साजिश की जा सकती है।

उन्होंने लिखा है कि उनकी जान को खतरा और परेशान करने की साजिश के बारे में उन्हें जानकारी मिली है लेकिन राज्य की पुलिस के समक्ष वे अपनी सूचना के स्रोत और साजिश में शामिल लोगों का खुलासा नहीं कर सकते हैं। वे केंद्र की किसी भी एजेंसी को पूरा विवरण दे सकते हैं। अतः उन्हें परेशान और चुप कराने के लिए फर्जी केस से लेकर हत्या की सोच जैसे राजनीतिक पूर्वाग्रह ग्रस्त साजिशों से सुरक्षा दी जाये।


## चिटफंड कंपनियों से जब्त पैसे निवेशकों को लौटाने का मामला

# तीन सदस्यीय समिति गठित करने के लिए 45 दिनों के अंदर नोटिफिकेशन जारी करे सरकार

**कोर्ट ने सीआइडी के आईजी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी के निर्णय को नहीं माना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को छोटे निवेशकों के डूबे पैसे उन्हें लौटाने के लिए 45 दिनों के भीतर उच्चस्तरीय समिति गठित करने के लिए नोटिफिकेशन जारी करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यह हाई लेवल कमेटी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस की



अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय होगी। इसमें हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस के अलावे सेक्रेटरी बोर्ड आफ ऑफ रिवेन्यू एवं सीबीआई की डीआईजी रैंक वाले पदाधिकारी होंगे। यह कमेटी चिटफंड कंपनियों द्वारा छोटे निवेशकों के गबन किए गए पैसे को वापस दिलाने का प्रयास करेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर निर्धारित की है।

बता दें कि पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के पैसा वापसी को लेकर सीआईडी के आईजी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी के बनाने के निर्णय को नहीं माना था।

आपको बताते चलें कि इससे पूर्व में हुई सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपए की संपत्ति एवं पैसे सीज किए हैं। सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे गए हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाया जा रहे हैं। ऐसे में झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए। प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा था कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया गया है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल भी की जाए।

## खबर एक नजर में

### मैट्रिक और इंटर कंपार्ट का रिजल्ट जारी

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से सोमवार को मैट्रिक और इंटर कंपार्ट परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि माध्यमिक परीक्षा में 63 .53 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं। वही इंटर आर्ट्स में 60 .03, कॉमर्स में 64 .51 और साइंस में 46 .01 प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है।

### राज्य सरकार पूर्व में इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को वेबसाइट पर करे अपलोड : हाइकोर्ट

**रांची।** राज्य के जिलों में कई मौकों पर अधिकृत अधिकारियों के द्वारा दिए गए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को पूर्व में इंटरनेट सेवा बंद करने का जो आदेश उसने दिया था, उसे वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने भविष्य में होने वाले इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट के अनुराधा बाशिन बनाम केंद्र सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी।

### हाइकोर्ट के लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक और विशेष लोक अभियोजक की बढ़ेगी फीस

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय में कार्यरत लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक की फीस नये सिरे से निर्धारित की गयी है। महाधिवक्ता, गृह सचिव व विधि सचिव के स्तर पर इस संबंध में बैठक कर लोक अभियोजक का शुल्क बढ़ाने की सहमति बनी थी। जिस पर मंत्रिमंडल की भी स्वीकृति मिल गयी है। इस संबंध में एक दो दिनों में संकल्प जारी कर दिया जायेगा। इसके तहत हाइकोर्ट के लोक अभियोजक को प्रतिधारण फीय 15000 रुपये व दैनिक शुल्क 1500, 1000 और विशेष दिनों में कोर्ट में हाजिर होने पर 1200 रुपये दिया जायेगा। वहीं, एपीपी व विशेष लोक अभियोजक को 7500 रुपये प्रतिधारण शुल्क वऔर 1200, 750 व विशेष दिनों में कोर्ट में उपस्थित होने पर 1000 रुपये दैनिक शुल्क दिया जायेगा।

### रिम्स में ट्यूटर पद पर हुई नियुक्ति की समय सीमा मामले में प्रार्थी की याचिका खारिज

**रांची।** रिम्स में ट्यूटर (शिक्षक) के पद को 3 साल की समय सीमा निर्धारित करने को लेकर रेखा शर्मा एवं अन्य की ओर दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने रेखा शर्मा एवं अन्य की याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रेखा शर्मा एवं अन्य के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की थी। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने पैरवी की थी। याचिका में कहा गया था कि रिम्स में उनकी नियुक्ति ट्यूटर पद पर हुई थी। उस समय ट्यूटर पद के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। बाद में रिम्स ने नियम बनाकर ट्यूटर पद के लिए 3 साल की अवधि निर्धारित की। प्रार्थी का कहना था कि जिस विज्ञापन से उनकी नियुक्ति हुई है उसमें ट्विटर पद के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं थी। बता दें कि रिम्स में ट्यूटर (शिक्षक) के पोस्ट को 3 साल की अवधि निर्धारित करने के खिलाफ दायर डॉ धर्मेंद्र सिन्हा एवं अन्य एवं डॉ विशाल कुमार की याचिका को कोर्ट ने रेखा शर्मा एवं अन्य की याचिका से अलग करते हुए उसकी अलग से सुनवाई करने का निर्देश दिया है।

## राजा पीटर की जमानत पर एनआइए कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्या के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सोमवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से जवाब दाखिल किया गया। अदालत ने आगे की सुनवाई के लिए 16 सिंतबर की तारीख निर्धारित की है। जमानत की गुहार लगाते हुए राजा पीटर ने बीते 31 जुलाई को याचिका दाखिल की है। वह रमेश सिंह मुंडा की हत्या के आरोप में पिछले छह साल से लगातार जेल में है। एनआईए ने जब से मामले में गिरफ्तार किया है, तब से ही वह जेल में है।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा कर्मचारी चयन आयोग : लंबोदर महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और गोमिया से विधायक डॉ लंबोदर महतो ने जूनियर इंजीनियर के लिए निकाली गयी बहाली में 50 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन के रद्द होने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने तकनीकी गड़बड़ी के नाम पर इन अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द कर दिया है जो न्याय संगत नहीं है। इससे अभ्यर्थियों का भविष्य खराब हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संज्ञान लेते हुए तकनीकी गड़बड़ी को दूर कर छात्रों के साथ न्याय करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने जब फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड किया, तो आयोग की ओर से सक्सेसफुली बताया गया। बाद में आयोग ने इन



अभ्यर्थियों के आवेदन को यह कह कर रद्द कर दिया है कि किसी में फोटो अपलोड नहीं है तो किसी में हस्ताक्षर अपलोड नहीं है। इसमें अब अभ्यर्थियों का दोष क्या है, यह तो तकनीकी गड़बड़ी है और इसको आयोग में बैठे लोगों को ठीक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब छात्र आयोग में बैठे लोगों से यह कहते हैं कि यह तो तकनीकी गड़बड़ी है, तो उनके द्वारा छात्रों को यह कहा जाता है कि न्यायालय में चले जाइए। उन्होंने कहा कि आयोग लंबे समय से तैयारी कर आवेदन करने वाले इन छात्रों का भविष्य क्यों बर्बाद करना चाहता है।

## पुलिस के लिए सिरदर्द है कुख्यात अमन साहू

# फर्जी सिम का उपयोग कर पांच जिलों के कोयला कारोबारियों को दे रहा है धमकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चाईबासा जेल में बंद अमन साहू अब पांच जिलों के कोयला कारोबारियों को लेवी के लिए धमकी दे रहा है। धमकी देने के बाद कोयला कारोबारी को पुलिस से संपर्क नहीं करने की भी चेतावनी दी जा रही है। इसका खुलासा अमन साहू गिरोह के गुर्गे मयंक सिंह कर रहा है। मयंक जेल में बंद अमन साहू का फोटो सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट से हुआ है। बीते 20 अगस्त को कुख्यात अपराधी अमन साहू को चाईबासा जेल शिफ्ट किया गया है। अमन साहू जेल में रहते हुए भी झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। जेल से ही अमन साहू कारोबारियों को टारगेट कर रहा है। अमन के नाम पर कारोबारियों को धमकी मिल रही है। बताया गया कि जब अमन दुमका जेल में बंद था तो उसने वहां से एक फर्जी नाम से सिम खरीदा। उसी फोन के व्हाटसप कॉल कर धमकी दी जा रही है।

### दहशत में हैं कोयला कारोबारी

जो कारोबारी धमकी को नजरअंदाज कर रहे हैं, उन पर गोलियां चल रही है। राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार आदि जिलों में काम करने वाले कोयला कारोबारी लगातार मिल रही धमकियों से दहशत में हैं। डीजीपी के आदेश के बाद एटीएस और सीआईडी संयुक्त रूप से अमन साहू गिरोह पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। अमन और उसके गैंग की गतिविधियों की समीक्षा के बाद पाया गया कि अमन साहू ने गिरिडीह के एक व्यक्ति के पते पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल किया। उस सिम कार्ड का इस्तेमाल दुमका जेल से किया जा रहा था।

## सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने रेंज के डीआइजी से कार्रवाई पर मांगी रिपोर्ट

# कोयला खनन क्षेत्र में सक्रिय रहे संगठित आपराधिक गिरोह को तलाश रही सीआइडी

**जमानत रद्द, सीसीए, जमानतदारों का सत्यापन, संदिग्ध मोबाइल नंबर जैसे बिंदुओं पर देनी है रिपोर्ट**

### आज होगी समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने पूर्व में दिये गये निर्देश के बाद संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ क्या-क्या करवाई हुई है, इसकी रिपोर्ट राज्य के सभी रेंज के डीआईजी से मांगी है। सीआईडी डीजी ने बेल कैंसिलेशन, सीसीए, जमानतदारों का सत्यापन, संदिग्ध मोबाइल नंबर चिन्हित कर कर्रवाई करना, संदिग्ध अपराधकर्मियों को चिन्हित करना जैसे बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। इसको लेकर सीआईडी डीजी आज सभी रेंज के डीआईजी के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।



**राज्य के आठ बड़े आपराधिक गिरोहों के सरगना**

| | |
|---|---|
| अखिलेश सिंह : दुमका जेल में बंद | विकास तिवारी : हजारीबाग जेल में बंद |
| अमन साहू : दुमका जेल में बंद | अमन श्रीवास्तव : रांची जेल में बंद |
| अमन सिंह : धनबाद जेल में बंद | डब्लू सिंह : फरार |
| लवकुश शर्मा : साहेबगंज जेल में बंद | प्रिंस खान : फरार |

### आपराधिक गिरोह पर पुलिस की पैनी नजर

राज्य में कई संगठित आपराधिक गिरोह हैं, जो पुलिस के लिए मुसीबत बन बैठे हैं, पर पुलिस उनपर पैनी नजर बनाये हुए है। जेल बंद आपराधिक गिरोह का सरगना काफी सक्रिय है। गिरोह के अपराधियों की कोयला खनन वाले जिलों में काफी सक्रियता है। आपराधिक गिरोह द्वारा रांची, धनबाद, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ के कई कारोबारियों को धमकाया जाता है। वहीं गिरोह लेवी, रंगदारी, जीटी के लिए लगातार कई वारदातों को भी अंजाम दे रहे हैं।

## मैसेंजर एप से हुई जान पहचान, युवक ने मां को बीमार बता लॉ कॉलेज की छात्रा से ठगे दो लाख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी की लॉ कॉलेज की छात्रा से एक युवक ने मैसेंजर से दोस्ती की। फिर, काफी दिनों तक छात्रा से चैटिंग करता रहा। चैटिंग के दौरान युवक ने छात्रा से कहा कि उसकी मां बीमार है, उसे पैसे की सख्त आवश्यकता है। इसके बाद कभी पांच हजार तो कभी 15 हजार रूपए करके लगभग दो लाख रुपये ठग लिये। रुपये ठगने के बाद युवक ने उस छात्रा से संपर्क तोड़ डाला। अब छात्रा का कहना है कि उसके साथ ठगी की गयी है।

**छात्रा ने क्या कहा :** छात्रा ने कहा कि उसके सोशल साइट्स पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। युवक के प्रोफाइल को देख छात्रा ने उसके प्रोफाइल को एक्सेप्ट कर लिया। इसके बाद मैसेंजर पर बात होने लगी। बातचीत होने के बाद युवक ने छात्रा को अपने विश्वास में लिया और उसके खाते से पैसे मंगाने लगा। छात्रा सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रातू रोड की रहनेवाली है। छात्रा ने बताया कि उक्त राशि उसके स्वर्गीय पिता की थी। छात्रा इस मामले में सुखदेवनगर थाना पुलिस को सूचित किया है।

## एसएफसी के कडरू गोदाम से चावल चोरी मामले में डीएसओ ने दिया एफआइआर करने का निर्देश

### 48 घंटे में चावल के बदले चावल नहीं देने वाले वाहन मालिक होंगे ब्लैकलिस्टेड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य खाद्य निगम के कडरू गोदाम में अनाज लाने और ले जाने का के लिए ट्रांसपोर्टर की नियुक्ति की गई है परंतु उनके द्वारा भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से चावल लाने के क्रम में ही चोरी कर ली जाती है। यह मामला पकड़ में तब आया, जब किसी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह एडीएम राशनिंग अलबर्ट बिलूंग को गुप्त सूचना दी। एडीएम राशनिंग ने पहले तो इसकी खुद से जांच की। फिर टीम बनाकर जांच करायी। जांच में चोरी की घटना सही पाये जाने पर दोनों सहायक गोदाम प्रबंधक (एजीएम) एक एवं दो को आदेश दिया है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर सभी नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायें। वहीं, 48 घंटे के अंदर चावल के बदले चावल की वसूली ट्रक मालिकों से करें। निर्धारित समय अवधि में चावल की वसूली नहीं होने की स्थिति में संबंधित वाहनों को काली सूची में डालते हुए परिचालन बंद करें। इसकी सूचना निर्धारित समय के भीतर विभाग को भी उपलब्ध करायें। बताते चलें कि इस बार ट्रक संचालकों ने मिलकर 89 क्विंटल अनाज की चोरी कर ली है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संयुक्त जांच टीम का गठन किया था और जांच प्रतिवेदन के आलोक में कार्रवाई का आदेश दिया है।

## उपायुक्त ने की जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक, कहा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें, शिकायत मिली तो कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न आवास योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रथम एवं द्वितीय किस्त के भुगतान के बीच लगने वाले समय को निर्माण कार्य में आवश्यक गति लाते हुए कम करने को कहा। किस्त प्राप्त करने के बाद आवास निर्माण न कराने वाले लाभुकों के विरुद्ध उपायुक्त ने कार्रवाई करने को कहा। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त ने योजना के तहत पूर्ण-अपूर्ण एवं पूर्ण होनेवाले आवासों की अपने-अपने क्षेत्र में समीक्षा करने को कहा। वहीं मनरेगा कार्य में शिकायत मिलने पर उपायुक्त ने कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संवेदक के साथ किसी तरह की सांठगांठ और अनियमितता की पुष्टि होने पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बेहतर प्रदर्शन न करनेवाले प्रखंड पदाधिकारियों को सभी मानकों की जांच करते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ योजना अंतर्गत शत प्रतिशत आवास आवंटन का कार्य करें।

सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत संचालित सभी प्रकार की योजनाएं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मानव दिवस सृजन पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। विभिन्न योजनाओं में कार्य पूर्णता की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्टैज्टजी बनाकर कार्य करने का निदेश भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंड में शत प्रतिशत कूप स्वीकृति लेने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कुएं की खुदाई जेसीबी से न हो इसका ध्यान रखें। उपायुक्त ने कहा कि लगातार कम वर्षा और गिरते भू-जल स्तर के लिए वाटर रिचार्ज अति आवश्यक है। योजना के तहत जिन प्रखंडों में कूप स्वीकृति कम है उन्हें उपायुक्त द्वारा संख्या बढ़ाने का निदेश दिया गया।

वीर शहीद पोटो हो खेल योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना फेज-1 एवं 2 की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कार्य पूर्णता में तेजी लाने के निर्देश दिये।

आगामी चुनाव को देखते हुए उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्य ससमय पूरा करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव से पहले जो समय है, उसमें विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित कार्य का निष्पादन नियमानुसार करायें।

उपायुक्त ने स्कूलों में पोषण वाटिका, आंगनबाड़ी केन्द्र पूर्णता, कुआं निर्माण एवं कजन कल्याणकारी अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की और सभी बीडीओ को उचित दिशा-निर्देश दिया।

बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकारण, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोल इंडिया का मेडिकल कांफ्रेंस संपन्न, 200 डॉक्टर्स हुए शामिल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तीन दिवसीय कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस का समापन सोमवार को सीसीएल दरभंगा हाउस कन्वेंशन सेंटर में हुआ। इस कॉन्फ्रेंस में देश के करीब 200 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने किया। समारोह में सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी उपस्थित थे। कॉन्फ्रेंस का विषय एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तकनीकी नवाचार था। देश के प्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ एनके पांडे एवं अन्य ने विभिन्न विषयों पर संबोधन किया। कार्यक्रम के समापन में कोल इंडिया के निदेशक विनय रंजन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

## न्यूक्लियस मॉल मामले की जांच हो रही है या नहीं : हाइकोर्ट

**रांची।** लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल का प्लान गलत ढंग से स्वीकृत किए जाने, पार्किंग स्पेस की कमी, सिनेमा हॉल एवं वीमेंस कॉलेज से 200 यार्ड से कम की दूरी रहने आदि को लेकर दाखिल पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि रांची स्थित न्यूक्लियस मॉल के मामले में वह जांच कर रही है या नहीं। कोर्ट ने मामले में ईडी को 4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले ईडी की और से शपथ पत्र दाखिल करने के लिए कोर्ट से फिर से समय की मांग की गई थी।

## झारखंड के सभी पुलिस थानों को मिलेंगे दस हजार और 40 हजार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पुलिस थानों को सामान्य कार्यों के निष्पादन के लिए हर महीने अब 10 से 40 हजार रुपये दिये जाएंगे। इससे संबंधित आदेश गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा सोमवार को जारी कर दिया गया। आदेश में कहा गया है कि राज्य में पुलिस थानों में सूचनादाताओं को कागज उपलब्ध कराना, गिरफ्तार बंदी को टिकट सहित बस या ट्रेन से भेजना, बंदियों को निर्धारित मापदंड के अनुरूप भोजन देना, घटनास्थल का फोटो लेने के लिए फोटोग्राफर को पैसे देना, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने में खर्च और सामान्य कार्यों के निष्पादन के लिए थानों को वर्गीकरण के आधार पर स्थायी अग्रिम राशि स्वीकृत की गई है।

**जिले के एसपी होंगे निकासी और व्ययन पदाधिकारी :** गृह विभाग के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि स्थायी अग्रिम राशि के निकासी और व्ययन पदाधिकारी एसपी होंगे। थाना कार्यालय द्वारा स्थायी अग्रिम राशि के खिलाफ खर्च से संबंधित जानकारी एसपी को प्रत्येक महीने उपलब्ध करानी होगी।

**10 से 40 हजार रुपये तक की राशि की गई है स्वीकृत**

| थानों का वर्गीकरण | राशि |
|---|---|
| थाना श्रेणी ए | 20 हजार |
| थाना श्रेणी बी | 15 हजार |
| थाना श्रेणी सी | 10 हजार |
| ग्रामीण नक्सल ए | 40 हजार |
| ग्रामीण नक्सल बी | 30 हजार |

साधारण ग्रामीण थाना, शहरी ओपी, ग्रामीण ओपी, महिला एवं बाल संरक्षण थाना, एसटी एससी थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना और यातायात थाना को मिलेंगे 20 हजार रुपये

## खबर एक नजर में

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** भाजपा लालपुर मंडल ने पीएन बॉस कंपाउंड में अध्यक्ष सूर्यप्रताप के नेतृत्व में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर मिट्टी, चावल और तुलसी दल इकट्ठा किया गया। इसमें भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, अजय सिंह, वरुण साहु, बसंत दास, बलराम सिंह, सूर्यप्रभात, शौर्य पूजा सिंह, उपेन्द्र रजक, केके सिन्हा, अमित सोनी, टिंकू महतो, मुन्ना जायसवाल, नरेश पोंगा, सन्नी दास, धर्मेंद्र कुमार आदि थे।

### उच्च ऑस्टियो आर्थराइटिस प्रबंधन पर कार्यशाला



रांची। रिम्स के आर्थोपेडिक विभाग में सोमवार को उच्च ऑस्टियो आर्थराइटिस के प्रबंधन के लिए टिबिअल ऑस्टियोटॉमी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन रिम्स के निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, प्रोफेसर डॉ विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने किया। आर्थोपेडिक विभाग के एचओडी डॉ गोविंद गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन से चिकित्सकों का बौद्धिक और कौशल का विकास होता है। सर्जरी के नए पद्धति को सीखने का अवसर मिलता है। वहीं विश्व प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ अजीत सहगल ने युवाओं में हाई टीबी ऑस्टियोटॉमी पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में राज्य के 100 ऑर्थोपेडिक चिकित्सक शामिल हुए।

### मनी लांड्रिंग : आरोपी ने जमानत अर्जी दाखिल की

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को सफेद करने वाले नीरज मित्तल ने जमानत अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में 15 सितंबर को सुनवाई होगी। हालांकि अर्जी पर सुनवाई के लिए 11 सितंबर की तारीख सूचीबद्ध की गई थी लेकिन अदालत नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। इसी मामले में वीरेंद्र राम के सहयोगी राम प्रकाश भाटिया ने भी जमानत अर्जी दाखिल की है। दोनों की अर्जी पर सुनवाई 15 सितंबर को होगी। ईडी ने नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

### डॉ टीके शांडिल्य बने आइइसी के नये अध्यक्ष



रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य भारतीय आर्थिक परिषद (आईईसी) के नए अध्यक्ष चुने गये हैं। भारतीय आर्थिक परिषद का अधिवेशन भुवनेश्वर में प्रस्तावित है, जिसकी अध्यक्षता प्रो तपन कुमार शांडिल्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रो शांडिल्य अपने प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन के साथ साथ अकादमिक तौर पर विद्यार्थियों के साथ नियमित रूप से कक्षाओं में भी संवाद करते हैं।

### तिरील में श्री बांके बिहारी जी की छठी मनी




**रांची।** तिरील बस्ती (कोकर) स्थित श्री बांके बिहारी राधा कृष्ण मंदिर में श्री बांके बिहारी जी का छठी मनायी गयी। इस मौके पर क्षेत्र की महिलाएं सुबह से ही बांके बिहारी जी को गंगाजल भी से स्नान कर दही मक्खन मिश्री का भोग खिलाई। इस मौके पर मंदिर को भव्य श्रृंगार किया गया, साथ ही महाआरती भी की गई। पूजा के अंत में खीर का महाप्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सुनीता देवी, गीता देवी, राजेश्वरी देवी, सोनी बहन, चिंता बहन समेत दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

### मरकजी सीरता कमिटी डोरंडा की बैठक

**रांची।** मरकजी सीरत कमिटी डोरंडा के तत्वावधान में सोमवार को डोरंडा स्थित उर्दू लाइब्रेरी में सीरत कमिटी के अध्यक्ष असरफ अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसका नेतृत्व सेक्रेट्री मौलाना मनिरुदीन ने किया। बैठक में डोरंडा के उलेमाओं के साथ तंजीम, एदारे, पंचायत, मदरसे के प्रमुख प्रतिनिधि और विभिन्न मस्जिदों के इमाम मौजूद रहे। निर्णय लिया गया कि चांद नजर आने के बाद इसी माह के अंत में ईद मीलादुन्नबी के अवसर पर डोरंडा में जुलुसे मोहम्मदी सुबह 7 बजे मदरसा गौसिया मनीटोला से निकाला जाएगा। उसके बाद जलसा का पहला दौर सीरत मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा उसके बाद दुआ सलाम होगा। बैठक में शहर काजी मौलाना तौफीक अहमद कादरी, शहर काजी मौलाना मकसूद फरीदी, मस्जिदों के इमाम मौलाना आफताब जिया, मौलाना ताबे आलम,मौलाना फजलुल कादरी,मुमताज गद्दी, मोहम्मद शमीम (चट्टान) गुलाम सरवर, मोहम्मद नूर,मोहम्मद असलम, मोहम्मद इकबाल सहित अनेक गणमान्य लोग थे।

## 14 सितंबर से बारिश के आसार, उससे पहले गर्मी और उमस का होगा एहसास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे राज्य में बारिश का सिलसिला अभी रूक गया है। बारिश रूकते ही कुछ जिलों में धूप और गर्मी का एहसास हो रहा है। राजधानी रांची सहित आस पास के इलाकों में भी मौसम ऐसा ही है जहां धूप के साथ लोगों को गर्मी और उमस का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश जिलों में गर्मी और उमस का एहसास होगा।

वहीं विभाग ने कहा कि 14 सितंबर के बाद राज्य भर में फिर से बारिश शुरू होगी जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। विभाग की मानें तो 14 सितंबर से राज्य के दक्षिण पश्चिम और मध्य भाग में इस दौरान बारिश का असर देखा जायेगा। वहीं, अन्य हिस्सों में बादल छाये रहने के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। विभाग की मानें तो 14 से 16 सितंबर तक रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम सरायकेला खरसावां जिला में बारिश होगी।

हालांकि 12 और 13 सितंबर को भी राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। लेकिन इस दौरान छिटपुट बारिश की जानकारी दी गयी है।

## सुरक्षाकर्मी, माली और सफाई कर्मियों के समर्थन में प्रदर्शन आज



**रांची।** जेबीकेएसएस के देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत सुरक्षा प्रहरी, सफाई कर्मी और माली कर्मी के हक अधिकार को लेकर जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता आज सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि दिन 11 बजे पुराना विधानसभा सभागार के समक्ष एकत्रित होकर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कार्यालय तक अधिकार यात्रा करते हुए कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

## बृहद पैमाने पर बाजार समिति की हो साफ-सफाई : सचिव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड के सेक्रेटरी अनुज कुमार प्रसाद ने सोमवार को पंडरा बाजार समिति का निरीक्षण किया। अनुज कुमार प्रसाद ने रांची बाजार समिति के सेक्रेटरी को बृहद पैमाने पर बाजार समिति कैंपस की सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजार समिति कैंपस में बृहद और निरंतर सफाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान भी होना चाहिए।

मौके पर बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने मार्केटिंग बोर्ड के सेक्रेटरी को बताया कि हाल ही में बाजार समिति के नालियों की सफाई जेसीबी से कराई गई थी। काफी दिनों से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण नाला जाम हो गया था। उन्होंने कहा कि बोर्ड के निर्देश के आलोक में समय-समय पर कैंपस की सफाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि सफाई का काम अविलंब शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर बाजार समिति के अन्य सुपरवाइजर और अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा सांसद ने निगम आयुक्त से मिलकर दिया आवश्यक निर्देश

# राजधानी रांची में डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम बढ़ाये सक्रियता : संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने सोमवार को नगर आयुक्त अमित कुमार से भेंट की। श्री सेठ ने शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर उनसे बातचीत की। इसमें प्रमुख रूप से शहर में फैल रहे डेंगू, चिकनगुनिया और शहर की स्वच्छता, साफ सफाई का मुद्दा अहम रहा। सांसद ने नगर आयुक्त को बिंदुवार रांची शहर की समस्याओं से अवगत कराया, उसके समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने घरों से लार्वा मिलने पर घरों के मालिक से जुर्माना लेने के बजाय पहले अपनी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित और दुरुस्त करने को कहा। कहा कि यदि नगर निगम अपनी व्यवस्था दुरुस्त कर ले तो ऐसी नौबत ही नहीं आयेगी। शहर में साफ सफाई और फॉगिंग कराने पर बल दिया।

नगर आयुक्त ने सांसद से कहा कि शहर की फॉगिंग और साफ सफाई का कार्य चल रहा है। इसमें और युद्ध स्तर पर तेजी लाई जा रही है। सांसद ने बड़ा तालाब के समीप अवधूत आश्रम सहित शहर के कई क्षेत्रों में कचरा डंप करने पर रोक लगाने और जमा कचरा को हटाने की अपील की। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का बेहतर रखरखाव करने को भी कहा। इसके अलावे बड़ा तालाब के किनारे पर स्थित शाहदेव घाट की ग्रिलिंग करने का निर्देश भी नगर आयुक्त को दिया। उन्होंने आयुक्त को बताया कि झिरी में गेल के द्वारा कचरा संधारण प्लांट लगाया जा रहा है।

### राज्य में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज, 30 में पुष्टि, रांची में चिकनगुनिया के 20 मामले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में डेंगू-चिकनगुनिया की दस्तक से लोग सकते में हैं। विभिन्न जिले में डेंगू और चिकनगुनिया पांव पसार रहा है। सोमवार को राज्य भर में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 294 लोगों ने अपना जांच करायी। जिसमें 30 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में डेंगू के 109 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 8 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है, जबकि दुमका में 21 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीजों ने डेंगू जांच के लिए अपना सैंपल दिया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं रांची में 95 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 11 में डेंगू की पुष्टि हुई है, जबकि सरायकेला में 20 और साहिबगंज में 12 डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं। रामगढ़ में डेंगू के 5 संदिग्ध मरीज मिले हैं। हजारीबाग में 13, दुमका में 21, देवघर में 7, धनबाद में 12, गढ़वा में 3, कोडरमा में 2, पलामू में 2 डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं।

**रांची में मिले चिकनगुनिया के 20 मरीज :** राज्य में चिकनगुनिया के 240 संदिग्ध मरीज मिले। जांच में 20 मरीज चिकनगुनिया पॉजिटिव पाए गए। रांची में 95 मरीज संदिग्ध हैं। सभी की जांच के बाद 20 मरीजों में पॉजिटिव मिले।

## रांची सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन अजय साह को सरकार ने किया बर्खास्त

**26 मई को अजय साह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी, शेल्टर होम में अनियमितता का भी मामला आया सामने**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन अजय साह को राज्य सरकार ने बर्खास्त कर दिया है। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष अजय साह पर जहां एक ओर पद पर रहते हुए राजनीतिक पार्टी ज्वाइन करने का आरोप है, वहीं दूसरी ओर राज्य में चल रहे शेल्टर होम तथा एक पूर्व आइएएस की मदद करने के मामले का भी आरोप है। गौरतलब हो कि सीडब्ल्यूसी रांची अध्यक्ष अजय साह को भाजपा की सदस्यता लेने पर विभाग ने नोटिस दिया था। नोटिस का जबाब 15 दिनों के अंदर देने का निर्देश दिया गया था।

**26 मई को अजय साह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी :** भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) रांची के अध्यक्ष अजय साह को सरकार ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से 14 जुलाई को भेजे गए नोटिस में साह से अध्यक्ष पद पर रहते हुए भाजपा की सदस्यता लेने पर जवाब मांगा गया था।

नोटिस में पूछा गया था कि भाजपा की सदस्यता लेने पर क्यों न आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। विभाग ने विभिन्न प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि बाल कल्याण समिति रांची का अध्यक्ष रहते हुए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना नियम के विरुद्ध है। 26 मई को अजय साह ने भाजपा की सदस्यता ली थी।

**साह ने कहा... सिर्फ सदस्यता ली, पार्टी में कोई पद नहीं, भाजपा ज्वाइन करना कानूनन सही :** साह ने बताया कि उन्होंने सदस्यता ली है। कोई पद नहीं लिया है। जबकि, किशोर न्याय अधिनियम के तहत बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष कोई भी राजनीतिक पद धारण नहीं कर सकता। चूंकि मैंने भाजपा में कोई पद नहीं लिया है इसलिए यह कानूनन सही है। उन्होंने बताया कि भाजपा की सदस्यता लेने के बाद रांची डीसी को सूचना भी दी थी।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर भी...

# बिजली विभाग में आउटसोर्स एजेंसियां कर रहीं घोटाला, जांच होनी चाहिए : अजय राय

## घाटे का रोना रो रहा ऊर्जा निगम, आउटसोर्स के नाम पर ठेकेदारों को करोड़ों दे दिये कमिशन में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ऊर्जा विकास निगम में आउटसोर्स में कार्यरत बिजली कर्मियों का दोहन हो रहा है। इस संबंध में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ खूंटी डिवीजन की बैठक कोडाकेल में सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने की। इस दौरान अजय राय ने बताया कि 2017 के बाद कर्मियों को आउटसोर्स में बहाल कर झारखंड ऊर्जा विकास निगम ने करोड़ों रुपये कमीशन के रूप में अभी तक ठेकेदारों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम एक ओर घाटे में चल रहा है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी ठेकेदार गठजोड़ से जानबूझकर कर आउटसोर्स के माध्यम से हर महीने करोड़ रुपये कमिशन का बंदरबाट किया जा रहा है। इस पर रोक लगनी चाहिये। इस दौरान अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी। श्री राय ने कहा कि आउटसोर्स एजेंसियों के द्वारा एरियर का बड़ा घोटाला सामने आया है, जिसमे लाखो रुपये प्रमुख रूप से दो एजेंसियों




द्वारा विधुतकर्मियों से जबरन दस्खत कराकर नहीं दिये जाने की जानकारी है। इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की जा रही है। वहीं, एजेंसी द्वारा सही तरीके से सेफ्टी किट नहीं मिल पाने के कारण शाम छह बजे के बाद सिर्फ टाउन फीडर को छोड़कर ग्रामीण फीडरो में कर्मचारियों द्वारा कार्य करने में दिक्कतें आ रही है।

अजय राय ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो आउटसोर्सिंग बन्द कर नियमित नियुक्ति करेंगे। लेकिन लगभग 4 साल बीत जाने के बावजूद इस मामले में कोई कारवाई नहीं हुई है, जबकि खुद सोरेन इस विभाग के भी मंत्री है। अजय राय ने कहा की आउटसोर्स खत्म करने के मामले को लेकर वह पूरे राज्य में हर एक डिवीजन, सबडिवीजन, सर्किल, एरिया बोर्ड स्तर पर दौरा शुरू कर दिए हैं और जल्द ही राज्य स्तर पर ऊर्जा निगम मुख्यालय का घेराव किया जायेगा। इसकी घोषणा जल्द होनी है।

### कमेटी का किया गया विस्तार

बैठक में ने अपनी कमेटी का भी विस्तार किया है। केंद्रीय कोषाध्यक्ष विजय सिंह एवं मुकेश साहू चुनाव पर्यवेक्षक रहे,जिसमें प्रीतम मांझी अध्यक्ष, सुखनंदन नाग उपाध्यक्ष, राजेश कुमार संगठन मंत्री चुने गए, बैठक में प्रमुख रूप से मनीष कुमार, अलेक्स होरो,रोशन महतो,सुनील कुमार, लिटा हासापूर्ति,कलेश्वर सिंह, अभिषेक कुमार मांझी,विक्रम मुंडा, असिस्सन हीरो,हीरालाल हेंब्रम, मंगल महली,दीपक तिर्की,जॉनसन बारला, अनुज कुमार,देवा मुंडा, बबलू सिंह, संतोष कश्यप,रवि आनंद साहू,संजय सोए,हरदुगन सोए,सनिका सवासी, सुदर्शन प्रधान, आलोक तिर्की, धनंजय नाग, रोशन पूर्ति,मारकुस भेंगरा, विश्राम बुटिया पूर्ति, सुरेंद्र कुमार, अजीत डांगा, सज्जन महतो, गिरधारी नाग, संतोष कश्यप,अनूप कुमार साहू, कर्मपाल महतो ,मुकेश सिंह, प्रदीप साहू, सतनारायण, भुवनेश्वर, धनेश्वर सिंह, रितेश कुमार, अनमोल गुड़िया, सुखराम मुंडा आदि कई लोग मौजूद थे।

# बीआइटी के लालपुर सेंटर में 60 कंप्यूटरों से सुसज्जित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** छात्रों को अत्याधुनिक लैब सुविधा उपलब्ध कराते हुए सोमवार को बीआइटी लालपुर सेंटर की निदेशक डॉ. बन्दना भट्टाचार्जी ने उच्चतर क्षमताओं से सुसज्जित 60 कम्प्यूटरों (कोर आई 7 युक्त) कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कहा की हमारे कुलपति की तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के तहत लालपुर सेंटर को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित प्रयोगशाला बनाने के प्रति इस अभियान की ही यह पहल है, जो हम लगातार इस प्रक्रिया में आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। लैब को नई तकनीकियों से पूरी तरह व्यवस्थित किया गया है, ताकि आप सबों को नई-नई तकनीकियों के साथ उच्च किस्म के सॉफ्टवेयर पर भी कार्य करने का सुनहरा मौका प्राप्त हो सके। कॉलेज के नव-नियुक्नित प्रोफेसर न सिर्फ अपना एकेडमिक कार्य करेंगे, बल्कि छात्रों को नई-नई तकनीकों की ट्रेनिंग देके सबल एवं दक्ष भी बनाएंगे। ताकि कॉलेज का कोई भी छात्र अपने को कमतर न आंके और दुनियां की आंखों में आंखें डालकर मुकाबला कर सके। छात्रों को तकनीकी रूप से पूरी तरह सशक्त बनाने के लिए लैब में सभी व्यवस्था पर पूरा ध्यान दिया गया है। कम्प्यूटर लैब में एमसीए, एमबीए, बीसीए, एवं बीबीए के छात्र-छात्राओं के लिए एसक्यूएल, जावा, सी, सी प्लस प्लस, पाईथोन एनाकोंडा, स्पाइडर, आर लेंगुएज, वाइसन, लैक्स जैसे प्रोग्रामिंग भाषा का उच्च प्रशिक्षण देने की पूरी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर डॉ. जी पी मिश्रा, डॉ. अमृता प्रियम, डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. प्रदीप मुंडा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. बी के शर्मा, डॉ. कुंतल मुखर्जी, डॉ. जया पाल, ममता पाण्डे , मानसी गुप्ता, हरेश्वर प्रसाद, सुभासिस रॉय, सिद्धिनाथ मिश्रा, शांतनु सिन्हा, सोमनाथ चटर्जी, मनोज कुमार, रवि भूषण पांडेय, अनामिका चरण, मोहन महतो, प्रभु महतो, अजित कुमार महतो आदि

## झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए 500 सीटें हुईं फुल

**रांची।** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के प्रथम चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। अबतक इसमें कुल 851 सीटों में से 500 सीटें भर चुकी हैं। इस नामांकन प्रक्रिया में बी-एड (सोशल साईंस) की सारी सीटे भर चुकी हैं। विद्यार्थियों के बीच जियोलॉजी, जियोइन्फॉर्मेटिक्स, बीएड, लाईफ साईंसेस और अंग्रेजी की डिमांड सबसे अधिक रही। इसका परिणाम है कि इन विषयों की आरक्षित श्रेणी के कुल सीटों को छोड़कर लगभग 100 फीसदी सीटें भर चुकी हैं। बची हुई सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया की दूसरे राउंड के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। इसकी पूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इच्छुक छात्र नामांकन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए समय पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए सामान्य/ओबीसी/इंडब्ल्यु वर्ग के लिए 1800 रुपये, एएसी / एसटी वर्ग के 400 रुपये तथा महिलाओं एवं दिव्यांग छात्रों के लिए 200 रुपये तय किए गए हैं। आनलाइन इसे जमा करना होगा।

## स्त्री सत्संग सभा विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारों का दर्शन कर ग्यारह दिनों बाद आज रांची पहुंचेगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्त्री सत्संग सभा के विभिन्न ऐतिहासिक गुरूद्वारों के दर्शन कर ग्यारह दिनों बाद आज रांची पहुंचेगी। महिला श्रद्धालुओं के जत्थे ने 1 सितंबर को मनजीत कौर मिढ़ा एवं हरजिंदर कौर के नेतृत्व स्त्री सत्संग अमृतसर दरबार साहिब के लिए प्रस्थान किया था। जत्थे ने अमृतसर में प्रवास कर दरबार साहिब समेत विभिन्न गुरुद्वारों के दर्शन किए। गुरु नानक सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि यह जत्था सियालदाह से सवार हुए पश्चिम बंगाल के सिख श्रद्धालुओं के साथ अमृतसर में शामिल होकर सभी तीर्थ स्थलों के दर्शन किए। स्त्री सत्संग सभा के जत्थे में मनजीत कौर मिढ़ा, हरजिंदर कौर, नीता मिढ़ा,जसवीर कौर, बंसी मल्होत्रा, गोविंद कौर मिढ़ा,दुर्गी देवी मिढ़ा,कमलेश मुंजाल, सुषमा गिरधर ,हरबंस मिढ़ा,अंजू पपनेजा,आशी खत्री, बबली मिढ़ा,आशा अरोड़ा ,राज काठपाल, ममता थरेजा, किरण मुंजाल,कांता मिढ़ा,मीना गिरधर, राज कौर मिढ़ा, बिमला खत्री, कौशल्या खत्री,गुरमीत कौर मिढ़ा,संगीता अरोड़ा, प्रेमी काठपाल, सोनिया गिरधर,ऋतु अरोड़ा और गीता मिढ़ा समेत अन्य शामिल थी।

## डॉ राजीव क्लिनिक में आइएमएस के पांच छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल ने जानकारी दी है कि आईएमएस के 5 छात्रों को डॉ. राजीव क्लिनिक में प्लेसमेंट मिला है। इसे अभि होम्यो हॉल भी कहा जाता है। अभि होम्यो हॉल भारत की सबसे बड़ी क्लिनिक श्रृंखला है। डॉ. राजीव क्लिनिक एक प्रसिद्ध स्वास्थ्य सुविधा है, जिसका दिल्ली, कोलकाता, रांची, पंता और गोपालगंज में स्थान है। यह समुदाय को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है। डॉ. राजीव, डॉ. राजीव क्लिनिक के संस्थापक और सीईओ ने अपनी टीम के इन नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों का स्वागत करते हैं, जो आईएमएस से हमारी क्लिनिक में आए हैं। हम मानते हैं कि उनकी शिक्षा और प्रशिक्षण ने उन्हें स्वास्थ्य सेक्टर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया है। राजीव क्लिनिक के संगठनकर्ता मिस्टर स्पंदन ने पूरी प्रक्रिया का समन्वय किया। रांची विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. अजित कुमार सिंह ने आईएमएस और पांच छात्रों को इस अद्भुत उपलब्धि पर अपनी हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं आईएमएस को उन्नत प्रतिष्ठानों की उत्पत्ति में जिस प्रतिष्ठा के साथ समर्पित होने के लिए बधाई देता हूं। मुझे खुशी है कि हमारे छात्र स्वास्थ्य सेक्टर में उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। यह प्लेसमेंट एम्स द्वारा प्रदान की गई शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का प्रमाण है। रांची विश्वविद्यालय के रज्सिट्रार डॉ. एमसी मेहता, डॉ. स्मृति सिंह, निदेशक-सीवीएस, और डॉ. वीएस तिवारी, निदेशक-आईएमएस ने छात्रों और क्टर को उनकी उत्तम उपलब्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है। अश्विनी कुमार, श्वेता रानी, रिचा कुमारी, शिवांगी गुप्ता और बबली कुमारी इन स्थानित छात्रों में शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### महात्मा गांधी के जीवन दर्शन का वैश्विक प्रभाव विषयक राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता को प्रविष्टियां आमंत्रित

**रांची।** नेहरु युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से महात्मा गांधी के जीवन दर्शन का वैश्विक प्रभाव विषयक राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टिया आमंत्रित की गयी है। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए रांची जिले में 18-29 आयुवर्ग के युवा, जिनकी उम्र 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष से कम एवं 29 वर्ष से अधिक नहीं हो छात्र, गैर-छात्र शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से प्रविष्टी आमंत्रित की जा रही है। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन का वैश्विक प्रभाव विषय पर राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता संसद भवन, नई दिल्ली में होगी। इसी क्रम में उक्त विषय पर रांची जिले के सभी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ कोचिंग संस्थान एवं अन्य सभी संस्थानों से सम्बंधित युवाओ को भाग लेने के लिए 14 सितम्बर की शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नेहरु युवा केंद्र रांची के ईमेल पर अपने आधार कार्ड एवं फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। जिले स्तर की स्क्रीनिंग 15 सितम्बर 2023 को की जाएगी। जिले स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा राज्य स्तरीय विजेता राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### गणेश पूजा समिति डोरंडा कमेटी का गठन




**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा वर्ष 23-24 श्री गणेश पूजा के आयोजन हेतु नई कार्यकारणी का गठन सोमवार को किया गया। संरक्षक टापू घोष ,नवरतन बाली,शंभू गुप्ता,रोहित शारदा,रंथू उरांव, अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा उपाध्यक्ष बाबू सोना,नितेश गुप्ता महामंत्री अमित गुप्ता सह मंत्री बिट्टू घोष संगठन मंत्री विक्की घोष, वापी घोष कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य अजय घोष, मनोज मालाकार, राजू दास, विकल घोष सहित अन्य सदस्यों पूजा को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।

### सीआइटी में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को विद्यार्थिओं की सुविधा के लिए सीएसई, (प्रज्ञा केंद्र) स्टूडेंट्स रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी ने फीता काटकर किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस केंद्र से विद्यार्थियों को फॉर्म भरने, आधार से सम्बंधित कार्य, छात्रवृति आदि में सहूलियत होंगी। उद्घाटन के मौके पर संस्थान के निदेशक वित्त पी के सेन,सीएसई जिला प्रबंधक चन्दन कुमार सिंह,,विनय कुमार, शाखा संचालक अमित कुमार मिश्रा, पी एस शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जेसीडी का डेलिगेशन वीसी से मिला, सौंपा मांग पत्र

**रांची।** झारखंड छात्र दल (जेसीडी) अध्यक्ष बब्लू महतो के नेतृत्व में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से मिलकर यूजी-पीजी सेम-2 की अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सभी विभाग के द्वारा मॉडल प्रश्न पत्र देने को लेकर मांग रखा। छात्र संघ का कहना है कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र विलंब चल रहा है और सेमेस्टर 2 की कक्षाएं कुल मिलाकर 3 माह तक चलीं हैं। यही कारण है कि पाठ्यक्रम पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाया है। इसलिए छात्रों छात्र दल के द्वारा यूजी-पीजी सेम-2 की परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्नपत्र प्रत्येक विभाग द्वारा छात्रों को दिए जाएं।

### एनएन पांडे बने पहाड़ी शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में सोमवार को फैसला लेते हुए रातू रोड रांची स्थित पहाड़ी शिव मंदिर का सुचारु प्रबंधन के लिए पुरानी समिति को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही नई समिति का गठन की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। यह अधिसूचना झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने जारी की है।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष अधिकार मार्च 12 को : देवेंद्र

रांची। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में देवेंद्र महतो ने मीडिया को संबोधित किया। कहा कि सरकार द्वारा राज्य में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खोला गया है। विद्यालयों में आदिवासी मूलवासी प्रहरी, सफाई कर्मी और माली के पद पर सैकड़ों कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन सभी को आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा हटाने के लिए पत्र जारी किया गया है। इसका विरोध किया जायेगा। 12 सितंबर को पुरानी विधानसभा से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद तक अधिकार मार्च निकाला जाएगा। काम करने वाले कर्मचारियों को आज तक पे स्केल भी नहीं दिया गया है।

### सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव का स्वागत

रांची। फेडरेशन झारखंड चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उपश्रमायुक्त, संयुक्त श्रमायुक्त प्रदीप लकड़ा को झारखंड भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का सचिव बनाए जाने पर चैंबर के श्रम एवं माप तोल उपसमिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन व स्वागत किया और आशा व्यक्त की, इनके कार्यकाल में विभाग का कार्य विकासशील तरीके से चलता रहेगा।

## मारवाड़ी सहायक समिति की साधारण सभा एवं नये सत्र का चुनाव एक को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति की साधारण सभा एवं समिति की निर्वाचन सत्र-2023- 25 का चुनाव 1 अक्टूबर को मारवाड़ी भवन में होगा। इस चुनाव हेतु कमल कुमार केडिया को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इनके निर्वाचन सहयोगी के रूप में राजेंद्र केडिया पवन शर्मा एवं विनोद जैन को नियुक्त किया है। समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव 1 अक्टूबर 2023 को होने वाली आमसभा में सत्र 2023 - 25 के लिए संस्था के पदाधिकारीयों मे अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष दो, उप सचिव दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा। तथा लगभग पच्चीस सौ समिति के सदस्य इस चुनाव में अपना मताधिकार का प्रयोग कर पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के निर्वाचन का कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें 16 सितंबर से नामांकन पत्र मारवाड़ी भवन में अपराह्न 2 बजे से संध्या 5 बजे तक उपलब्ध रहेगा, नामांकन पत्र दाखिल 19 सितंबर से 22 सितंबर तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच 23 सितंबर को अपराह्न 2 बजे होगा। तथा उसी दिन शाम को 6 बजे उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी कर दी जाएगी। नामांकन पत्र की वापसी 24 सितंबर से 25 सितंबर तक होगा। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 25 सितंबर को संध्या 6 बजे प्रकाशित कर दी जाएगी। मतदान (आवश्यक होने पर) 1 अक्टूबर दिन रविवार को पूर्वाहन 11 से संध्या 5 बजे तक मारवाड़ी भवन में होगा।

# प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का कांके में अगाज

### पहले दिन कबड्डी खोखो एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता हुई आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय कांके के खेल मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का उद्घाटन प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने किया। इस अवसर पर बीईईओ कांके सुरेश चौधरी, बीपीओ कांके मंजू बिलुग, बीआरपी कांके कृष्ण प्रसाद सभी सीआरपी एवं सभी फिजिकल टीचर के साथ सभी प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे। प्रखंड स्तरीय खेलो प्रतियोगिता दो दिवसीय है। सोमवार की खेल प्रतियोगिता में कबड्डी खोखो एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। यह खेल प्रतियोगिता अंडर 14, 17 एवं 19 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजित की गई है। मंगलवार को एथलीट के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता, गोला फेक, चक्का फेंक, एवं भाला फेंक इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता को सफल करने में प्रमोद महतो, प्रवीण कुमार, एजाज अंसारी, विशाल रवि,शाहरुख जैनुल अहमद,धर्मेंद्र सिंह,एवं अन्य शिक्षकों का योगदान सराहनी रहा।इस प्रतियोगिता के विजेता निम्नवत है।

**वॉलीबॉल अंडर 17 बॉयज विनर मॉडल स्कूल कांके :** वॉलीबॉल अंडर 14 विनर मॉडल स्कूल कांके, बॉलीवॉल अंडर 19 बॉयज विनर +2 हाई स्कूल कांके, कब्बड़ी अंडर 14 बॉयज विनर उत्कर्मित हाई स्कूल कुमहरिया, अंडर 17 कबड्डी बॉयज विनर +2हाई स्कूल कांके, कब्बडी अंडर 19 बॉयज विनर बीआईटी हाई स्कूल मेसरा, कब्बडी अंडर 17 गर्ल्स विनर +2 हाई स्कूल कांके, कब्बडी अंडर 19 गर्ल्स विनर उत्रक्मित हाई स्कूल पिठौरिया, अंडर 14 गर्ल्स कब्बड़ी विनर 23 मारिया मिडल स्कूल कांके, खो-खो अंडर 14 गर्ल्स विनर उत्कर्मित हाई स्कूल कुमहरिया, खो-खो अंडर 17 गर्ल्स विनर उत्क्रमित हाई स्कूल कुमहरिया, खो-खो अंडर 19 गर्ल्स विनर उत्क्रमित हाई स्कूल पिठौरिया, खो-खो अंडर 17 बॉयज विनर+2 हाई स्कूल कांके, खो खो अंडर 19 बॉयज विनर +2 हाई स्कूल कांके रहा है। आज के खेल प्रतियोगिता के सभी विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल देकर बीपीओ मंजू बिलुंग और बीआरपी कृष्णा प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया।

# खेलो-खेलो, खेलो झारखंड में खेलों की संख्या को बढ़ा कर 28 कर दिया : किरण

## खेलो झारखंड के लोगो और थीम सांग के लांचिंग समारोह में बोलीं जेइपीसी निदेशक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने खेलो झारखंड के प्रतीक चिह्न और थीम सांग खेलो-खेलो, खेलो झारखंड का लोकार्पण जेईपीसी निदेशक किरण कुमारी पासी ने सोमवार को राज्य परियोजना सभागार में किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विद्यालय स्तर एवं प्रखंड स्तर पर खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ी है। राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में कई जिलों की टीम ने पहली बार भाग लिया है। हमने खेलों की संख्या को बढ़ा कर 28 किया है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी किसी एक खेल में जरूर भाग ले। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करने एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए खेलो झारखंड एंथम तथा राज्य के जिले, प्रमंडल, विभिन्न खेलों, ओलंपिक एवं देश प्रेम से जुड़ा प्रतीक चिन्ह का निर्माण किया गया है। विभाग बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर विशेष ध्यान दे रही है, जिससे न सिर्फ बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को पदक दिलाने हेतु स्कूली स्तर पर खिलाड़ी तैयार होंगे।

**शिक्षक एम मोदस्सर ने बनाया है खेलो झारखंड का प्रतीक चिह्न :** खेलो झारखंड प्रतीक चिह्न का निर्माण शारीरिक शिक्षा शिक्षक एम मोदस्सर ने किया है। यह प्रतीक चिन्ह चार घेरों से मिल कर बना है, जिसका बाहरी घेरा 24 रिंग्स के आपस में मिल कर जुड़ने से बना है। यह राज्य के 24 जिलों का प्रतिनिधित्व कर रही है। इन रिंग्स के लिए पांच रंग ब्लू, काला, लाल, पीला एवं हरा एक ओर ओलंपिक रिंग्स का तथा दूसरी ओर राज्य के पांच प्रमंडल और उनके जिलों को दशार्ती है। दूसरे घेरे में विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार लिखा है, जो खेलो झारखंड कार्यक्रम की मदर अथॉरिटी है। इसका केसरिया रंग तिरंगे की प्रथम पट्टी से लिया गया है। तीसरे घेरे की आकृतियां विभिन्न खेलों का प्रतिनिधित्व कर रही है।

वहीं इसका सफेद एवं नीला रंग तिरंगे की दूसरी पट्टी से लिया गया है। चौथे घेरे में हिंदी एवं अंग्रेजी में खेलो झारखंड है। इसका हरा रंग झारखंड की हरियाली को दशार्ती है। यह हरा रंग तिरंगे की तीसरी पट्टी से लिया गया है। प्रतीक चिन्ह के बीचो-बीच केसरिया एवं हरे रंग की अंग्रेजी के बड़े अक्षर के, जे की दो आकृतियां एक ओर खेलो झारखंड तथा दूसरी ओर बालक एवं बालिका खिलाड़ी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

**खेलो झारखंड एंथम को रोहन देव पाठक ने सुरों से सजाया है :** खेलो झारखंड एंथम को संगीतकार रोहन देव पाठक ने सुरों से सजाया है। वहीं एम मोदस्सर ने इसके शब्दों को पिरोया है। अपनी सुरीली आवाज गायक हर्षा बच्चन एवं रोहन देव पाठक ने दी है। वहीं विजुअल निर्देशन चंद्रदेव सिंह ने किया है। एंथम के विजुअल में पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधुमंसूरी, ओलंपियन मनोहर टोपनो, ओलंपियन दीपिका कुमारी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, सुमरई टेटे, शाहबाज नदीम, दीपिका सोरेंग, अष्टम उरांव, मोनू सिंह, कुमार देवब्रत, विराट सिंह, सुशांत मिश्रा, शाहिना प्रवीण, प्रीती कुमारी, दिव्यांग अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमुना कुमार पासवान, मनीष कुमार समेत कई खिलाड़ी थीम सांग खेलो-खेलो, खेलो झारखंडह्व में दिख रहे हैं।

### प्रतियोगिता कैलेंडर भी जारी किया

लोकार्पण के पश्चात राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने खेलो झारखंड अंतर्गत आगामी प्रतियोगिता कैलेंडर प्रस्तुत किया. जिसमें उन्होंने बताया कि इस वर्ष 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में 6 खेल कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वूशु, स्केटिंग और साइक्लिंग कि मेजबान झारखंड का मिली है. जिसके खेल रांची में आयोजित किया जाना है, जिसकी तैयारी हमने शुरू कर दी है. इस मौके पर ममता लकड़ा (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी), प्रमोद सिन्हा विशेषज्ञ एम आर ई, ओपी मिश्रा, अनुपा तिर्की, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग, राज्य परियोजना के प्रभात रंजन तिवारी, विद्या कुमारी, एम मोदस्सर, समीर कुमार, चंद्रदेव सिंह, उमेश कुमार दास, जगजीत सिंह, मो जावेद अंसारी, शंकर पाल, , कलावती कुमारी, हस्सान नूरी उपस्थित थे।

# बढ़ता संकट

वर्ष 2023 में जून और जुलाई में दर्ज औसत वैश्विक तापमान ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और 20 वर्ष पहले की तुलना में अब दोगुना वन क्षेत्र ऐसी घटनाओं से प्रभावित हो रहा है। वैश्विक स्तर पर समुद्र की सतह के औसत तापमान ने मई, जून और जुलाई में दर्ज पूर्व के सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायरनमेंट के अनुसार 2022 में 365 दिनों में 314 दिन ऐसे रहे जब कहीं न कहीं मौसम में अप्रत्याशित बदलाव होने की घटनाएं हुई थीं। इन बातों से स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिम से तत्काल निपटने की आवश्यकता है और इन्हें बिल्कुल भी टाला नहीं जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिम समाप्त या कम करने के लिए पिछले 30 वर्षों से चले आ रहे प्रयास कारगर नहीं रहे हैं। वर्ष 1990 से लेकर 2019 के बीच दुनिया में पर्यावरण के लिए हानिकारक गैसों (ग्रीनहाउस गैस) का उत्सर्जन 30 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य या सीओ2ई (कार्बन डाइऑक्साइड सहित मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड सहित अन्य गैस) से बढ़कर 48 अरब टन सीओ2ई हो गया। हानिकारक गैसों के उत्सर्जन के लिए विकसित देश पूरी तरह जिम्मेदार बताए जाते हैं। इन देशों को मूल रूप से उत्सर्जन कम करने की जिम्मेदारी से मुक्त रखा गया था। जी-20 देशों के दिल्ली सम्मेलन में इस विषय पर गंभीरता दर्शाया गया है। विगत पांच दशकों से चल रहा विमर्श अब परिणाममूलक न होने के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। विकसित देश प्रदूषण के लिये अधिक जिम्मेवार है लेकिन वे अपनी जिम्मेवारी से भागते नजर आ रहें हैं। इस संकट का असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है।

# चीनी चाल

जी - 20 के सम्मेलन में चीन का रवैय्या कुछ नरम और असहयोग का रहा। पीएम मोदी की बात करें तो उनके लिए यह स्थिति व्यक्तिगत निराशा की भी है और साथ ही व्यक्तिगत जवाबदेही की भी। उन्होंने कई बार यह कोशिश की है कि चीन के साथ रिश्तों को नए सिरे से सुधारा जाए। बल्कि नौ वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद यह उनकी प्रमुख विदेश नीति संबंधी पहल थी।दोनों नेताओं ने अहमदाबाद में पुनर्विकसित साबरमती वाटरफ्रंट के समक्ष चहलकदमी की थी और झूले पर झूले थे। परंतु उनकी बातचीत के साथ ही यह खबर आई कि चीन की सेना ने हिमालय क्षेत्र में भारत के कब्जे वाले इलाके में घुसपैठ शुरू कर दी है। इसके साथ ही भारतीय सैनिकों के साथ उनका विवाद फिर शुरू हो गया।

यह कई झटकों में से एक था। चीन के कूटनयिकों ने भारतीय कूटनयिकों के उन प्रयासों को भी नाकाम किया जिनमें उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान से काम कर रहे आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगवाने का प्रयास किया। उन्होंने भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भी शामिल नहीं होने दिया। यह वह समूह है जो परमाणु सामग्री के अंतरराष्ट्रीय कारोबार का नियमन करता है।भारत के नीति निमार्ताओं को लगता है कि उन्होंने अपनी सीमा से परे जाकर चीन की विभिन्न चिंताओं का निराकरण किया है लेकिन चीन की ओर से बदले में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। सीमा और आतंकवाद को लेकर विवाद को शायद क्षणिक मसला माना जा सकता है जो समय के साथ हल हो जाने वाला हो लेकिन हकीकत में शी चिनफिंग की महत्त्वाकांक्षाओं के इस दौर में भारत-चीन रिश्तों के भविष्य की चिंताएं कहीं अधिक गहरी हैं। चीन का विस्तारवादी चिंतन सदैव भारतीय राजनीति और कूटनीति से टकराता रहता है। निश्चित तौर पर बढ़ता भारत चीन को सबसे अधिक चुभता है।

# भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के मायने





-कमलेश पाण्डेय

> बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है। यह एशिया, यूरोप व अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चीन की परियोजनाओं का एक समूह है।

**वसुधैव** कुटुम्बकम से लेकर पूंजीवाद तक के लिए मुफीद ग्लोबल विलेज की अवधारणा के दृष्टिगत तेजी से बदलती दुनियादारी के बीच जी-20 देशों के नई दिल्ली घोषणा पत्र के अलावा प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की जो घोषणा हुई है, उसके वैश्विक व क्षेत्रीय आर्थिक और सामरिक मायने अहम हैं। निकट भविष्य में इनके आकार लेते ही राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मायने भी प्रभावित होने लगें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। इससे चाहे अखंड भारत का स्वप्न हो या फिर वसुधैव कुटुम्बकम का, इस प्रस्तावित वैश्विक आर्थिक गलियारे से दोनों बखूबी सधेंगे, बशर्ते कि 2024 में मोदी सरकार पुनः सत्ता हासिल कर ले। बताया गया है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे, जो भारत से इजरायल होते हुए यूरोप तक जाएगा।

मसलन, इस कॉरिडोर के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी की भागीदारी होगी। ये वो देश हैं, जो चीन के मुकाबले भारत को अपने ज्यादा करीब मानते आए हैं-लोकतांत्रिक और आर्थिक दोनों नजरिए से। इसलिए प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जी-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली का वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। जानकारों की राय में, इस नए गलियारे के फैसले से भू-राजनीतिक रूप से न केवल एशिया और यूरोप के देश एक दूसरे के बेहद करीब आएंगे, बल्कि अशांत मध्यपूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयत्न भी करेंगे।

इस नजरिए से देखा जाए तो यह एक बेहतर, अधिक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए एक साथ काम करने के लिए संकल्प लेने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बेजोड़ नमूनों में से एक है। नया गलियारा भारत के प्रतिद्वंद्वी देश चीन के 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक भारतीय विकल्प के रूप में भी आंका जाने लगा है। इससे चीन व उसके समर्थक देशों को मिर्ची भी लगी होगी, लेकिन 'मोदी डिप्लोमेसी' के सामने न तो किसी की चलती है और न ही कुछ चलने देने के लिए कोई कमी अपनी नीति में वो छोड़ते हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुके हैं।

बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है। यह एशिया, यूरोप व अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चीन की परियोजनाओं का एक समूह है। जिसे अब भारत की बदलती सशक्त कूटनीति व रणनीति से कड़ी टक्कर मिल रही है। भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे दक्षिण एशिया, मध्यपूर्व और अफ्रीका के कई देशों ने अपनाया है। इसलिए अब बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नया प्रस्तावित आर्थिक गलियारा किस गति से लागू किया जाता है और इसके सामूहिक ध्येय की प्रतिपूर्ति में कितनी ईमानदारी बरती जाती है।

भारत से मध्यपूर्व और यूरोप को जोड़ने वाले भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि ₹इससे वैश्विक बुनियादी ढांचे, निवेश के लिए साझेदारी, आवाजाही और सतत विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इतने बड़े कदम के साथ हम भविष्य के विकास के लिए बीज बो रहे हैं। जो आपसी विश्वास मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभायेगा। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी (पीजीआईआई) के जरिए ग्लोबल साउथ देशों में बुनियादी ढांचे का अंतर भरने में हम बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में एक साथ काम करने के इच्छुक थे, किंतु मध्य-पूर्व में दोनों को मिलकर काम करने की बहुत कम सम्भावना थी। लिहाजा भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा पर दोनों देशों ने हाथ मिला लिया है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, अमेरिकी अधिकारी भी यह मानते हैं कि इस मेगा कनेक्टिविटी परियोजना से अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक गहमागहमी में कमी आएगी। इससे इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी आएगी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी को और गहरा करेगा। क्योंकि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक सम्बन्ध बढ़ाए हैं। वहीं, इस गलियारा से पश्चिम से भारत की जमीनी कनेक्टिविटी और आसान हो जाएगी, जो पाकिस्तान की जमीनी आवाजाही के अड़ंगे को बेअसर कर देगा। तेहरान (ईरान) के साथ भारत के सम्बन्ध अच्छे हैं, लेकिन पश्चिमी देशों के साथ उसका टकराव जगजाहिर है। ऐसे में ईरान से यूरेशिया तक बनने जा रहे इस आर्थिक गलियारे से भारत की व्यावसायिक गतिविधियों पर सकारात्मक असर पड़ने की संभावना है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर यूरोप की सक्रियता का प्रतीक है। क्योंकि यूरोपीय संघ ने 2021-27 में दुनिया में बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च के लिए 300 मिलियन यूरो निर्धारित किये थे, जिसका समर्थन यूरोपीय संघ को, भारत, अरब व यूरोप को प्रमुख हितधारक बना देगा। यही वजह है कि दुनिया के अन्य देशों ने भी भारत के इस सपने को साकार करने में न केवल अहम भूमिका निभाई है, बल्कि सार्वजनिक रूप से उसकी सराहना भी की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि प्रस्तावित आर्थिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे। यह भारत से इजरायल और यूरोप तक

## खास बात

### 127 वर्ष पहले स्वामी जी ने कहा था

**निखिल यादव**

**मात्र** पांच शब्द में भी कितनी ताकत हो सकती है, वो पूरी दुनिया ने 11 ,सितम्बर ,1893 को अमेरिका के शहर शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में देखा था। जब स्वामी विवेकानंद स्वागत का उत्तर देने के लिए खड़े होते हैं और ह्यअमेरिकावासी बहनों तथा भाइयोंह्व से अपना वक्तव्य शुरू करते हैं और सामने बैठे विश्वभर से आये हुए लगभग 7 हजार लोग दो मिनट से ज्यादा समय तक तालियाँ बजाते रहते हैं। अगर स्वामीजी के शब्दों में बताऊँ तो दो मिनट तक ऐसी घोर करतल-ध्वनि हुई कि कान में अंगुली देते ही बनी। यह ताली उस संन्यासी के लिए बज रही थी, जो एक गुलाम देश से आया था।

जिसको एक दिन पहले तक अमेरिका में रहने, खाने और ठण्ड के दिनों में पर्याप्त कपड़े नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा था। इतना ही नहीं स्वामीजी को रंग भेद का भी सामना करना पड़ा था। कोई उन्हें ब्लैक कहता था तो कोई नीग्रो। यह सब कुछ सहने के बाद भी स्वामीजी के मुँह से घृणा का शब्द तो छोड़िये शिकायत का भी एक शब्द नहीं निकला था और उन्होंने हृदय से कहा मेरे अमेरिकावासी बहनों तथा भाइयों! और यह 19वीं शताब्दी की एक प्रमुख घटना बन गई। इस घटना ने भारत की ध्वनि को विश्वभर में गुंजायमान कर दिया। 17 दिनों (11 से 27 सितम्बर, 1893 ) तक चलने वाले विश्व धर्म महासभा में स्वामी विवेकानंद ने छह व्याख्यान दिए थे, जिसके माध्यम से उन्होंने भारतीय संस्कृति , सभ्यता और दर्शन को विश्व भर से आये हुए लोगो के सामने रखा था। भारत जो उस समय गुलाम था, जिसको सांप और सपेरों का देश कहा जाता था, उसके पास दुनिया को देने के लिए सन्देश भी है यह, विदेशियों को पहली बार पता चला। 127 वर्ष बाद भी क्यों प्रासंगिक है स्वामीजी का भाषण?: स्वामीजी का बोला हुआ हर शब्द, मात्र शब्द नहीं था वो उनकी साधना , तपस्या और संयम का निचोड़ था। वो उस भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जिसको उन्होंने पिछले पांच वर्ष अधिकतर पैदल, घोड़ा, गाड़ी और रेल के माध्यम से जाना था।

# ज्ञान का महत्व

## धर्म-प्रवाह



**श्री रामशर्मा आचार्य**

ज्ञान ही मनुष्य को अन्य जीवधारियों से भिन्न तथा उत्कृष्ट बना देता है अन्यथा मनुष्य भी अन्य प्राणियों की भाँति एक साधारण जंतु ही है। ज्ञान के आधार पर ही वह अपनी मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं एवं योग्यताओं का विकास कर उन्नति करता है और सृष्टि में परमात्मा के बाद अपना विशिष्ट स्थान बनाता है। मानवीय प्रतिभा का विकास ज्ञान द्वारा ही होता है। उसके विवेक में आध्यात्मिक प्रकाश का कारण ज्ञान ही होता है और ज्ञान के आधार पर ही मनुष्य आत्मा-परमात्मा, सत्य-असत्य, प्रकृति और कर पाता है। पुरुष को पहचानकर उनसे संबंध स्थापित ज्ञान की महिमा अपार है। जो ज्ञानार्जन के लिए उत्सुक होता है उस पर परमात्मा की महती कृपा ही समझनी चाहिए। ज्ञान की जिज्ञासा इस बात की सूचना है कि मनुष्य का भवबंधन से त्राण पाने का संयोग आ गया है। जो संसार के दुःखों से त्राण पाया है उन्होंने एकमात्र सद्ज्ञान का ही अवलंबन लिया है। संसार के दुःखों से परित्राण पाने के लिए मनुष्य को सदैव ही ज्ञान की आवश्यकता रही है। इसलिए मनुष्य को सभी यज्ञों में श्रेष्ठ ज्ञानयज्ञ का ही यजन एवं विस्तार करते रहना चाहिए। फिर उसके लिए शिक्षा, स्वाध्याय अथवा सत्संग जिसकी भी आवश्यकता हो, उसे पूरा करने में प्रमाद अथवा आलस्य नहीं करना चाहिए।

भारत में साकार होते '#वसुधैव्कुटुम्बकम' की एक झलक।

भारत जगे तो विश्व जगेगा, मानव का विश्वास जागेगा।

भेद भावना तमस हटेगा।

समरसता अमृत बरसेगा।

**- महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## रोचक ट्वीट

विपक्ष वाले हमारी सरकार के ऊपर बेतुके आरोप लगाते हैं कि यह सरकार भ्रष्टाचारी है, इस सरकार ने माइंस लूट लिया है। विपक्ष वालों से पूछ लीजिए कि यहां माइंस किसकी चल रही है?

**-हेमंत सोरेन**





प्रतिष्ठित राजघाट पर, जी20 परिवार ने शांति, सेवा, करुणा और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जी हमारी सामूहिक दृष्टि का मार्गदर्शन करते हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**

# हिंदी सबकी भाषा, सबके लिये उपयोगी भाषा

**डॉ. नीतू कुमारी नवगीत**

**हर** 14 सितंबर को देश में राष्ट्र भाषा को समर्पित हिंदी दिवस मनाया जाता है। संविधान सभा द्वारा सन 1949 में इसी दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया था । इसी ऐतिहासिक सहमति की स्मृति को बनाए रखने के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देशभर में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था । पहली बार 14 सितंबर, 1953 को हिंदी दिवस मनाया गया और उसके बाद से लगातार सरकारी स्तर पर हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है । हिंदी को मजबूती प्रदान करने तथा अधिक से अधिक लोगों तक इस भाषा को पहुंचाने में साहित्यकारों की विशिष्ट भूमिका रही है ।

अलग-अलग कालखंड में प्रतिनिधि कवियों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से जन-जन की भाषा हिंदी की महिमा का बखान किया है । देश की 70% से भी अधिक आबादी द्वारा बोली और समझी जाने वाली हिंदी भाषा और उसकी महत्ता को बताने वाली कविताओं की संख्या शहरों में नहीं बल्कि हजारों में हैं । भारतेंदु हरिश्चंद्र जैसे सिद्धहस्त साहित्यकारों ने तो हिंदी भाषा के बारे में लिखा ही है, साहित्यिक रुझान रखने वाले स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने तरीके से हिंदी भाषा विषयक कविताएं रची हैं । आधुनिक हिंदी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर भारतेंदु हरिश्चंद्र ने निज भाषा के महत्व पर अनेक दोहे लिखे हैं जिसमें कुछ तो बहुत प्रसिद्ध हुए हैं और उन्हें सभा-संगोष्ठिओं में बार-बार उद्धृत किया जाता है । उनके द्वारा रचित पंक्तियां इस प्रकार है-

## साहित्य

निज भाषा उन्नति अहै,  
सब उन्नति को मूल  
बिन निज भाषा ज्ञान के,  
मिटत न हिय को सूल ।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी भाषा पर गर्व करने की नसीहत देते हुए कहा है-

करो अपनी भाषा पर प्यार  
जिसके बिना मूक रहते तुम  
रुकते सब व्यवहार  
भाषा बिना व्यर्थ ही जाता ईश्वरीय भी ज्ञान  
सब दानों से बहुत बड़ा है ईश्वर का यह दान,असंख्य है इसके उपकार

कवि सुनील जोगी ने हिंदी के बारे में लिखा हैः- हिंदी निराला, प्रेमचंद की लेखनी का गान है,हिंदी में बच्चन,पंत, दिनकर का मधुर संगीत है,हिंदी भाषा शीर्षक कविता में कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध कहते हैं- निज भाषा परम फलद की ममता तज कर

रह सकती है कौन जाति जीती धरती पर

देखी गई ना जाति-लता वह पुलकित किंचित,जो निज-भाषा प्रेम-सलिल से हुई न सिंचितकविवर गोपाल सिंह नेपाली ने हिंदी है भारत की बोली शीर्षक से एक लंबी कविता लिखी है जिसमें उन्होंने नैसर्गिक तरीके से हिंदी के विस्तार पर बल दिया है । कविता की कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैः-

दो वर्तमान का सत्य सरल,  
सुंदर भविष्य के सपने दो  
हिंदी है भारत की बोली  
तो अपने आप पनपने दो

वरिष्ठ कवि डॉ कमलेश द्विवेदी ने हिंदी के सम्मान में गीत- श्रद्धा से नतमस्तक मेरा लिखा है, जिसमें वह कहते हैं-

हिंदी का सम्मान करें हम,  
बोले कोई भी भाषा.  
हिंदी बने राष्ट्रभाषा यह,  
जन-गण-मन की अभिलाषा.

हिंदी भाषा को लेकर काव्यात्मक अभिव्यक्ति करने वाले रचनाकारों की संख्या हजारों ही नहीं बल्कि लाखों में है । निश्चित रूप से हिंदी ही वह भाषा है जो देश को एक सूत्र में जोड़े रख सकने की काबिलियत रखती है।

## कॉटून वर्ल्ड

तालिबानी हमले का ...



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### चीन की चालाकी

**विभिन्न** देशों, आर्थिक क्षेत्रों, कंपनियों और लोगों के बीच भी लाभ कमाने और नुकसान उठाने वालों के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। इसके उदाहरणों की कमी नहीं है। विभिन्न देशों की बात करें तो चीन सन 2008 से ही विश्व स्तर पर जमकर खरीद कर रहा है। चीन पूरे विश्व पर काबिज होना चाहता है और उसने भारत को अपना शिकार बनाया है।

**-श्री निवास, गढ़वा**

### खिलौने का खेल

**भारत** में तीन हजार करोड़ के खिलौना व्यापार में चीनी की भागीदारी लगभग 50 प्रतिशत है। वैसे भी गलवान घाटी में भारत के बीस सैनिको के शहीद होने के बाद चीनी सामान का बाहिष्कार चरम पर हैं। इधर प्रधानमंत्री ने घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने का आह्वान करके चीन को बड़ा झटका दिया है। अब भारत के युवाओं के लिये यह एक अवसर है कि वे आगे आये। **-सुमित सिन्हा, हजारीबाग**

# जी 20- सम्मलेन में मित्र देशों को भी भारत ने दिया सम्मान

**आर.के. सिन्हा**

भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने करीबी मित्र देशों जैसे बांग्लादेश, मारीशस, संयुक्त अरब अमीरत वगैरह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करके मित्र धर्म का निर्वाह किया। भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, हालांकि कभी-कभी सीमा विवाद तो होते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के बीच मधुर संबंधों के चलते दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। ये दोनो देश सार्क, बिम्सटेक, हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ और राष्ट्रकुल के सदस्य भी हैं। विशेष रूप से, बांग्लादेश और पूर्व भारतीय राज्य जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा बंगाली भाषा बोलने वाले प्रांत हैं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच बांग्लादेश मुक्ति युद्ध शुरू हुआ और भारत ने पूर्वी पाकिस्तान की ओर से दिसंबर 1971 में हस्तक्षेप किया। फलस्वरूप बांग्लादेश राज्य के रूप में पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने में भारत ने मदद की। शेख हसीना का भारत के प्रति बहुत कृतज्ञता का भी भाव है। उन्हें भारत ने 1975-1981 के दरम्यान शरण दी थी। वे तब राजधानी में अपने पति और दोनों बच्चों के साथ निर्वासित जीवन बिता रही थीं। उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन

## सामयिक

भाइयों का 15 अगस्त,1975 को कत्ल कर दिया गया था। उस भयावह हत्याकांड के दौर में शेख हसीना अपने पति एमए वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियर साइंटिस्ट थे। इतनी बड़ी त्रासदी ने शेख हसीना को बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत सरकार ने उन्हें उनके परिवार के साथ भारत में शरण दी थी। उस वक्त उनका बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। तब शेख हसीना सपरिवार भारत आ गईं। उन छह बरसों के दौरान शेख कमोबेश गैर-राजनीतिक थीं ।बावजूद इसके कि वे शेख मुजीब जैसे धाकड़ नेता की पुत्री थीं। वे जब भारत में आईं तब भारत में इमरजेंसी लग चुकी थी।

इस बीच, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भी आपसी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा की। मारीशस को लघु भारत या भारत से बाहर भारत कहा जाता है। वहां पर भारत वंशी बहुमत में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मारीशस यात्रा के दौरान महत्वाकांक्षी नीति सागर की शुरूआत की। यह पिछले कई दशकों में भारत द्वारा हिंद महासागर में किया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास था। भारत के लिये मारीशस में सामरिक दृष्टिकोण से अपार संभावनाएं निहित हैं तथा दोनों देशों की साझेदारी गन्ने के बागान, वित्तीय सेवाएं तथा तकनीकी नवाचारों से कहीं आगे जा सकती है।

मारीशस भी भारत को लेकर बहुत आदर और स्नेह का भाव रखता है। मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ का भारत से एक पारिवारिक संबंध भी है। उनकी बहन शालिनी जगन्नाथ का विवाह राजधानी दिल्ली के ही एक मल्होत्रा परिवार के डॉ. कृष्ण मल्होत्रा से हुआ है। दरअसल शालिनी जगन्नाथ और ड़ॉ. कृष्ण कुमार मल्होत्रा के बीच लंदन में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान मैत्री हो गई थी। यह 1980 के दशक के शुरूआती वर्षों की बातें हैं। उसके बाद दोनों ने विवाह करने का फैसला किया था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत पाण्डु में खुला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

**केरेडारी।** कीर्तन जन जागरण एवं एनटीपीसी सहयोग के द्वारा केरेडारी प्रखंड के पंचायत पाण्डु पंचायत में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुखिया सकीबा खातून एवं समाजसेवी 5 वार्ड कमिश्नर इनायत अंसारी एवं महिलाओं के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कीर्तन जन जागरण के प्रमुख कीर्तन कुमार ने बताया कि इस संस्था का उद्देश्य है जो भी महिलाएँ व बच्चियाँ कोई भी प्रशिक्षण के लिए बाहर जाती हैं अब उन्हें नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने गाँव अपने घर और अपने पंचायत में ही प्रशिक्षण लेंगी।

### टेलीकॉम कंपनी के उपभोक्ताओ को किया गया जागरूक

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के नरकी पंचायत के रांगामाटी में महिला जनशक्ति संगठन, बोकारो द्वारा ट्राई नियमो को बताया गया। नियमों से सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम रांगामाटी स्कूल में आयोजित की गई। विद्यालय के शिक्षक स्वयं सहायता समूह के महिलाओ ने जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप राम प्रधानाध्यापक रंगामाटी के अलावे विशिष्ठ अतिथि रविंद्र कुमार, महिला जनशक्ति संगठन के सुमन कुमारी , ट्रेनर सह सीईओ जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे।

### उच्च विद्यालय तिउज के दीवारों पर लिखा है भद्दी भद्दी बातें छात्राएं होती हैं शर्मसार

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड क्षेत्र के पुनाई पंचायत के उच्च विद्यालय तीउज विद्यालय में करीब 750 सौ छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय अवधि के बाद यहां पर कुछ असामाजिक तत्व के युवा आकर नशा पान करते हैं और साथ ही यहां के दीवारों पर भद्दी भद्दी बाते लिख देते हैं। इस विद्यालय के दीवार पर कई तरह की अभद्र भाषा लिखी हुई हैं और सबसे बड़ी बात है कि यह लिखा हुआ पिछले कई दिनों से इसी तरह लिखा हुआ है पर विद्यालय प्रबंधन की नजर ईश्वर नहीं पड़ी और ना ही इसे मिटाने का प्रयास किया गया। इस विद्यालय की छात्राएं जब इधर से गुजरती हैं तो दिवार पर लेखनी देखकर शर्मशार हो जाती हैं। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अनुपस्थिति में बाकी शिक्षकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि हां यह तो गलत लिखा हुआ है लेकिन अब तक इसे क्यो मिटाया नहीं गया है इसके बारे में प्रधानाध्यापक से बात करेंगे। दीवार पर काफी बड़े-बड़े अक्षरों से कमेंट लिखें हुए हैं।

### विधायक ने बहेराबाद यादव टोला में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बहेराबाद यादव टोला में विधायक उमाशंकर अकेला ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग आध्यात्मिक संस्था ने निकाली शोभायात्रा

**बड़कागांव।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आध्यात्मिक सूर्य सत गुरुदेव जी महाराज के आदेश अनुसार पूरा विश्व में शोभायात्रा निकाला गया है। यह स्वर स्वर्वेद यात्रा 25 देश में निकल गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड स्तरीय यात्रा निकल गया। इसी कार्यक्रम के तहत 17 एवं 18 सितंबर को बनारस में महामंदिर धाम का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाना है। उद्घाटन समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलो द्वारा की जाएगी। यहां विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र है। एक साथ 20,000 आदमी बैठकर ध्यान कर सकते हैं। इस विश्व आयुर्वेद यात्रा में हजारीबाग जिला के संयोजक पंकज मिश्रा, जिला पत्रिका प्रभारी भोला प्रसाद दांगी, केरेडारी प्रखंड उपाध्यक्ष माधुरी देवी,प्रखंड संयोजक जीवन माली, बड़कागांव प्रखंड संयोजक जगलाल साहू, महेंद्र प्रसाद सहित भारी संख्या में सत्य गुरु सदस्य शामिल थे।

### सरकारी सेवकों ने बनाया एसटी-एससी संगठन, अध्यक्ष बने विजय मशीह

**हजारीबाग।** शहर के पतरातू पैलेस में रविवार को अनुसूचित जाति, जनजाति सरकारी सेवक कर्मियों ने बैठक कर एसटी-एससी संगठन बनाया। शिक्षक विजय मशीह ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने मौके पर कहा कि कदम ऐसा रखें की निशान बने, काम ऐसा करें की सामाज में पहचान बने। वहीं राजेश्वर कुमार सहित कई वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया। मौके पर कार्यवाहक संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष विजय मशीह, सचिव रामविलास पासवान, उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार व कालीचरण राम, संयुक्त सचिव विनोद दास मनोज व कुमार दास, कोषाध्यक्ष रौशन एलन मरांडी, संगठन मंत्री संजय चंद्रा, अंकेक्षक महेंद्र राम, मीडिया प्रभारी आरिफ व यमुना राम, सोशल मीडिया प्रभारी संजय रजक एवं संरक्षक राजू राम एवं डॉ. भागवत राम को चुना गया। अध्यक्ष ने बताया कि संगठन का विस्तार किया जायेगा। प्रत्येक महीना नियमित रूप से बैठक होगी।

### झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के अध्यक्ष मोहम्मद अतीकुज्जमा ने वर्षों से सेवारत प्राथमिक शिक्षकों की त्वरित पदोन्नति के लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति को आवेदन देकर प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों के आपसी वरीयता के लिए वरीयता सूची-2 तथा वरीयता सूची-4 के प्रकाशन सुनिश्चित करवाने के लिए अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्रांक 714 (विधि) 29/8/2023 द्वारा उच्च न्यायालय रांची के द्वारा 26/7/2023 को पारित न्यायादेश के आलोक में प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता सूची ग्रेड-दो को ग्रेड-चार के लिए तथा वरीयता सूची-चार को ग्रेड-सात के लिए किया जाना अपेक्षित है। साथ ही आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन आयुक्त उतरी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा किया जाना है। उक्त आदेश के तहत वरीयता सूची विभागीय आदेश 619 दिनांक 26 /8/ 2021 के अनुसार पद उपलब्धता की तिथि से निर्मित किया जाना है। विभागीय दिशानिर्देश एवं उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में मोहम्मद अतीकुज्जमा ने शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए विभिन्न ग्रेडों के लिए वरीयता सूची प्रकाशन की माँग उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति हजारीबाग से की है।

# उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय रोजगार मेला में 11850 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

## सभी जिलों के कौशल प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षणार्थी थे शामिल



रोजगार मेला कार्यक्रम में शामिल मंत्री व उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल मुख्यालय हजारीबाग के स्थानीय विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को प्रमण्डलीय रोजगार मेला सह नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर संसदीय कार्य मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के हर चुनौतियों के बीच मजबूती से राज्य के लिए ऐतिहासिक फैसलों एवं निर्णयों से मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने राज्य को तरक्की के मार्ग पर आगे ले जाने का काम किया है। कहा कि गरीब तबके की आर्थिक सुरक्षा एवं लोगों का सहारा सर्वजन पेंशन योजना बना। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर दे रहा है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर आमजन व्यवसाय के मालिक बन रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की नीतियों, निर्णयों से जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धयों को गिनाते हुए कहा कि दो वर्षों से पीएम आवास के लिए राज्य सरकार को पैसा नहीं मिल रहा है। साथ ही अबुआ आवास से वंचितों को 3 कमरा का आवास योजना शुरू किया जा रहा है जिसके तहत 2-3 वर्षों में सात से आठ लाख लोगों को इससे अच्छादित किया जाएगा। सभा को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि 11500 युवक युवतियों को प्रमण्डलीय रोजगार मेला में सरकार रोजगार दे रही है। कहा कि कौशल प्रशिक्षण से शतप्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावे असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है।

इस अवसर पर गाण्डेय विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरका रकी संवदेशनशलीता से राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। वहीं बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय मील का पत्थर साबित रहा है। सर्वजन पेंशन से सभी वृद्धों को पेंशन देने का काम किया है हर वर्ग के लिए सरकार कार्य कर रही है। शिक्षा के बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, डिग्री और नर्सिंग, कौशल प्रशिक्षण से शिक्षा-रोजगार के द्वार खुले हैं। साथ ही नई नियुक्तियों से युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। मौके पर उन्होंने विस्थापन की समस्या, 75 प्रतिशत आरक्षण को कड़ाई से लागू करने सहित बड़कागांव चौक में जाम संबंधी समस्या उठाते हुए इसके समाधान की मांग की। मौके पर बरही विधायक उमा शंकर अकेला ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही रोजगार में स्थानीयता के लिए कड़ाई से पालन करने, हामगार्ड की परीक्षाफल को पुनः प्रकाशित करने तथा आत्मनिर्भरता के लिए रोजगार के और नये अवसर पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में प्रमण्डलीय क्षेत्र के 11850 युवक-युवितियों को माननीय अतिथियों के द्वारा नियक्ति पत्र दिया गया। इससे पूर्व माननीय अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर स्वागत भाषण सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश कुमार ने दिया। मंच संचालन राजश्री प्रसाद ने किया। साथ ही कला संस्कृति विभाग के विभिन्न कलदलों द्वारा स्थानीय एवं झारखण्डी लोक नृत्य-गीत की रंगारंग प्रस्तुती दी गई। इस इवसर पर माननीय अतिथियों के अलावा विभिन्न विभागों के गणमान्य व्यक्ति, प्रमण्डल व जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवक-युवती मौजूद थे।

# जमीन मापी के लिए गये सरकारी अमीन व स्थानीय पुलिस को बैरंग पड़ा लौटना

## विरोधी पक्ष ने अमीन व पुलिस से किया नोक झोंक



पुलिस के साथ विवाद करते ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** एसडीएम हजारीबाग के आदेश पर गए सरकारी अमीन व कटकमसांडी पुलिस को विरोधियों द्वारा जमीन मापी में खलल पहुंचाने की कोशिश की गई। इस दौरान आक्रोशित विरोधी पक्ष के महिला पुरूषो ने पुलिस प्रशासन से नोक झोंक कर जमीन मापी नही होने दी और अमीन को भी खदेड़ दिया। मौके पर अमीन प्रेम कुमार ने मामले की जानकारी अंचल अधिकारी को दी। मामला ढौठवा पंचायत के कोनहर गांव का है। मालुम हो कि मौजा कोनहर गांव के थाना नं. 06, हलका नं. 01, खाता नं. 04, प्लॉट नं. 37, 50, 107, 167, 264, 417, 443, 479, व 487 व रकबा तीन एकड़ तीस डिसमिल का खतियान सामिलात मालिक के नाम से था। हुकुमनामा के आधार पर प्राप्त जमीन की आनलाइन रसीद बद्री राणा के नाम से आजतक निर्गत है। प्रथम पक्ष जीवलाल सिंह भोक्ता, बलदेव सिंह भोक्ता, भुवनेश्वर सिंह भोक्ता, चिंतामन सिंह भोक्ता आदि ने उक्त खाते व प्लॉट के जमीन पर न्यायालय में टाइटल सूट किया गया, जिसमें द्वितीय पक्ष बद्री राणा की डिग्री हो गई। पुनः प्रथम पक्ष द्वारा हाई कोर्ट में केस दायर किया। मगर वहां भी द्वितीय पक्ष की जीत हुई। अंत में प्रथम पक्ष द्वारा डिस्ट्रिक्ट जज के पास अपील की गई। मगर यहां भी द्वितीय पक्ष की डिग्री हुई। इसके बाद एसडीओ हजारीबाग ने पुलिस प्रशासन के साथ कटकमसांडी सीओ को जमीन मापी का आदेश दिया। बताया जाता है की मापी के दौरान प्रथम पक्ष के जीवलाल सिंह भोक्ता के उकसावे पर गांव के ही आशीष सिंह भोक्ता, दयाल सिंह भोक्ता, दिनेश भुईयां, सुनिल भुईयां, कल्लू भुईयां, नागो भुईयां, अशोक भुईयां, टीको भुईयां, श्यामदेव भुईयां, मुखरी देवी आदि दर्जनों महिला पुरूषों ने मापी स्थल पर लाठी डंडा लेकर हंगामा करते हुए अमीन व स्थानीय पुलिस से उलझ पड़े। मामले को भांप कर पुलिस भी अपना कदम पीछे कर वापस चलते बने। इस संदर्भ में द्वितीय पक्ष द्वारा बताया गया कि जमीन हमारी पूर्वजों के है। बावजूद इसके, पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में मापी नही होना अफसोस की बात है। इधर जमीन मापी कराने में खलल डालने वालों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

### वन महोत्सव सह पर्यावरण मेला का हुआ आयोजन

**इचाक।** प्रखंड के अलौंजा कला के धरथूरवा जंगल में वन एवं पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन इचाक प्रखंड के प्रमुख पार्वती देवी, जीप सदस्य रेणु देवी, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का युवा नेता गौतम कुमार, ब्रहामण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ,उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, पंचायत के लोकप्रिय मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता, पंचायत समिति महेंद्र पंडित इत्यादि की मौजूदगी में हुआ।कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी डा0 सुनील दास ने किया।बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की जंगल की कटाई को लोग हल्के में ले रहे। आज ससमय वर्षा नही होने का मुख्यकारण जंगलों की कटाई है।इंसान को जीने के लिए जितना आवश्यक भोजन है उतना ही जरूरी वनों की रक्षा करना है।इसलिए प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक वर्ष जंगल की रक्षा करते हुए पेड़ लगाने की पहल जरूर करना चाहिए।वही प्रमुख पार्वती देवी ने कही की हमलोग को वन बचाने पर गंभीर होना चाहिए। जबकि उपप्रमुख सतेंद्र मेहता ने कहा की खुशी की बात है की घरथूरवा जंगल में पर्यावरण बचाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 1375 पेटी गॉडफादर कंपनी का अवैध बियर ले जा रहे ट्रक को जब्त

## प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा गठित टीम को दिनांक 10.09.2023 को रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि बोकारो रामगढ़ की तरफ से एक 12 चक्का वाहन पर अवैध शराब लोड कर हजारीबाग की ओर ले जाया जा रहा है। यह जनाकारी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने दी। बताया कि मिली गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई ओपी में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ कुज्जू ओपी क्षेत्र में सूचना संकलन करते हुए आरा- कांटा चेक पोस्ट के पास पहुंचा। तो देखा कि एक 12 चक्का ट्रक वाहन माण्डू की तरफ जा रही जिसे रुकने का इशारा किया तो वाहन चालक पुलिस गाड़ी को देखकर वाहन को भगाने लगा। जिसे पिछा कर नया मोड़ पुल के पास वाहन को चालक के सहित पकड़ा गया।

बताया कि वाहन चालक पुलिस को देखकर भागने लगा तथा वाहन को लोड वस्तु के बारे में पूछने पर बताया कि वाहन पर राशन का सामान लोड है। तत्पश्चात ट्रक के डाला की जांच किया तो पाया कि वाहन पर गॉडफादर बियर का पेटी लोड है। चालक से कड़ाई से पुछने पर बताया कि बियर की पेटी को वाहन पर दूसरे चालक द्वारा बोकारो जिला में लोड कराया गया है। दूसरे चालक के कहने पर बोकारो से वाहन को जंगल के रास्ते से छुपते छुपाते माण्डू ले जाया जा रहा था। जिसे माण्डू के जंगल क्षेत्र में जाकर खड़ा कर देना था जिसके बाद दुसरा वाहन चालक आकर उसे आगे की तरफ ले जाता । पकड़ाये वाहन चालक से आवश्यक पूछताछ करने एवं पकड़ाये ट्रक वाहन नं० जेएच10एई-4271 तथा उसपर लदा बियर शराब का आवश्यक जांच हेतू कुजू ओपी लाया गया। जांच के क्रम में वाहन चालक द्वारा वाहन एवं उसपर लदा बियर शराब से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही वाहन के अंदर वाहन एवं वाहन पर लदा बियर शराब के संबंधित कोई वैध कागजात पाया गया। तत्पत्वात पकड़ायें ट्रक वाहन नं० जेएच10 एई-4271 पर लदा बियर का जांच किये तो पाया कि वाहन के डाला पर गॉडफादर कंपनी का करीब 1375 पेटी बियर शराब लोड है। प्रत्येक पेटी में 650 एम एल का 12 (बारह) पीस गॉडफादर कंपनी का बियर बोतल है। प्रत्यक पेटी में कुल करीब 16500 पीस गॉडफादर कंपनी का बियर का बोतल है। काफी देर तक उक्त वाहन एवं उसपर लदा बीयर बोलत का कोई वैध दावेदार उपस्थित नहीं हुआ तत्पश्चात वाहन एवं उसपर लदा बियर का पेटी को जब्त किया गया।



जानकारी देते




जब्त ट्रक

**गिरफ्तारी अपराधकर्मी का नाम**

1. फानी राम -50 वर्ष पिता महंगा राम ग्राम-कंचकिरो टोला, बुटबरिया थाना-पेक नारायणपुर जिला- बोकारो

बरामद सामान

1. बारह चक्का ट्रक वाहन नं० जेएच 10 एई -4271
2. गॉडफादर कंपनी का करीब 1375 पेटी बियर शराब प्रत्येक पेटी में 650 एम एल का 12 (बारह) पीस गॉडफादर कंपनी का बियर बोतल कुल करीब 16500 पीस गॉडफादर दियर का बोतल

**छापामारी दल में शामिल :** छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक, पुनि सुरेश लिंडा पुलिस निरीक्षक माण्डू अंचल , पुअनि विनय कुमार ओ0पी0 प्रभारी कुज्जू , सअनि सुजीत सिंह ,आरक्षी 525 नागेश्वर विश्वकर्मा ,गृहरक्षक 067 योगेन्द्र प्रसाद महतो शामिल थे।

## एक नजर में

### दारु प्रखंड में हुआ नमो फुटबॉल टूनार्मेंट-2023 का शानदार आगाज



उद्घाटन में शामिल विधायक व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारु।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित हजारीबाग के सबसे बड़े और लोकप्रिय फुटबॉल टूनामेंट नमो फुटबॉल टूनामेंट- 2023 के द्वितीय चरण का शानदार आगाज रविवार को दारू प्रखंड के जतराटांड़ मैदान हरली में हुआ। इस टूनामेंट में वर्तमान वर्ष दारु प्रखंड क्षेत्र की कुल 50 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खिलाड़ियों संग मैदान में फुटबॉल खेलकर कराया। टूनामेंट के उद्घाटन के लिए यहां पहुंचे विधायक मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा कार्यकताओं, क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों ने ढोल- ताशे के गड़गड़ाहट के साथ जमकर आतिशबाजी और पुष्प-वर्षा करते हुए फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया। टूनामेंट के उद्घाटन से पूर्व स्थानीय दर्जनों फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों द्वारा रंग-बिरंगे नमो जर्सी के साथ हाथ में देश की आन- बान और शान तिरंगा झंडा और मशाल लेकर मैदान में मार्च पास्ट किया गया। यह नयनाभिराम दृश्य देख उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। सभी खिलाड़ियों, अतिथियों और दर्शकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान भी गाया।

### खिलाड़ियों को साधन का है अभाव, मिलेगा हरसंभव मदद : अरुण साहू



खिलाड़ियों को जर्सी वितरण करते टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** झारखंड में प्रतिभा की कमी नही है,जरूरत है उसमें सही मार्गदर्शन की।इस बात को लेकर खिलाड़ियों के विकास के लिए तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू लगातार उनसे मिलकर उनका सर्वांगीण विकास को लेकर प्रयास कर रहे है। इस दौरान खिलाड़ियों को यथासंभव अपने तरफ से फुटबॉल, जर्सी उपलब्ध करवा रहे है। इस दौरान टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने अपने आवास पर खिलाड़ियों को बुलाकर जर्सी व फुटबॉल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के विकास को लेकर वह लगातार प्रयासरत हैं। परन्तु जनप्रतिनिधियों में कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है। बरही में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए किसी ठोस नीति का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे। मौके पर बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, पदमा प्रखंड के सक्रिय युवा कार्यकर्ता करण ओझा, रौशन मेहता, राकेश मेहता सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### खेलो झारखण्ड के तहत प्रखण्ड मैदान में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** खेलो झारखण्ड के तहत प्रखण्ड मैदान बरही में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड के 10 विद्यालय ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईईओ रामसेवक दांगी, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसमें अंडर 19 में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरसोत विजेता बनी। इसके अलावा अंडर 17 बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर, बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय केवाल, अंडर 14 बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर व बालक वर्ग में बरहीडीह विजेता बना। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक दांगी ने बताया कि विजेता टीम अब जिले की प्रतियोगिता में भाग लेगी। मौके पर बीईईओ रामसेवक दांगी के अलावा बीपीएम अरुण शर्मा, अकाउंटेंट संजय राणा, डॉ सुनील यादव, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, रविकांत ओम, अयोध्या प्रजापति, मथुरा प्रसाद, अरुण प्रसाद, संजय दुबे, मनोज घोष, दीपक यादव, रंजीत सिंह, महिला रश्मि द्विवेदी, निर्मला कुमारी, सुनीता कुमारी, कस्तूरबा से सुषमा कुमारी, पंकज कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं मेडल प्राप्त करते

### ग्रामीणों के उभरता हुआ खिलाड़ियों को फलक तक पहुंचाना, ही मेरा लक्ष्य है : सदर विधायक



जश्न मानते खिलाड़ी

**कटकमसांडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकमसांडी के टोला करियासन में केकेएफसी क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल टूनामेंट के समापन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि रविवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल पहुंचे। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों सहित खेल आयोजकों और दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। कटकमसांडी के करीवासन पहुंचने पर ढोल बाजे के साथ विधायक श्री जायसवाल का गर्मजोशी के साथ बुके देकर व माल्यार्पण कर पंचायतवासियों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में फुटबॉल के प्रति जुनून देख मन गदगद हो जाता है, जिन लोगों में खेल की भावना समाहित हो, वह कभी भी समाज विरोधी नही हो सकता।

# सनातन संस्कृति की ज्योति जलाता चौंग गांव का कुशवाहा पुस्तकालय

**मुरलीधर**

**राजधानी** रांची से सत्तर किलोमीटर दूर प्रकृति की गोद में बसा सोनाहातू प्रखंड का चोग गांव में डॉ. हाराधन कोईरी की दूरदृष्टि और दृढ़संकल्प का परिणाम है -- कुशवाहा पुस्तकालय। जिसका उद्देश्य -- पाँच-परगना क्षेत्र के लोगों की साहित्यिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक अभिरुचि को सुदृढ़ करना है।

पाँच-परगना के साहित्यानुरागी व लोकभाषा के हितैषी यथा- पंचपरगनिया, कुड़माली के लेखकों को संबंधित साहित्य की उपलब्धता कराना है।पुस्तकालय के संस्थापक डॉ. हाराधन जो स्वयं साहित्यकार हैं और अध्यापन कार्य से जुड़ें हैं ।पाँच-परगना क्षेत्र में साहित्यिक व आध्यात्मिक रुचि को समृद्ध करने के लिए वे निःशुल्क किताबें बाँटा करते हैं। डॉ. हाराधन बताते हैं कि पाँच-परगना के जनमानस को सहजता पूर्वक सनातन जीवन मूल्य के साहित्य को उपलब्ध कराने के लिए ही पुस्तकालय स्थापित किये हैं।

कुशवाहा पुस्तकालय का एक उपक्रम 'तुलसी अध्ययन केंद्र ' है।जिसमें महाकवि तुलसीदास केन्द्रित सभी मौलिक, सम्पादित और आलोचनात्मक पुस्तकें संग्रहित हैं।तुलसी कृत 'रामचरितमानस ' पर आधारित 'मानस पीयूष ' सात खंडों में और आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा सम्पादित और काशी नागरी प्रचारिणी सभा,वाराणसी से प्रकाशित 'तुलसीदास ग्रंथावली ' जैसी दुर्लभ ग्रंथ उपलब्ध हैं।कुल मिलाकर तुलसीदास पर छोटी-बड़ी दो सौ से अधिक पुस्तकें हैं। 'तुलसी अध्ययन केंद्र 'के बारे में पूछने पर डॉ. हाराधन कहते हैं -- ' परहित बस जिन्ह के मन माहीं / तिन्ह कहुँ जग दुर्लभ कछु नाहीं ।' को हृदय पथ पर रखते हुए ये अध्ययन केंद्र खोला गया है।जहाँ प्रत्येक रविवार को मानसानुरागी साथियों के साथ मिलकर 'रामचरितमानस 'का पाठ किया जाता है।साथ-ही तुलसीदास के अन्य रचनाओं पर सार्थक चर्चाएँ की जाती हैं। डॉ. हाराधन बताते हैं कि 'तुलसीदास अध्ययन केंद्र 'का मुख्य ध्येय -- तुलसी साहित्य को जन-जन तक पहुँचाना है।

पुस्तकालय में 'गीता' पर आधारित स्वामी रामसुखदासजी कृत ' गीता साधक संजीवनी ' से लेकर वर्तमान के गीत चतुवेर्दी की ' मैं गीता हूँ ' तक की सुदीर्घ



तुलसी जंयती के अवसर पर हनुमान चालीसा, गीता और रामचरित मानस सहित खबर मन्त्र की तुलसी जयंती विशेषांक का वितरण किया गया।



पुस्तकालय में तुलसी रचित रामचरितमानस का संगीतमय पाठ का आयोजन नियमित किया जाता है।

परम्परा उपलब्ध है।वहीं 'कल्याण ' पत्रिका का 1927ई.से अब- तक के सभी पुनर्मुद्रित विशेषांक उपलब्ध हैं। दूसरी ओर लोकभाषा पंचपरगनिया के अमर कवि महात्मा विनन्दिया और गौरांगिया के गीतों का संग्रह 'आदि झूमर संगीत 'भी उपलब्ध हैं।पुस्तकालय में गाँधी वाड़्मय का भी सुन्दर संचयन है। उनमें 'सत्य के प्रयोग ' , 'हिन्द स्वराज', ' गाँधी दर्शन ',' गाँधी अभिनंदन ग्रंथ'और ' गाँधी का हिन्दी संघर्ष ' आदि महत्वपूर्ण किताबें हैं। संस्कृत साहित्य के अन्तर्गत आचार्य बलदेव उपाध्याय कृत 'संस्कृत साहित्य का इतिहास', वाचस्पति गौरेला कृत 'संस्कृत साहित्य का इतिहास' से लेकर 'संस्कृत साहित्य सौरभ' ,' संस्कृत साहित्य कोश' ,'संस्कृत शास्त्रों का इतिहास', 'रचनाकौमुदी 'आदि का उत्तम संग्रह है।शब्दकोश के अन्तर्गत शिवराम आप्टे का 'संस्कृत हिन्दी कोश' ,'उर्दू- हिन्दी- अंग्रेजी त्रिभाषी कोश' ,'ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हिन्दी डिक्शनरी' , 'वर्धा हिन्दी हिन्दी शब्द कोश' और हिन्दी साहित्य कोश आदि प्रमुख है।

कुशवाहा पुस्तकालय, चोगा में उपलब्ध सबसे महत्वपूर्ण पुस्तकों में वेद ,पुराण, उपनिषद्।

पुस्तकालय का एक बड़ा हिस्सा हिन्दी साहित्य पर केन्द्रित है जिसमें आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल और आधुनिक काल के प्रमुख रचनाकारों का सुन्दर और अनुपम संग्रह मौजूद है। पूर्व में प्रकाशित 'नया ज्ञानोदय ' का प्रेम महाविशेषांक के सभी अंक उपलब्ध हैं।

वहीं वर्तमान में चल रहे अस्मितामूलक विमर्श पर आधारित पुस्तकों में किसान ,आदिवासी, दलित ,पर्यावरण आदि विमर्शों पर भी बेहतरीन संकलन मौजूद हैं।इतना ही नहीं पुस्तकालय में पाठकों के लिए प्रतिमाह-- 'कल्याण' , 'अखंड ज्योति ', 'युगवाणी' , 'प्रज्ञा','आजकल', 'वागर्थ', 'साहित्य अमृत' जैसी महत्वपूर्ण पत्रिकाएँ आती हैं।व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित 'जीत आपकी' ,' सम्मान से जीयें ','वाक कला' जैसी पुस्तकों की भी श्रृंखला मौजूद हैं। डॉ.हाराधन ने बिना किसी संस्था व व्यक्ति के सहयोग से स्वयं निर्माण किया है।वे कहते हैं कि इस पुस्तकालय के निर्माण में मेरे पिताजी श्री कार्तिक कोईरी की अहम भूमिका रही है।वे बताते हैं कि पुस्तकालय मंदिर के समान होता है,जहाँ बैठकर हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए साधना कर सकते हैं ।

यह एक सार्थक प्रयास है ज्ञान यज्ञ है जिसके सहारे समाज सभी विकृतियों से लड़ सकता है।

भगवान श्रीकृष्णने गीता में अर्जुन को संबोधित करते हुए कहा है-' **न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते** 'अर्थात संसार की सबसे पवित्र वस्तु ज्ञान है और पुस्तकालय उसी ज्ञान का आधार और समाज का बल है।







# एनटीएफपी और वन का विपणन

## झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**डॉ. ज्योति पांडे**

झारखंड में वन एचएच की नकद आय में एनटीएफपी का योगदान महत्वपूर्ण है। हालाँकि, बड़ी मात्रा में वन उपज का संग्रहण और व्यापार किये जाने के बावजूदराज्य, उनकी क्षमता अप्रयुक्त बनी हुई है। झारखंड असंसाधित का उत्पादक बना हुआ हैइमली, चिरौंजी, आम, कटहल जैसे एनटीएफपी कुछ नाम हैं। प्रसंस्करण का अभावइकाइयों ने राज्य को द्वितीयक रोजगार से वंचित कर दिया है, जिससे सृजन किया जा सकता हैवन आधारित कच्चा माल. इन उद्योगों में भोजन का एक विस्तृत समूह शामिल हो सकता है।

प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स, रंग, गोंद और रेजिन प्रसंस्करण इकाइयाँ तैयार उत्पादन करती हैंकई उद्योगों के लिए उत्पादों के साथ-साथ इनपुट भी। संभावित आय और के बीच का अंतरलाभकारी रोजगार देने के लिए रोजगार सृजन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत हैजनजातीय अर्थव्यवस्थाः एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पनाग्रामीण युवाओं के लिए जो वर्तमान में गरीबी में रहने और पलायन करने को मजबूर हैंदेश के औद्योगिकीकृत राज्य। एनटीएफपी बाजार नुकसानदेह काम करता हैवन अर्थव्यवस्था. बाजार की संरचना ही बहुत जटिल और विषम है।प्रारंभिक अवस्था में बाजार असंगठित, अनियमित, अपूर्ण एवं गुप्त होता है। यहवित्तीय और भौतिक बुनियादी ढांचे की कमी है, बाजार की जानकारी की कमी है। प्राथमिक आपूर्तिकर्ता को यह नहीं पता होता है कि उसकी उपज का उपयोग कैसे किया जाएगा और उसकी प्रकृति क्या होगीइसकी मांग है. एनटीएफपी के मूल्य प्रसार अध्ययन से एनटीएफपी संग्राहकों की कम हिस्सेदारी का पता चलता हैअधिकांश लेन-देन के लिए। सिस्टम को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए इसमें सुधार किया जा सकता है और मानव और भौतिक में छोटे निवेश करके एनटीएफपी का न्यायसंगत विपणनएनटीएफपी संग्राहकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचा वन उपज के प्रसंस्करण और विपणन में अपनाने का समय आ गया है।

इस क्षेत्र में अधिक गहराई से जुड़ने के लिए ग्रामीण युवाओं को प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण देना।

**विभाग प्रमुख,**
**अर्थशास्त्र विभाग, निर्मला कॉलेज,रांची, झारखंड**

# जी- 20 के आयोजन में पिसते उन लोगों की पीड़ा जिनका आशियाना न रहा

**पुष्परंजन**

जुलाई 2023 का अंतिम सप्ताह था जब आवास और शहरी मामलों के कनिष्ठ मंत्री कौशल किशोर ने संसद को बताया कि 1 अप्रैल से 27 जुलाई के बीच दिल्ली में अतिक्रमण हटाने के 49 अभियान चलाये गये, जिसमें 230 एकड़ सरकारी जमीन को वापस लिया गया है। मंत्री कौशल किशोर का कहना था कि जी-20 के लिए एक भी मकान नहीं तोड़ा गया है। लेकिन इन इलाकों में जाइये तो कहानी कुछ और है। दिल्ली के भैंरो मार्ग स्थित जनता कैंप में जिनके मकान टूटे उन्हें लगा था कि जी-20 जलसे से गरीबों के हक में कुछ होगा। वहीं के एक निवासी ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि जो कुछ हो रहा है वह तो बिल्कुल उलटा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसी कालोनियों में जो लोग घर नहीं बना सकते, तो उन्हें बसने क्यों दिया जाता है? दरअसल, यह एक पूरा नेक्सस है, जिसमें नेता-नौकरशाह, मुहल्लों के छुटभैये दलाल समेत सबकी शिरकत दरपेश होती है। साल 2021 में तत्कालीन आवास और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में कहा था कि 1 करोड़ 35 हजार लोग दिल्ली की अनियमित कॉलोनियों में रहते हैं। हरदीप पुरी अब शहरी विकास महकमे को नहीं देखते, मगर उन जैसे नेताओं के पास इसका जवाब नहीं है कि पिछले दस वर्षों में ऐसे लोगों को बसाने और कुछ समय बाद उजाड़ने की जिम्मेदारी किसकी बनती है?

फरवरी 2023 के दूसरे सप्ताह खबर आई कि जी-20 शिखर सम्मेलन और संबंधित कार्यक्रमों की तैयारियों पर दिल्ली सरकार की विभिन्न एजेंसियां 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेंगी। दिल्ली सरकार की ओर से कहा गया कि अधोसंरचना को उन्नत करने के अलावा नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के विभिन्न विभागों द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य और ऐसी अन्य तैयारियों पर 1,084 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि शिखर सम्मेलन के लिए सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत, बागवानी, एलईडी लाइटों से दिल्ली को जगमग कर देना सुनिश्चित कर दिया गया है। आगंतुकों और विदेशी प्रतिनिधियों के लिए इलेक्ट्रिक बसों की योजना बनाई गई है।

सबसे दिलचस्प है जी-20 की तैयारियों को लेकर बयानवीर नेताओं में भिड़ंत। दिल्ली प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष बीरेंद्र सचदेवा ने बयान दिया कि केंद्र सरकार ने अबतक जी-20 पर 4,064 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि केजरीवाल सरकार ने केवल 51 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सचदेवा ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस सुरक्षा पर 340 करोड़ रुपये और डीडीए सौंदर्यीकरण पर 18 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 60 करोड़ रुपये का खर्च किया है।

लेकिन क्या सचमुच दिल्ली में चांद-सितारे लग गये? आप जी-20 शिखर बैठक के आयोजन के समय दिल्ली की चारों दिशाओं की परिक्रमा कर लीजिए, जमीनी सच से रूबरू हो जाएंगे। 4,064 करोड़ रुपये खर्च कहां किये गये हैं, इस सवाल का उत्तर शायद कभी सीएजी ढूंढ निकाले। दिल्ली में ओखला, भलस्वा और गाजीपुर कूड़े के पहाड़ जी-20 को चिढ़ाते हुए मिलेंगे।

दिल्ली सरकार के अनुसार, ओखला लैंडफिल को दिसंबर 2023 तक, भलस्वा लैंडफिल को मार्च 2024 और गाजीपुर लैंडफिल को दिसंबर 2024 तक खत्म करने की योजना है। इससे पहले ओखला और भलस्वा लैंडफिल से मुक्ति की समय-सीमा दिसंबर 2023 थी और गाजीपुर लैंडफिल की समय सीमा मार्च 2024 थी। अब बता रहे हैं कि कूड़े के पहाड़ों को जैव विविधता पार्क में परिवर्तित कर देंगे। अजब-गजब है। आप प्रगति मैदान से पांच-सात किलोमीटर के इलाके को घूम लीजिए, जगह-जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं। मालूम नहीं, दिल्ली जलबोर्ड ने ऐन जी-20 शिखर सम्मेलन के समय पाइप लाइन बिछाना क्यों तय किया? दिल्ली में जगह-जगह खुदी सड़कें, धूल-मिट्टी आयोजन के मौके पर अखर रही हैं!

# आयुर्वेद में भी है डेंगू का सही उपचार

आयुर्वेद में डेंगू के उपचार के लिए विभिन्न औषधियां दी जाती हैं जो ज्वर, डिहाइड्रेशन, प्लेटलेट कमी, रक्तस्राव और कमजोरी दूर करने में कारगर मानी जाती हैं।

डेंगू वेक्टर-जनित रोग है जो संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फ्लेविवाइरस के फैलने से होता है जिसे फैलाता है मादा एडीज एजिप्टी मच्छर। यह बरसात के मौसम में रुके हुए पानी में तेजी से पनपने वाला धारीदार मच्छर होता है। जब एडीज मच्छर डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को काटता है, तो उससे वो खुद संक्रमित होने के बाद किसी दूसरे व्यक्ति को काटता है और डेंगू के वायरस उसके शरीर में पहुंचा देता है। इस वायरस से 3-4 दिन बाद शरीर की रक्त संचार प्रणाली प्रभावित होने लगती है। ब्लड प्लेटलेट काउंट कम होने लगते हैं, इम्यूनिटी कम होकर कमजोरी और बदन दर्द होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल करीब 100 मिलियन व्यक्ति इसका शिकार होते हैं। मेडिकल साइंस में डेंगू को बोन, ब्रेकबोन, हेमरेजिक या रैश फीवर नाम से भी जाना जाता है। आयुर्वेद में डेंगू को विषम, अभिषंगत या सन्निपातक ज्वर कहा जाता है।

**डेंगू ज्वर का पैटर्न**

डेंगू ज्वर के दौरान शुरू के दो-तीन दिन में बुखार बहुत तेज होता है, उसके बाद एकाध दिन तक नॉर्मल होता है, फिर तेज बुखार चढ़ता है। 3-5 दिन के बाद तेज बुखार रहे तो मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। उसके शरीर की सूक्ष्म कोशिकाओं में से रक्त स्राव होने लगता है।

**एक्यूट ज्वर**

इसमें मरीज को बुखार आना, सिर में दर्द, पीठ दर्द, मांसपेशियों, जोड़ों में दर्द रहता है। भूख नहीं लगती, पेट या सीने में दर्द की शिकायत रहती है। चेहरे लाल होना, शरीर में रैशेज हो जाते हैं

**डेंगू हेमरेजिक ज्वर**

बुखार कंट्रोल न होने पर डेंगू बुखार शरीर की गंभीर धातुओं में प्रवेश कर जाता है। तब इसे डेंगू हेमरेजिक फीवर कहा जाता है। इसमें मसूड़ों, नाक आदि से रक्त स्राव होने लगता है। कई मरीजों की आंखें बहुत लाल हो जाती हैं। कई मरीज के गेस्ट्रोइंटस्टाइन में रक्त स्राव के कारण मल काले रंग का हो जाता है। मरीज को चक्कर-उल्टियां आने, सांस लेने में तकलीफ, तंद्रा की स्थिति, नींद न आना, सीने में भारीपन, चिड़चिड़ापन, हाथ-पैर ठंडे पड़ना जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।

**डेंगू शॉक सिंड्रोम**

शरीर की विभिन्न रक्त धमनियों की सूक्ष्म कोशिकाओं को क्षति पहुंचती है जिसकी वजह से कई अंगों से रक्त स्राव होने लगता है। मरीज दिग्भ्रमित अवस्था में आ जाता है। इसमें डिहाइड्रेशन की समस्या यानी मूत्र आना कम हो जाता है, आंसू, तालू, जीभ, होंठ सूखने लगते हैं।

**ऐसे किया जाता है उपचार**

डेंगू ज्वर को कंट्रोल करने के साथ सबसे पहले रिहाइड्रेशन पर जोर दिया जाता है। लिक्विड डाइट ज्यादा दी जाती है। आयुर्वेद में जड़ी-बूटियां दी जाती हैं जैसे संशमनी वटी, गिलोय का काढ़ा, गोदन्ती भस्म, अमृथोथराम काश्याम सिरप, सुदर्शन घनवटी, श्वेत चिरायता, तुलसी। डेंगू के उपचार के लिए कई तरह की औषधियों को एक-दूसरे के साथ मिलाकर दिया जाता है जैसे- रक्त चंदन, मिश्री, मुलैठी, धनिया, आंवला, वासा, द्राक्षा। इसके अलावा रिसर्च में साबित हुआ है कि पपीते के पत्ते का जूस डेंगू फीवर के उपचार में काफी सहायक होता है। आयुर्वेद चिकित्सक मरीज की स्थिति के आधार पर षडंगपानीय भी पीने के लिए दे सकते हैं। यह ज्वर में डिहाइड्रेशन ज्यादा होने पर दिया जाता है। यह पानी ज्वर का ताप दूर कर इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन को ठीक करता है, इसके सेवन से रक्त में प्लेटलेट बढ़ते हैं।

**स्थिति गंभीर होने पर**

मरीज की स्थिति गंभीर होने पर यानी मुंह या नाक से रक्त स्राव हो रहा है, तो चिकित्सक द्वारा खजूर, लासा, वासा तर्पण का सेवन करने को दिया जाता है। इससे मरीज को पोषक तत्वों की आपूर्ति होती है। इसके अलावा मलद्वार मार्ग से रक्त स्राव होने पर मोजरस का शीरपाक, मूत्र मार्ग से रक्त स्राव होने पर शतावरी दूध में पकाकर शीरपाक रोगी को दिया जाता है। नाक से रक्त स्राव होने पर दूर्वा जैसी औषधियों के रस की कुछ बूंदें नाक में डाली जाती हैं।

**आहार**

आहार का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है जैसे- रक्तशाली या पुराना चावल, औषधीय घी का उपयोग किया जाता है। नारियल पानी, आंवला, अनार का जूस दिया जाता है। सफेद पेठा का सेवन काफी फायदेमंद है। इसके अलावा पतली खिचड़ी, दलिया, उबली सब्जियां, दाल का पानी, सब्जियों का सूप, फल और उनके जूस, जौ का पानी दिया जा सकता है।

**रखें सावधानी**

इन सभी चीजों का उपयोग हमेशा आयुर्वेदिक चिकित्सक की देखरेख में व परामर्श से ही करना चाहिए। आयुर्वेदिक उपचार में दी जाने वाली युक्तियों की डोज और औषधियों का चयन करता है।

# खुखरा में विद्यमान भग्नावशेष में छिपा है झारखंड का इतिहास

**अंगद गुप्ता**


1113 ई से लेकर 1635 ई तक खुखरा झारखंड की राजनीतिक केंद्र बिंदु था। बेडो प्रखंड अन्तर्गत खूखरा ग्राम वर्तमान में रांची से 45 किमी दूरी पर समुद्र तल से 738 मीटर ऊंचा 23.20 डिग्री अक्षांश 88.87देशांतर में अवस्थित है।

अपने अतीत का इतिहास अपने हृदय में छुपाये खुखरा में विद्यमान भग्नावशेष, शिलालेख, तालाब, पहाड़ आज भी इस बात के प्रमाण दे रहे हैं। जिसके दक्षिणी भाग में आच्छादित वन, जगह जगह ग्रेनाइट पत्थर के टीले ,समतल टंगरा, चांद पहाड़, डुगडुगीया पहाड़, झरनी पहाड़, चोरम्बे पहाड़, मठ पहाड़, व तालाबों से घिरा यह गांव अभूतपूर्व प्राकृतिक छटा से लबालब है। खुखरा का इतिहास नागवंशी राजा भीमकर्ण के समय से ही प्रारंभ हो जाता है। सुतियाम्बे के बाद झारखंड के नागवंशी राजाओं की राजधानी चुटिया बनी। बाद में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से 1098 से 1113 के मध्य राजा भीमकर्ण ने खुखरा को अपनी राजधानी बनाया। इस तरह 1113 से राजाओं ने पूरे झारखंड क्षेत्र का राजकाज खुखरा से ही देखना प्रारंभ किया।

इतिहासकारों के अनुसार महाभारत काल में झारखंड क्षेत्र का नाम पौंड्र क्षेत्र था। जिसका शासन प्रधान सुतिया मुंडा का वंशज मदरा मुंडा था। जिसकी राजधानी सुतियाम्बे थी। यहीं से मदरा मुंडा अपना राजकाज चलाते थे।

ऐसी दंतकथा है कि मदरा मुंडा ने एक लावारिश बच्चे का पालन पोषण किया था। जो नागवंशियों के संरक्षण में था। जो बाद में शासक बना। चूंकि वह नाग के संरक्षण में था अतः वह नागवंशी कहलाया। इस तरह नागवंशी के अधीन शासन चलने लगा। सुतियाम्बे के बाद नागवंशी राजा प्रताप कर्ण ने चुटिया को अपनी राजधानी बनायी। वहीं से चुटिया नागपुर से छोटानागपुर का शब्द प्रचलित हुआ।

चुटिया के पश्चात राजा भीमकर्ण ने 1098 से 1113 के मध्य खुखरा को अपनी राजधानी बनायी। भीमकर्ण ने अपने काल में कई युद्ध कर खुखरा को प्रसिद्धि दिलायी। इस दौरान राजा भीमकर्ण ने सरगुजा के राजा रसकैल से युद्ध कर हरिनगर और बरवे परगना को खुखरा में मिलाया। भीमकर्ण ने पलामू के खोखार राज्य पर आक्रमण कर खुखरा का राज्य क्षेत्र पलामू तक फैलाया। इस युद्ध में भीमकर्ण ने वासुदेव की मूर्ति को भी अपने साथ ले लाया जिसे लोहरदगा के निकट कोराम्बे में स्थापित किया गया। भीमकर्ण के शासनकाल के पश्चात तुर्क



आक्रमणकाल में अलाउद्दीन खिलजी ने खुखरा के प्रमुख क्षेत्रों पर अधिकार जमाया। तत्पश्चात खुखरा के राजा सेवाकर्ण व वेणुकर्ण ने अलाउद्दीन खिलजी के सूबेदार से संधि कर वार्षिक कर देना स्वीकार कर लिया। परंतु वह कुछ ही दिन चला। अकबर के शासन काल में शाहबाज खां ने 1585 ई में खुखरा पर आक्रमण किया। उस समय खुखरा के राजा मधु सिंह ने युद्ध तो किया परंतु शीघ्र ही संधि कर मुगलों के अधीन हो गये। इस तरह खुखरा को मुगलों का सहयोगी राज्य बना दिया गया और मधु सिंह के सहयोग से मुगल सेना अपने राज्य को उड़ीसा तक फैलाया। जहांगीर के काल में खुखरा का राजा दुर्जनशाल थे। 1612 में जहांगीर का सूबेदार जफर खां ने दुर्जनशाल पर कर देने का दबाव डाला। लेकिन दुर्जनशाल ने इसे अस्वीकार करते हुए जफर खां को खुखरा से बाहर कर दिया। 1616 ई में नूरजहां के भाई इब्राहिम खां ने खुखरा पर जबरदस्त आक्रमण कर दुर्जनशाल को गिरफ्तार कर लिया। साथ में उसकी पत्नि, सौतेली मां और उनके आदमियों को ग्वालियर जेल भेज दिया। इस दौरान धटी एक विचित्र घटना से दुर्जनशाल को पुनः खुखरा राज्य मिल गया।

हुआ यूं कि कुछ बाहरी सौदागर एक हीरा लेकर जहांगीर के दरबार में हाजिर हुए। उस हीरे की पहचान वहां के कोई भी दरबारी नहीं कर पाये। लेकिन दुर्जनशाल ने हीरे की पहचान कर ली। इससे खुश होकर जहांगीर ने दुर्जनशाल को उनके आदमियों के साथ रिहा कर पुनः खुखरा राज्य उन्हें सौंप दिया। वहां से छूटते ही दुर्जनशाल ने 1635 में अपनी राजधानी खुखरा से हटा कर हयोंसानगर को बनाया। 1640 में दुर्जनशाल की मृत्यु हो गई। इनके निधन से ही खुखरा के स्वर्णिम युग का अंत हो गया।

खुखरा के प्रारंभिक शासक भीमकर्ण के राजकाल में खुखरा में सुरक्षात्मक, जनकल्याण, प्रशासनिक सुव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए

कई कार्य किये गये। जिसमें तालाब, बगीचा व गढ़ शामिल है। खुखरा आज भी 52 गंडे तालाब और 56 गंडे बगीचा के लिये प्रसिद्ध है। खुखरा के राजाओं ने अपने विभिन्न उदेश्यों के लिये 52 गंडे अर्थात 208 तालाब का निर्माण कराया था। उनकी बनावट व उदेश्यों के आधार पर इसका नामकरण किया गया था। जाति पर निर्मित तालाबों के नाम इस प्रकार हैं - नौवा पोखर, माटीन पोखर, चमरी पोखर, धोबी पोखर। अभी भी राजा भीमकर्ण के नाम पर भीमसागर, रानी रुकमणी के नामपर रुकमनी सागर यहां मौजूद है। राजघरानों के व्यक्तिगत उपयोग के लिये निर्मित तालाब का नाम ढुलवा तालाब आज भी प्रसिद्ध है। यह तालाब राजा गौणकर्ण के गढ़ से सटा था।यह राजपरिवार के लिये मनोरंजन का स्थल था। इसमें उतरने के लिये तालाब के तीन ओर सीढ़ियां बनी है। एसी मान्यता है कतीनों सीढ़ियों में झूले लगे थे। जलक्रीड़ा के लिये जिसे पानी को छूते हुए बनाया गया था। खुखरा के राजाओं ने अपनी आवश्यकता के अनुसार समीप के गावों में अन्य परिवारों को बसाया। 11 वीं से 17 वीं सदी तक खुखरा का अपना अस्तित्व बना रहा।

इस दौरान यहां का परिवहन व संचार व्यवस्था काफी पिछड़ा था। समय के साथ जरूरत के मुताबिक मार्गों का निर्माण कराया गया। 1641 में पांच हजार घुड़सवारों और पंद्रह हजार पैदल सेना के साथ पलामू किला पर आक्रमण हेतू पश्चमी क्षेत्र में मार्ग का निर्माण कराया गया था। खुखरा की परिवहन व्यवस्था का वर्णन फाहियान ने अपनी यात्रा विवरणी पुस्तक फो कुओ जी में किया गया है। मुगल शासन काल में शाहबाज खां ने इस क्षेत्र का नाम खुखरा देश रखा था। इसका वर्णन जीपी अम्बस्था द्वारा लिखित पुस्तक बिहार दर्पण में है।

स्पीड न्यूज

## धनबाद के ग्रामीण एसपी ने पदभार संभाला



धनबाद। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी. वही अपने कार्यालय में उन्होंने मीडिया को बताया कि अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकता रहेगी। आम लोगों से मिलकर बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था कायम रखने और ग्रामीण इलाकों में अपराधिक गतिविधियों पर मजबूत पकड़ का कार्य रहेगा। बता दें कि कपिल चौधरी इससे पूर्व चक्रधरपुर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे और करीब 20 महीने नक्सल प्रभावित इलाकों में उन्होंने कार्य किया। मूलत: वो राजस्थान के रहने वाले हैं। झारखंड कैडर में उनकी नियुक्ती हुई और प्रोन्नति के बाद धनबाद के ग्रामीण एसपी के रूप में पहली बार पदस्थापना हुई।

## ठाकुर परिवार ने किया सत्संग का आयोजन

बोकारो। श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के भक्तों के द्वारा आयोजित सत्संग विचार सेक्टर-2 डी में निर्वतमान व्याख्याता कालीकांत लाल दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि यह सत्संग पारिवारिक व्यवहार विचार को ठाकुर परिवार के बीच अच्छे से बताने का काम करता है। भक्त पीसी हेम्ब्रम ने अपने व्यक्त विचार में कहा कि मानवीय संवेदनाओं का समुचित मूल्यांकन का व्यावहारिक आचरण ही धर्म है। कार्यक्रम की शुरूआत ठाकुर जी की प्रार्थना से हुई। साथ ही इस कार्यक्रम में समाजसेवी गंगेश कुमार पाठक विद्या विभूति लाल दास देवेन्द्र सेठी महेश कांत झा दिनेश दानव कृष्णा प्रसाद प्रदीप कुमार ठाकुर अशोक जी शिव कुमार नायक शीला देवी अपर्णा पूर्वी प्याली अनुराधा सेठी उषा सिन्हा शारदा कुमारी रिंकू परेरा आदि उपस्थित थे।

## सिंदरी : ट्रेन से कटकर फुटबॉल के गोलकीपर की मौत

सिंदरी। सिंदरी स्टेशन पर सिंदरी धनबाद पैसेंजर ट्रेन के इंजन से पटरी पर कटकर 48 वर्षीय अविवाहित फुटबॉल गोलकीपर जोसेफ जॉन की मौत सोमवार को हुई है। जोसेफ रॉंगामाटी के आर एम फोर 751-52 निवासी स्व माइकेल का इकलौता पुत्र था और कुछ दिन पूर्व बोकारो के दुग्दा से सिंदरी आया था। दो हिस्सों में कटे शव को पाथरडीह रेल जीआरपी एएसआई राधिका रंजन प्रसाद ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। सिंदरी स्टेशन मास्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि दोपहर लगभग एक बजकर बीस मिनट पर सिंदरी धनबाद पैसेंजर ट्रेन के इंजन से कटकर जोसेफ की मौत हुई है।

## खेलो झारखंड -2023 का आयोजन

पूर्वी टुंडी । खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023 का आयोजन बीआरसी कार्यालय फतेहपुर के नजदीक मैदान में किया गया। खेल का शुभारंभ सीओ राकेश भूषण सिंह, बीइइओ राजीव रंजन सिंह, झामुमो नेता अजीत मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता दो दिवसीय का है। जिनमे 19 साल तक के छात्र-छात्राए शामिल हुए हैं। मौके पर बीपीओ सुजीत महतो, बीआरसी मधुसूदन गोराई, अनीश मिश्रा, शिक्षक चंद्र देव मौजूद थे।

### लापरवाही : बजबजा रही है नालियां, नहीं हो रही है फॉगिंग

# झरिया में डेंगू से महिला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया में बढ़ते प्रकोप से श्वेता देवी की मौत। विभाग की लापरवाही उजागर । स्थानीय लोगों की माने तो नगर निगम द्वारा फोगिंग कार्य दम तोडता नजर आ रहा है। झरिया के वार्ड 47 अंतर्गत लोदना मल्लाह पट्टी में एक महिला श्वेता उर्फ खुशबू देवी की मौत दुगार्पुर के एक निजी अस्पताल में हो गई। खुशबू देवी को पिछले कुछ दिनों से तेज बुखार था।परिजनों ने पहले उसे धनबाद के जोड़ाफाटक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । परिजन व स्थानीय लोगों के अनुसार डेंगू के कारण उसकी मौत हुई।मुहल्ले के लोगों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में साफ सफाई की व्यस्था चौपट है। निगम का कोई कर्मचारी इस क्षेत्र में महीनों तक झाकने तक नहीं आता है। जिसके कारण यहां अधिकांश घरों के लोग बीमारी के चपेट में है।



महिला की मौत के बाद घर के बाहर खड़े लोग।

### घर के पानी में मिला लार्वा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय लोगों के घर रखे पानी की जांच की गई, जिसके बाद कहा गया कि पानी में डेंगू का लारवा पाया गया । जिसपर स्थानीय लोगों ने सवाल खडा करते हुए आरोप लगाया कि घर का पानी में लारवा मिला । जबकि घर में साफ सफाई की व्यवस्था है। वहीं लोगों ने आरोप लगाते हुए कहाकि स्वास्थ्य विभाग को घर का पानी नजर आता है। लेकिन निगम की लापरवाही से मुहल्ले में जमा गंदगी से बजबजाती नालियां स्वास्थ्य विभाग को नजर नहीं आया। स्वास्थ्य विभाग निगम की काली कारतुत पर पर्दा डालने का काम कर रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिया संपल

महिला की मौत की खबर मिलते ही स्वास्थ विभाग हरकत में आया।विभाग ने चासनाला से एक टीम लोदना के मल्लाह पट्टी भेजा। टीम ने डेंगू की आशंका पर मोहल्ले के सभी घरों में जमा पानी के कंटेनर की जांच पड़ताल शुरू की। साथ ही एन एस1 एंटीजन किट के माध्यम से स्थानीय लोगो में मलेरिया व डेंगू की जांच शुरू की।चासनाला स्वास्थ्य केंद्र के अवधेश कुमार ने बताया कि लोगो का ब्लड सैंपल लिया गया है।जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल कुछ घरों मे जमा हुए पानी में मच्छरों का लार्वा देखने को मिला है। जांच पड़ताल के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## कतरी नदी में मिला भेलाटांड़ से लापता युवक का शव

कतरास। कतरास-कपुरिया सड़क मार्ग पर भेलाटांड व आदर्शनगरी के बीच अवस्थित कतरी नदी के पानी में सोमवार अहले सुबह 18 वर्षीय विष्णु पासवान उर्फ डान का शव पाए जाने की घटना से सनसनी फैल गई। वह बीते शनिवार से घर से गायब था। शव पेट के बल पानी में गिरा हुआ था। सूचना पाकर आसपास इलाका के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट ग ई। घटनास्थल जोगता व कतरास थाना की सीमा पर होने के कारण दोनों थाना की पुलिस वहां पहुंची। लोगों की मदद से शव को सीधा करवाया गया, ताकि उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव का शरीर फूल जाने तथा आंखें बिगड़ जाने के चलते लोग शिनाख्त नहीं कर सके। जानकारी पाकर मृत विष्णु के माता-पिता भी घटनास्थल पहुंचे और शव की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। विष्णु दैनिक मजदूर था। कतरास पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

## मिंटू अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने थामा झामुमो का दामन



खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। शनिवार को छाताबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों युवको ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में विश्वास जताते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।मौके पर धनबाद झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडु बाघमारा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टुडू धनबाद जिला पूर्व प्रवक्ता अरूणव सरकार ने झामुमो में शामिल हुए सभी लोगों को माला पहनाकर एवं झामुम का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं ने वरीय नेताओं के साथ छाताबाद का भ्रमण जुलूस के रूप में किया । वही डुमरी में झारखंड मुक्ति मुक्ति मोर्चा की जीत को लेकर कार्यकताओं ने मिठाई बाटी एवं पटाखे छोड़े। मिंटू. अंसारी एवं शहंशाह के नेतृत्व में दर्जनों युवक झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। जिनमें मुन्ना मंसुरी रुखशाद इकराम रौनक राज कुरैशी जितेंद्र यादव बंटी अंसारी फिरोज सिद्दीकी सलमान हूसैन बाबु सिद्दीकी इसराफिल पप्पु मोन्टी शेरू राजा मुस्तकीम अंसारी रिजवान अंसारी सरफराज मिराज अंसारी मोनु सोनम मकसूद सिद्दीकी शंहशाह मिंटु अंसारी बबलू असलम अंसारी फरीद टोनी जशीम कारु खलील शामिल है।

## धनबाद : रंगदारी के लिए खालसा होटल में फेंका बम

- बाइक सवार दो अपराधियों ने फेंके दो बम, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सोमवार को सुबह 9 बजे अपराधियों की नजर गोविंदपुर की ओर गई और गोविंदपुर के प्रसिद्ध खालसा होटल पर बमबाजी कर दी गई। अपराधियों ने दो बम फोड़े। दो अपराधी एक बाइक पर सवार होकर आए थे। उसके बाद होटल के मुख्य गेट पर बमों का विस्फोट कर चलते बने। गोविंदपुर के प्रसिद्ध खालसा होटल पर बमबाजी कर दी गई।अपराधियों ने दो बम फोड़े। दो अपराधी एक बाइक पर सवार होकर आए थे। उसके बाद होटल के मुख्य गेट पर बमों का विस्फोट कर चलते बने। अपराधी निश्चित रूप से होटल मालिक को भयभीत करने एवं रंगदारी मांगने के लिए यह विस्फोट किया होगा। घटना की सूचना पाकर डीएसपी व पुलिस इंस्पेक्टर पहुंचे। होटल के बाहर लगे सीसीटीवी में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी होटल के पास बम फेंकते दिख रहे है। पुलिस अपराधियों की पहचान में जुट गई है। हालांकि सीसीटीवी में अपराधियों का स्पष्ट चेहरा नहीं दिख रहा है। यह होटल प्रसिद्ध व्यवसायी शेरा सिंह का है। 1984 में इस होटल की स्थापना हुई थी। इसके पूर्व यह होटल काका सिंह चलाते थे। सिख दंगे के बाद गुरु चरण सिंह शेरा को होटल बेचकर पंजाब चले गए। होटल में पहली बार गोलीबारी या बमबाजी की घटना घटी है। इसके पहले गोविंदपुर में कोयला कारोबारी बंटी सिंह चौधरी एवं बिहारी लाल चौधरी के कपड़े की दुकान पर प्रिंस खान के गुर्गों ने फायरिंग की थी।




शहर के व्यस्त स्थान पर स्थित खालसा होटल।

## डीपीएस चास के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण




खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/चास। दिल्ली पब्लिक स्कूल चास बोकारो में सोमवार को अचीवमेंट टेस्ट एंड ड्राफ्ट टेस्ट आइटम विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग दी गई। इसमें रिसोर्स पर्सन झारखंड पब्लिक स्कूल धनबाद के प्राचार्य सुरोजीत सेन ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर नवीन शर्माए डीन जोस थॉमस, रिसोर्स पर्सन सुरोजीत सेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान श्री सेन ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही किसी भी शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य होता है। बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए कैसे तैयारी की जाए इस पर हमें रोज मंथन करना पड़ता है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य कौशल को बढ़ाना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षकों की कार्य क्षमता और सशक्त होगी। कार्यक्रम की सफलता पर कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे डायरेक्टर नवीन शर्मा डीन जोस थॉमस डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल ने सभी को बधाई दी।

## प्रोफेसर मौत मामले में विधायक ने की जांच की मांग

बोकारो। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मिलकर असिस्टेंट प्रोफेसर समीर कुमार की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि जो साक्ष्य और तथ्य मिले हैं वह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की गयी प्रतीत होता है। मृतक ने झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपराध शास्त्र विभाग में कार्यरत रहते हुए 10 अगस्त को त्याग पत्र दे दिया था। मृतक बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत दांतू के रहने वाले विवेकानंद नायक के पुत्र थे।

## टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की टीम ने ट्विन पीक्स किया फतह

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशनकी एक टीम ने ट्विन पीक्स, जो जोंगो (6260 मीटर) और कांग यात्से 2 (6223 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। हाल के अभियान (11 से 26 अगस्त के बीच) का नेतृत्व टीएसएएफ के अनुभवी सुसेन महतो, एवरेस्टर और हेड इंस्ट्रक्टर, स्वर्णलता दलाई, टीएसएएफ में एवरेस्टर और प्रशिक्षक के अलावा धर्मेंद्र सिंह, अनीता स्वैन और रणदेब सिंह ने किया था। शिखर पर चढ़ने वालों ने अद्वितीय साहस, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रदर्शन किया जो टीएसएएफ के मूल मूल्यों का उदाहरण है। यह उपलब्धि पूरी टीम के समर्पण, प्रशिक्षण और साहसिक भावना काप्रमाण है। टीएसएएफ समुदाय और कर्मचारियों में साहस और लचीलेपन के लिए जुनून पैदा करने का प्रयास जारी रखता है, उपलब्धि हासिल करने की भावना को बढ़ावा देता है जो शिखर से भी आगे है।



### ट्विन पीक्स समिट

**निम्नलिखित प्रतिभागियों ने जो जोंगो और कांग यात्से-2 दोनों पर चढ़ाई पूरी की**

**नाम**

- रक्षित महतो
- आशीष कुमार सिन्हा
- सुमन पात्रा
- सुलेखा कुमारी (शर्मा)
- उमा तिर्की
- मधुस्मिता साहू
- विकास कटारिया
- अमित कुमार
- सोमनाथ रेड्डी
- अंकित शर्मा
- धर्मेंद्र सिंह
- स्वर्णलता दलाई
- अनिता स्वैन

### जो जोंगो समिट

**निम्नलिखित उम्मीदवारों ने केवल जो जोंगो यानी 1 शिखर पर चढ़ाई की नाम**
आदित्य कुमार, सुलेखा कुमारी, कोंकी अनिल कुमार, सुसेन महतो, रणदेव सिंह

## झारखंड में सबसे ज्यादा भूमि दान रंका के राजा गिरिवर नारायण ने किया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सोनारी स्थित आदर्शनगर में भूदान आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे की 128 वी जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम मे जिला सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डॉ सुख चंद्र झा ने कहा कि बाबा विनोबा भावे अपने भूझदान पद यात्रा के समय झारखण्ड राज्य (तब का बिहार राज्य) के कई जिलों में यात्रा के दौरान हजारीबाग की से होते हुये आज का धनबाद जिला तब मानभूम जिले का अनुमंडल हुआ करता था। धनबाद के राजा ने एक लाख एक हजार एकड़ जमीन का दान किया। रामगढ़ राजा, कामख्या नारायण सिंह ने एक लाख एकड़ भूमि दान की, हजारीबाग में भू-दान यात्रा के कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी राजा रामगढ़ ने निभाई। पालकोट के राजा की ओर से 44,500 एकड़ भूदान प्राप्त हुआ। भूदान आंदोलन में झारखंड के, रंका के राजा, गिरिवर नारायण सिंह ने एक लाख दो हजार एकड़ भूमि दान की यह दान पूरे देश में सर्वाधिक व्यक्तिगत दान था।



## भगवान को जान लेने वाला इंसान ही अनंत आनंद पाता है : स्वामी रामदास जी

जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में घनश्याम कृपालु धाम वृंदावन एवं जमशेदपुर सूर्य मंदिर समिति के संयुक्त सौजन्य से सात दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन एवं संकीर्तन का शुभारंभ सोमवार को हुआ। सूर्य मंदिर के शंख मैदान में पशुपतिनाथ जी नेपाल से आए हुए पूज्य स्वामी श्री रामदासजी ने अनंत सुख कहां है विषय पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने वेद एवं शास्त्रों से प्रमाण देते हुए यह कहा कि प्रत्येक जीव अनेक प्रकार से दु:खी है और वह दु:ख नहीं चाहता है बल्कि आनंद चाहता है। हम सब अनंत मात्रा का प्रतिक्षण बढ़ने वाला और सदा को रहने वाला आनंद चाहते हैं। आनंद के अलावा अगर कोई कुछ और वस्तु चाहता हुआ दिखाई पड़ता है तो यस वस्तुको भी वह आनंद के निमित्त ही चाहता है।

## मंदिर शिफ्टिंग विवाद को लेकर कारों के विस्थापित हुए दो फाड़

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत कारो खुली खदान के विस्तार को लेकर शिव मंदिर विस्थापन को लेकर प्रबंधनए प्रशासन और जनप्रतिनिधि के मैराथन बैठक अब तक ढाक के तीन पात साबित हुआ है। काफी प्रयास और समझाने . बुझाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी है। मंदिर शिफ्टिंग और कारो बस्ती के विस्तापतों को नियोजन और मुआवजा के मुद्दे पर कारों के विस्थापित दो फार हो गए हैं। एक गुट प्रबंधन की शर्तों के साथ सहमत है तो दूसरा गुट बिना बस्ती की शिफ्टिंगए मुआवजा नियोजन और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था हुए प्रबंधन की वर्तमान शर्ते के साथ सहमत नहीं है। हालांकि प्रशासन दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हो रहा है। एक गुट पहले कारो बस्ती का विस्थापन करने तब मंदिर को शिफ्ट करने की मांग पर अड़े हुए हैं। इस संबंध में रंजीत महतोएअशोक महतो और चन्द्रदेव महतो ने कहा कि प्रबंधन मनमानी नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण कारो बस्ती इस बात को लेकर एकमत है कि पहले बस्ती का शिफ्टिंग तथा पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रभावितों को नियोजन और उचित मुआवजा मिलनी चाहिए।

## बोकारो : बीओआई यूनियन का प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन्स का प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय युवा सम्मेलन स्थानीय सेक्टर- 4 मिलन केंद्र में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए यूनियन के अखिल भारतीय महासचिव एवं मुख्य अतिथि दिनेश झा लल्लन ने कहा कि किसी भी संगठन की असली शक्ति युवा शक्ति ही होती है। आज बैंक में युवाओं के कंधों पर दोहरी जिम्मेवारी है। जहां एक ओर अपने बैंक के वर्तमान स्वरूप को बचाये रखना है।
वहीं संगठन में भी अग्रिम पंक्ति में आकर संगठन को मजबूत बनाना है। अपने अस्तित्व को बचाये रखने के लिए जहां ज्ञानार्जन की आवश्यकता है वहीं अपने हक के लिए संघर्ष हेतु भी तत्पर रहने की आवश्यकता है। भारत सरकार आज पुनः 1946 से पूर्व की स्थिति में मजदूरों को लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी के तहत चार लेबर कोड के माध्यम से मजदूरों के मौलिक अधिकारों का हनन करने की चेष्टा की जा रही है। सम्मेलन को बैंक ऑफ इंडिया इम्प्लाइज यूनियन झारखंड स्टेट के अध्यक्ष जी सी सिन्हा उप महासचिव सपन कुमार अदक उमेश कुमार दास संगठन सचिव एस एन दास सह सचिव साकेत कुमार शर्मा आदि ने संबोधित किया।

## अमृतस्त्रोत कवि सम्मेलन राजेंद्र विद्यालय सभागार में 16 को

खबर मन्त्र ब्यूरो




जमशेदपुर। पिछले बीते सालों में हिंदी भाषा अंग्रेजी भाषा के सामने अपना महत्व खोती जा रही है। वो मधुर कविताएं जो हमारे महान कवियों और कवयित्रियों ने लिखीं, जिन्हें पढ़कर हमने अपना बचपन बिताया, जिनमें मानव के अंतर्मन की सभी भावनाएं छिपी हुई होती हैं, आज का युवा ऐसी कविताओं को उतना महत्व नहीं देता जितना वो अन्य मनोरंजक विधाओं को देता है। इस विषय को लेकर गमक एंटरटेनमेंट, नाम्या स्माइल फाउंडेशन और नवश्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी भाषा के समर्पण में 16 सितंबर को संध्या 5 बजे, राजेन्द्र विद्यालय के ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम 'अमृतस्त्रोत-कवि सम्मेलन की एक अनूठी धारा' अयोजित की जा रही है। साकची के कालीमाटी बैंकेव्ट हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक एवं पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान गमक एंटरटेनमेंट के शुभम दत्ता, नवश्री फाउंडेशन से रीता मिश्रा एवं समाजसेवी विनीता शाह मौजूद रहे। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि 16 सितंबर को पहली बार जमशेदपुर में देश के ख्याति प्राप्त कवि एवं कवयित्रियों का संगम होगा। उन्होंने बताया कि युवाओं के आग्रह पर आ रहे कविगण युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। इन कवियों को सुनकर शहर के युवाओं को नयापन लगेगा और साहित्य में रुचि रखने वाले श्रोताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न स्तरों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने शहर के युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं, इस सम्मेलन में भाग लेने वालों के लिए आयोजनकर्ताओं की ओर से प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। वहीं, नवश्री एंटरटेनमेंट के रीता मिश्रा ने बताया कि कवि सम्मेलन में हास्य रस, वीर रस, श्रृंगार रस, करुण रस की कविताओं को सुनकर श्रोताओं को आनंद की अनुभूति होगी। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में ऐसे कार्यक्रम के जरिये युवाओं में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम को बढ़ाना है।

## बीआईटी सिंदरी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। बीआईटी सिंदरी के देशपाण्डे ऑडिटोरियम में सोमवार को प्रथम वर्ष में नामांकन करा चुके छात्र छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने संस्थान के नियमों से नये विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, संस्थान के कुलगीत गाकर, संस्थान के स्वर्णिम इतिहास तथा ड्रोन विडियो से संस्थान के इमारतों से अवगत कराया गया। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने संबोधित करते हुए अनुशासन के महत्व सहित नई शिक्षा नीति से छात्रों को अवगत कराए। उन्होंने स्नातक डिग्री में हुए बदलावों पर भी चर्चा की। छात्रों को उत्साह बढ़ाते हुए संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी सह सीडीसी अध्यक्ष डॉ घनश्याम ने संतुलित और सुखी जीवन जीने का मंत्र दिया। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों को बीआईटी सिंदरी में चयन प्रक्रिया में आई कंपनियों की जानकारी दी। एल्युमुनाई सेल प्रमुख प्रो प्रकाश कुमार ने पूर्ववर्ती छात्रों के साथ मिलकर संस्थान में संशोधन और विकास की प्राथमिकता पर चर्चा की। परीक्षा विभाग के प्रभारी प्राध्यापक डॉ शशि मिंज ने परीक्षा प्रणाली बताते हुए उन दिनों में होने वाले तनाव और उपायों से अवगत कराया।



इंडक्शन प्रोग्राम में शामिल बीआईटी के छात्र-छात्राएं।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

सभागार में संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय, जेनरल वार्डन डॉ आर के वर्मा, डॉ घनश्याम, डॉ निर्मला सोरेन, डॉ माया राजनारायण राय, डॉ शशि मिंज, डॉ उपेंद्र प्रसाद, प्रो सी ठाकुर, प्रो धानेश्वर महतो, प्रो जे एन महतो, संयोजक रविशंकर प्रसाद, समन्वयक भवेश कुमार, स्नेहा सन्नी सहित अनुगम समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# लालू प्रसाद ने राबड़ी संग बाबा के दरबार में टेका माथा

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद 11 सितंबर सोमवार की अहले सुबह पत्नी राबड़ी देवी के साथ बाबा मंदिर पहुंचकर मनोकामना लिंग की पूजा-अर्चना की। इसके पहले कड़ी सुरक्षा के बीच लालू प्रसाद यादव देवघर परिसदन भवन से बाबा मंदिर पहुंचे। मंदिर में फिलपाया द्वार से गर्भ गृह में ले जाया गया। गर्भ गृह में प्रवेश से पहले मंझला खंड में उनके तीर्थ पुरोहित लाल बाबा ने विधि-विधान से जल संकल्प कराया। इसके बाद लालू प्रसाद यादव ने मंत्रोच्चार के साथ बाबा पर जलार्पण किया। इस दौरान लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने दूध, दही, मधु सहित अन्य पूजन सामग्री से बाबा की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर पंडा धर्मरक्षिणी सभा ने लालू प्रसाद यादव को सम्मानित भी किया। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री कार्तिक नाथ ठाकुर ने लालू प्रसाद को अंग वस्त्र और रुद्राक्ष भेंट किया। उधर मंदिर प्रबंधन की ओर से मंदिर प्रबंधक रमेश परिहस्त ने राजद सुप्रीमो को महादेव का मोमेंटो भेंट की। पूजा-अर्चना के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के सचिव-सह-मंदिर समन्वयव समिति समदस्य सूरज झा भी मौजूद रहे।

## राजद सुप्रीमो ने बासुकीनाथ धाम पहुंच पूजा-अर्चना की

**दुमका।** बासुकिनाथ मंदिर पहुंच सोमवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बाबा फौजदारी दरबार में बाबा भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया। पूजा-अर्चना कर राजद सुप्रीमो श्री यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष का गठबंधन इंडिया की जीत की कामना किया। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ रही अत्याचार और तानाशाही के खिलाफ लोगो को एकजुट होने का अपील किया। उन्होंने लोगो से इंडिया गठबंधन को को वोट करने का अपील किया, ताकि देश मजबूत हो सके। इस अवसर पर सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख मौजूद रहे।



## 25 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को विभिन्न स्नातकोत्तर विभाग में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। कैंपस प्लेसमेंट में रिलायंस निपोन लाइफ इंसोरेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा एआरडीएम और सीनियर एआरडीएम पद के लिए कुल 25 छात्र-छात्राओं का चयन प्रथम राउंड में हुआ।


**INDIAN INSTITUTE TECHNOLOGY PATNA**
(An autonomous Institute of Ministry of Education,Govt.of INDIA)
Bihta , Patna - 801106

**Invitation for Expression of Interest (EOI)**
**EOI NO-IITP/IWD/EOI-01/2023-2024**

Indian institute of Technology Patna invites EOI for 'Empanelment of Contractors for Civil & Electrical Works at IIT Patna'. For details Please visit http://www.eprocure.gov.in/eprocure/app or http://www.iitp.ac.in , Any corrigendum/addendum/errata shall be on http://www.eprocure.gov.in/eprocure/app and http://www.iitp.ac.in only, no press advertisement will be given.
Last date of submission:29.09.2023 before 17:00 Hrs

Sd./-
Registrar.IIT Patna


## पेज 1 का शेष

### भारत ने पाकिस्तान को ...

**ऑपरेशन** के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे राहुल ने नसीम शाह की गेंद पर दो रन के साथ 100 गेंद में शतक पूरा किया। कोहली 98 रन पूरे करते ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 13 हजार रन पूरे करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बने। कोहली ने भी शाहीन की गेंद पर एक रन के साथ 84 गेंद में अपना 47वां शतक पूरा किया। बारिश के कारण रद्द हुए ग्रुप मैच में भारत के खिलाफ सभी 10 विकेट चटकाने वाले शाहीन (79 रन पर एक विकेट), नसीम शाह (बिना विकेट के 53 रन) और हारिस रउफ (बिना विकेट के 27 रन) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के इस मैच में सिर्फ एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पांचवें ओवर में ही इमाम उल हक का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर शुभमन गिल को कैच थमाया। कप्तान बाबर आजम भी 24 गेंद में 10 रन की धीमी पारी खेलने के बाद 11वें ओवर में हार्दिक पंड्या की गेंद पर बोल्ड हो गये। इसके बाद बारिश के कारण एक घंटे से अधिक समय तक खेल रुका रहा। खेल दोबारा शुरू होने पर शार्दुल ठाकुर ने चौथी ही गेंद पर मोहम्मद रिजवान (02) को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराके पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन किया। फिर तो एक -एक कर उसके बैटर आजे और जाते रहे।

### मोदी काल में अत्याचार बढ़ा...

**नफरत फैलानेवालों का जाना तय :** लालू प्रसाद ने कहा कि देश की हालत ठीक नहीं है। देश में नफरत फैलाया जा रहा है। नफरत फैलानेवालों का जान तय है। उपचुनाव में एनडीए की बिहार, बंगाल, झारखंड, सभी जगह, चारों तरफ हार हुई है। यही हाल लोकसभा चुनाव में भी होगा। बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ से प्रार्थना किये हैं कि देश में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ हम सभी को ताकत दें, ताकि बचने का कोई भी रास्ता इन्हें नहीं मिले। हम लोग तो पूजा पाठ करने वाले हैं, सभी के सुख-दुख को समझते हैं। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण भी मौजूद थे।

### भारत-अरब मित्रता...

हमारी मित्रता विश्व कल्याण के लिए जरूरी : बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा, भारत और सऊदी अरब की मित्रता, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता, समृद्धि और मानव कल्याण के लिए महत्त्वपूर्ण है। भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद के नेताओं की पहली बैठक में भाग लेना उनके लिए प्रसन्नता की बात है। इन चार वर्षों में यह परिषद हमारी रणनीतिक साझीदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है। बदलते समय की जरूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नये और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं। भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदारों में से है। विश्व की दो बड़ी और तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा कल हमने मिलकर भारत- पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरुआत की है। इस कॉरिडोर से केवल दोनों देशों ही आपस में नहीं जोड़ेगा, बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल देगा। **इन समझौतों पर हस्ताक्षर :** वहीं दोनों देशों की निजी कंपनियों के बीच कई समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इनमें सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, एचपी, वीएफएस ग्लोबल और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर करने की सुविधा इन्वेस्ट इंडिया और सऊदी अरब के निवेश मंत्रालय द्वारा प्रदान की गयी थी। सऊदी अरब के प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद अपनी राजकीय यात्रा शुरू की। **शाबाश भारत :** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सफल जी20 अध्यक्षता के लिए भारत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शाबाश भारत, बहुत सारी घोषणाएं की गयीं, जिनसे हमारे दोनों देशों, जी20 देशों और पूरी दुनिया को लाभ होगा। हम दोनों देशों के लिए भविष्य बनाने के लिए काम करेंगे। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पाकिस्तान नहीं जायेंगे।

### भ्रष्टाचार मामले में...

पीठ ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6ए (1) को हटाने के उसके पहले के फैसले का संविधान के अनुच्छेद 20 पर कोई असर नहीं होगा। संविधान के अनुच्छेद 20(1) में प्रावधान है कि किसी व्यक्ति पर जिस अपराध का आरोप लगाया गया है, उसके होने के समय लागू कानून के उल्लंघन के अलावा उसे किसी अन्य अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सरल शब्दों में, इसका मतलब यह है कि यदि कोई कार्य अपने घटित होने की तिथि पर अपराध नहीं है, तो उसके घटित होने के बाद की किसी तिथि पर वह अपराध नहीं हो सकता है।

### सरकार ने बनाया मीडिया...

नोडल एजेंसी के रूप में इसकी देखरेख की जिम्मेदारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग यानी आइपीआरडी को दी गई है। आइपीआरडी से पता चला है कि मीडिया मॉनिटरिंग पोर्टल पर पिछले एक माह से काम शुरू हो चुका है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि अगर किसी इलाके में वाटर सप्लाई नहीं होने से जुड़ी खबर कहीं पब्लिश हुई है तो उस खबर को आइपीआरडी की टीम पोर्टल के जरिये संबंधित विभाग को प्रेषित करेगी। अगर वह खबर सही निकलती है तो संबंधित विभाग उस इलाके में वाटर सप्लाई सुनिश्चित करायेगा और इसकी जानकारी आइपीआरडी को देगा। अगर संबंधित विभाग यह पाता है कि खबर गलत है तो उसका ब्यौरा भी मुहैया करायेगा। उस आधार पर खबर पब्लिश करने वाली कंपनी को तथ्यों के साथ खंडन प्रकाशित करने के लिए संवाद स्थापित किया जायेगा। यह पूछा गया कि क्या संबंधित पोर्टल को मीडिया हाउस या आम लोग भी मॉनिटर कर पायेंगे। इसके जवाब में बताया गया कि यह विभागों के साथ इंटरनल सिस्टम से जुड़ा रहेगा। इसकी जानकारी किसी भी बाहरी को नहीं रहेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आईपीआरडी की एक टीम को पोर्टल के फंक्शन से जुड़ी ट्रेनिंग दी गयी है। अब सभी अलग-अलग विभागों से एक नोडल अफसर की लिस्ट मांगी गयी है जिन्हें ट्रेनिंग देकर इस काम को गति दी जायेगी। इससे सरकार को जनता से जुड़े मसलों को सुलझाने में मदद मिलेगी। साथ ही भ्रामक खबरों की भी पहचान हो सकेगी।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक सोमवार को अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष जर्मन बास्की ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री बास्की ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारी चिन्हित करने में बहुत देरी कर रही है। राज्य अलग होने में 23 वर्ष बित गए। लेकिन अभी तक राज्य सरकार आंदोलनकारियों को चिन्हित नहीं कर पाई है। यह दुर्भाग्य की बात है। सरकार सभी आंदोलनकारी के चिन्हित कर सम्मान पेंशन एवं मूलभुत सुविधा मुहैया कराए। नहीं तो आंदोलनकारी राज्य व्यापी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी। देवघर के जिला अध्यक्ष शंकर टुडू ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारी सम्मान पेंशन के साथ-साथ 13 सूत्री मांग जैसे सरकारी नौकरी में आंदोलनकारी के आश्रितों की आरक्षण देने, लीज, पट्टा और बोर्ड निगम में जगह देने की मांग करती है। जिला अध्यक्ष निरंजन सोरेन ने कहा कि झामुमो के सुप्रिमो शिबू सोरेन की अगुवाई में पूरे राज्य में अलग झारखंड राज्य गठन करने के लिए आवाज बुलंद किया गया था। सभी आंदोलनकारी झारखंड मुक्ति मोरचा पार्टी का बैनर तले सड़क जाम, आर्थिक नाकेबंदी, ढोल-नगाड़ा, तीर-धनुष, जैसे हथियार उठाकर राज्य अलग करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। इसलिए आशा है झारखंड राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन जल्द ही चिन्हित कर सभी झारखंड राज्य आंदोलनकारी को मान-सम्मान, पेंशन योजना के साथ- साथ मुलभूत सुविधा मुहैया करायेंगी। बैठक में जिला सचिव रकसा मुर्मू, सुकदेव हेंब्रम, केंद्रीय संगठन सचिव अरविंद मरांडी, गोपाल पाल मंडल, शंकर पोद्दार, शिवलाल मरांडी, जगदीश राउत, जान गुरू किस्कू, पलटन मरांडी, दशरथ हांसदा, तिवारी मुर्मू, सलोचना रानी, करमीला बास्की, पकु सोरेन, रसिक टुडू, पंकज मंडल, सुदंर कोल मुर्मू, सुशिल सोरेन, प्यारेलाल राउत, भुनेश्वर महतो, कुशलाल सोरेन, जुगल किशोर सिंह, ब्रजेश कुमार, सुकल किस्कू, मति मरांडी, मनोरथ मरांडी, अनिल सोरेन, पेरू मियां, जुना मुर्मू, मनेश्वर हांसदा आदि मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलन कारियों ने सरकार से पेंशन के लिए गुहार लगाई

**ठाकुर गंगटी(गोड्डा)।** झारखंड आंदोलनकारियों की सोमवार को हुए सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रवेश प्रदेश अध्यक्ष जर्मन बास्की और प्रदेश प्रवक्ता शंकर पोद्दार,सक्रिय सदस्य दशमत हसदा,निरंजन सोरेन,शंकर टुड्डू आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य को अलग हुए 23 वर्षों बीतने को है।इसके बावजूद भी अब तक झारखंड राज्य अलग करने वाले आंदोलनकारी को पेंशन भत्ता आदि लागू नहीं किया गया है।जिसके चलते की झारखंड आंदोलनकारी में इस बात की चिंता और नाराजगी है।उन्होंने बताया कि दर्जनों आंदोलनकारियों की मृत्यु भी हो चुकी है।उनके आश्रितों को भी उसके अंतर्गत लिया जाना चाहिए।जो आंदोलनकारी जीवित है और आस लगाए बैठे हैं उन्हें जल्द से जल्द पेंशन,भत्ता, चिकित्सा सुविधा ,रेल यात्रा आदि की सुविधा मिलनी चाहिए।ताकि उन्हें लगे कि उन्होंने जो खून, पसीना बहाकर मेहनत करते हुए ,कोई जेल जाकर,तो कोई भूखे प्यासे रहकर जिन्होंने भी आंदोलन किया उन्हें कुछ न कुछ शांति मिलेगी।

## नशा विरोधी मुहिम में साथ आयें : डीएसपी

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के प्रभारी डीएसपी दिलीप खलखो ने सोमवार को चक्रधरपुर थाने में राजनीतिक व सामाजिक संगठन के लोगों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान शहर में विधि व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। साथ ही तेजी से फैल रहे नशे और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए भी सहयोग मांगा। प्रभारी डीएसपी ने कहा युवा वर्ग तेजी से नशे के गिरफ्त में पड़ रहे है, इससे समाज दुषित हो रहा है और आने वाली नस्ल प्रभावित हो रही है। उन्होंने लोगों से इसके खिलाफ अभियान में पुलिस-प्रशासन का साथ देने को कहा। कहा कि बेहतर समाज बनाने के लिए सभी समाज के लोग एकजुट होकर रहे। आपसी विवाद को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश नहीं करें। कहा कि कहीं अगर कोई गलत कार्य हो रहा है या असामाजिक तत्व के बारे जानकारी मिले तो पुलिस को सूचना दें। गलत तरीके से किसी को फंसाने की कोशिश नहीं करें। आने वाले पर्व-त्योहार व चुनाव को देखते हुए समाज के जिम्मेदार लोगों को सचेत रहने एवं एकजुटता बनाए रखने को कहा। डीएसपी ने ई-रिक्शा चालकों से कहा जरूरी लाइसेंस के साथ यातायात नियमों का पालन करें।

## एसकेएमयू एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल की परीक्षा होगी 15 से

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने सोमवार को एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल परीक्षा 2022 संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2019-24 का एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ है। यह परीक्षा दिनांक 15 से 25 सितंबर तक द्वितीय पाली में 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगी।

## दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा ने बैठक कर उपायुक्त को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा की बैठक सोमवार को समाहाणालय परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक रजक ने की। बैठक के माध्यम से उपायुक्त को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। श्री रजक ने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि सेवा विमुक्त चौकीदार को पुनः सेवा में योगदान कराने, 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत चौकीदार, दफादार, घटवार दिगंवार और सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16(4) की भावना के आलोक में तत्काल अध्यादेश जारी किया जाए या ग्राम चौकीदार(संशोधन) विधायक 2023 पारित किया जाए और उनके रिक्त पदों में पर विज्ञापन निकलने पर तत्काल रोक लगाने, झारखंड सरकार के गृह कर एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 5020 के तहत 11 दिसंबर सितंबर 2017 के आलोक में एसीपी व एमएसपी का लाभ देने, वर्दी भत्ता देने के बाद आवंटन की मांग करने, झारखंड सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 5020 के आलोक में बैंक ड्यूटी, कैदी स्कॉट, रोड गश्ती और डाक ड्यूटी करने पर रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक को आदेश दिया जाने एवं जनहित और राजहित में जिला स्तर पर चौकीदार व सरदारों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दुमका में करने की मांग की है।

## विधायकों की लगी क्लास, तेजस्वी ने कहा

# कभी भी हो सकता है चुनाव, सक्रिय सदस्य बनाने का काम पूरा करें

एजेंसी



**पटना।** लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल संगठन की बैठक दूसरे दिन भी हुई। बैठक तेजस्वी यादव के आवास पर हुई। बैठक में आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी सहित कई नेता इसमें पहुंचे। दक्षिण बिहार के चार प्रमंडलों की बैठक में क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष सहित मंत्री और प्रवक्ता भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में उन विधायकों की क्लास लगी, जिन्होंने अब तक सक्रिय सदस्य नहीं बनाया है। जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि कभी भी चुनाव हो सकता है। इसलिए सक्रिय सदस्य बनाने का काम पूरा कीजिए। कई विधायकों ने सक्रिय सदस्यों बनाने से जुड़ी रसीद तक पार्टी को नहीं लौटाई है। इस पर भी निर्देश दिया गया। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बूथ स्तर तक कमिटि को मजबूत करने पर जोर दिया। लोकसभा चुनाव की तैयारी करने और हर तरह की कमी को पूरा करने का निर्देश उन्होंने दिया।प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बैठक के बाद कहा कि देश में दंगाइयों, उन्मादियों को सत्ता से हटा देना है जो देश को तबाह कर रहे हैं। उसी पर चर्चा हुई। दंगाइयों, उन्मादियों को देश से मुक्त कराओ। दानापुर विधायक रीत लाल यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी हमलोग कर रहे हैं। इसके लिए जिला से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने में लगे हैं। 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है 10 फीसदी काम इस माह के अंत तक कर लेंगे। इसके बाद हमलोग क्षेत्र में जाएंगे और जिला स्तर पर मीटिंग करेंगे। जहां भी हमारे कार्यकर्ता हैं उन्हें किसी तरह की कठिनाई प्रशासन के द्वारा आएगी तो उसे दूर कराने का प्रयास करेंगे। हमलोग पूरे बिहार में काम कर रहे हैं।

कहा कि आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद और बहन मीसा भारती का निर्देश होगा तो हम पाटलिपुत्रा सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अगर किसी और को प्रत्याशी बनाया जाएगा तो हम उसका विरोध नहीं करेंगे और उनको मदद करने का काम करेंगे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



अपराधकर्मी

उपरोक्त अभियुक्त संदिग्ध अपराधकर्मी की पहचान स्थापित करने हेतु अखबार में फोटो प्रकशित करना आवश्यक है। जिसके के संबंध में धुर्वा (तुपुदाना) थाना काण्ड सं0–179/22, दिनांक–20.07.23, धारा–353/302/34 भा0द0वि0 एंव 11(a)(b) prevention of cruelty to animal act. 1960 and 4(B) Bihar prevention and improvement of animal Act. And 12 Jharkhand Bovine animal prohibition of slaughter act 2005 दर्ज कर अपराधकर्मी की खोजबीन की जा रही है। अपराधकर्मी आपके क्षेत्र में या आपके आसपास कहीं नजर आते हैं तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर/फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते है। इनकी खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अपराधकर्मी कहीं मिलते/ दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, राँची। –94317 06143
थाना प्रभारी धुर्वा (तुपुदाना), राँची। –94317 06167

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 306600 (Police)23-24*D



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-: pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**Open Competitive Bidding- National**
**Tender Notice**

NIT No.: JUIDCO/NIT/JTWSS/2023/567 Date :09/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction and five years of Operation and Maintenance of Water Supply System in Jhumri Telaiya (Intake works, Rising main, 35.50 MLD Water treatment plant, Clear water main, Elevated service reservoirs, Distribution network and House service connections) |
| 2. | Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Cost of Tender Document: Rs 25,000/- (Rs Twenty-Five Thousand Only) Earnest Money Deposit (EMD )- Rs 1,46,70,000/- (Rs One Crore Forty-Six Lakhs Seventy Thousand Only) |
| 3. | Mode of Bid Submission | Online Tender (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 4. | Date of starting of sale of online Tender | 12.09.2023 at 17:00 Hrs |
| 5. | Pre-Bid Meeting (offline) | 22.09.2023 at 15:00 Hrs |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 26.10.2023 at 16:30 Hrs |
| 7. | Last Date of submission of Tender fees and EMD (Hard Copy) | 26.10.2023 at 16:30 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 26.10.2023 at 17:00 Hrs |
| 9. | Tender fee and EMD submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi 834001 |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651 222 5878/ +91 9973768183 |

Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 306695 Urban Development and Housing(23-24)D



**कार्यालय-सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ-सह-संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला**

विशेष सूचना

मैं मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुमला लैम्पस लि०, प्रखण्ड–गुमला, जिला–गुमला के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेष आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए श्री प्रमोद कुमार, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निबंधक स०स०, गुमला अंचल गुमला एवं श्रीमति अंजू कुमारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निबंधक स०स०, गुमला अंचल गुमला को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 02-11-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 02-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्षन | 02-11-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 03-11-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निष्पादन | 03-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्षन | 03-11-2023 | 04:30 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम गुमला लैम्पस मुख्यालय में होगा। |
| 7 | नामांकन की वापसी | 04-11-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्षन | 04-11-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 04-11-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 11-11-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 11-11-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विषेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 11-11-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स०
गुमला अंचल, गुमला–सह–संचालन पदधिकारी

PR 306572 (Co-opretive)23-24*D

## स्पीड न्यूज

### पाक में सैन्य वाहन को निशाना बनाकर विस्फोट, एक की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में सेना पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेशावर में सेना के वाहन को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया, जिसमें एक सैन्य अधिकारी की मौत हो गयी और चार सैन्य अफसरों सहित सात लोग घायल हो गये। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। विस्फोट की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान के रूप में चर्चित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने ली है।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा की परिवर्तन रथयात्रा आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की परिवर्तन रथयात्रा मंगलवार से शुरू होगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाडा से इसकी शुरुआत करेंगे। इस रथ का सोमवार को विधि-विधान से पूजन किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, संगठन महामंत्री पवन साय आदि मौजूद रहे। अमित शाह मां दंतेश्वरी के दर्शन कर परिवर्तन रथयात्रा को रवाना कर विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे।

### किसानों के अधिकारों के लिए वैश्विक संगोष्ठी आज से

**नयी दिल्ली।** किसानों के अधिकार को लेकर चार दिवसीय वैश्विक सम्मेलन मंगलवार से नयी दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। 12 से 15 सितंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ त्रिलोचन महापात्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### कांग्रेस का साथ छोड़ ज्योति और सवाई सिंह भाजपा में शामिल


**नयी दिल्ली।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। पूर्व लोकसभा सांसद ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी भाजपा में शामिल हो गये हैं। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में पार्टी के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मुख्यालय में ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### यूजीसी ने शिक्षकों के लिए शुरू किया क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नयी दिल्ली।** यूजीसी ने डिग्री और पीजी से जुड़े 15 लाख शिक्षकों के समग्र विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नैतिकता के साथ ही मानवीय मूल्यों को विकसित करने का काम होगा।

## सीमा पर बुनियादी ढांचे के मामले में चीन को पछाड़ देगा भारत : बीआरओ महानिदेशक

# रक्षा मंत्री आज 90 नयी परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित





**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत आने वाले दो से तीन वर्षों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचा का विकास करने के मामले में चीन को पछाड़ देगा। यह दावा करते हुए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि भारत अब लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचे लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को जम्मू के देवक पुल से बीआरओ की 90 नयी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि चीन के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा जोर दिया जा रहा है। चीन सीमा से 50 किमी. से कम दूरी पर भारत ने लद्दाख के हवाई क्षेत्र को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। इसके लिए न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर लड़ाकू अभियानों के लिए 2.7 किमी लंबा कंक्रीट रनवे बनाया जा रहा है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर चीन की नजरों से दूर दुनिया का सबसे ऊंचा हवाई क्षेत्र होगा। यह एयरबेस चीन सीमा पर एलएसी के सबसे नजदीक होने के कारण रणनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ ही महत्वपूर्ण भी है।

उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार और जीवन को आसान बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को बीआरओ की 90 नयी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें से 26 परियोजनाएं लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं, इसलिए हमारा ध्यान पूरी तरह से इन दो राज्यों पर है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी। इसमें 22 सड़कें, 63 पुल और अरुणाचल प्रदेश में एक सुरंग शामिल है। इसके अलावा, दो रणनीतिक हवाई क्षेत्र बागडोगरा और बैरकपुर और दो हेलीपैड एक राजस्थान में और एक ससोमा-सासेर ला के बीच लद्दाख में है। इनमें से 60 परियोजनाओं को दिसंबर तक पूरा करने की योजना है।

उन्होंने बताया कि अगले 20 दिनों में सेला सुरंग का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। यह सुरंग 13,000 फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सुरंग होगी। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में स्थित सेला सुरंग तवांग सेक्टर को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करके 'जीवन रेखा' की तरह होगी। जनरल चौधरी ने बताया कि शिंकू ला टनल की योजना भी अपने अंतिम चरण में है। हिमाचल प्रदेश में जांस्कर-लाहौल-स्पीति को जोड़ने वाली 15,855 फीट की ऊंचाई पर यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। केंद्र सरकार एलएसी के 3,488 किमी. इलाके को विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। पिछले 2-3 वर्षों में 11,000 करोड़ रुपये की 295 परियोजनाएं पूरी की गयी हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी के मुताबिक राष्ट्र को समर्पित की जा रही इन परियोजनाओं के माध्यम से हम लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस आधार कह सकते हैं कि आने वाले दो से तीन साल में हम सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सीमाओं पर चीन से बहुत आगे होंगे।

# शेयर बाजार में लगातार 7वें दिन तेजी, निफ्टी ने रचा इतिहास

### 20 हजार के स्तर तक पहुंचा निफ्टी, सेंसेक्स 67 हजार के पार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को पहले कारोबारी दिन इतिहास रच दिया। निफ्टी पहली बार 20 हजार अंक और सेंसेक्स 21 जुलाई के बाद पहली बार 67 हजार अंक के स्तर को पार कर गया। शेयर बाजार की तेजी के कारण बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी पहली बार 324 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया, जिसकी वजह से निवेशकों को आज 3.31 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ।

बीएसइ का सेंसेक्स पूरे दिन के कारोबार के बाद 528.5 अंक की बढ़त के साथ 67,127.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। खरीदारी के सपोर्ट से दिन में 3 बजे के करीब निफ्टी नया इतिहास रचते हुए पहली बार 20 हजार अंक के स्तर को पार करके 188.20 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 20,008.15 अंक तक पहुंच गया। आखिरी वक्त में हुई मुनाफावसूली के कारण निफ्टी सर्वोच्च स्तर से थोड़ा नीचे खिसक कर 176.40 अंक की बढ़त के साथ 19,996.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। पूरे दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली के मामूली झटके भी लगे। इसके बावजूद खरीदारी के सपोर्ट की वजह से शेयर बाजार लगातार 7वें दिन बुलंदी के साथ बंद होने में सफल रहा। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.79 प्रतिशत और निफ्टी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। मेटल, टेलीकम्युनिकेशंस, ऑटोमोबाइल, यूटिलिटी, सर्विसेज और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही, बैंकिंग, आइटी और एफएमसीजी सेक्टर में भी तेजी बनी रही।

# चीन में विदेश मंत्री के बाद अब रक्षा मंत्री भी लापता

**बीजिंग (हि.स.)।** चीन में मंत्रियों के गायब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। विदेश मंत्री किन गांग के बाद अब रक्षा मंत्री ली शांगफू भी गायब हो गये हैं। जानकारी के मुताबिक चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू 29 अगस्त 2023 के बाद से नहीं देखे गये हैं। उन्हें आखिरी बार चीन-अफ्रीका शांति और सुरक्षा फोरम को संबोधित करते समय देखा गया था। इस बैठक से पहले चीनी रक्षामंत्री एक सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के दौरे पर गये थे।

चीनी रक्षा मंत्री के नहीं दिखायी देने पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। जापान में अमेरिका के राजदूत रेहम इमैनुअल ने चीन में बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले दो सप्ताह से चीन के रक्षा मंत्री नहीं देखे गये हैं। उन्होंने कहा कि 'बेरोजगारी' की इस रेस को कौन जीतने जा रहा है? चीन का युवा या शी जिनपिंग की कैबिनेट? चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू से पहले चीन की सेना के शक्तिशाली रॉकेट फोर्स के जनरल भी गायब हो गये थे।

चीन के रक्षा मंत्री जब गायब हुए हैं, ठीक उसी समय चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना में एकता और स्थिरता का आह्वान किया है। उन्होंने सेना को जंग के लिए तैयार रहने को भी कहा है। ली शांगफू को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

# जी 20 में भारत की तकनीकी क्षमताओं के साथ आर्थिक ताकत भी प्रदर्शित : जितेंद्र सिंह



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन ने भारत की तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ आर्थिक ताकत को भी प्रदर्शित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी के संयोजन को एक संस्था के रूप में स्थापित किया है। हमारे पास पारंपरिक ज्ञान पुस्तकालय था, जिसे अब टीकेडीएल (ट्रेडिशन अंडर प्राइमल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी) के नाम से जाना जाता है।

सोमवार को सीएसआइआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च (सीएसआइआर-एनआइएससीपीआर), के 'वन वीक वन लैब' (ओडब्ल्यूओएल) कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत मंडपम के साथ नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा निर्मित कुछ नवीनतम स्मारक में पारंपरिक विरासत के साथ नवीनतम वैज्ञानिक कौशल, प्रौद्योगिकी और वास्तुकला के संयोजन को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'वन वीक वन लैब' (ओडब्ल्यूओएल) कार्यक्रम की सफलता के बाद विभिन्न सीएसआइआर प्रयोगशालाओं के प्रयासों को एकीकृत करने की दिशा में 'वन मंथ वन थीम' कार्यक्रम भी किया जाना चाहिए। सीएसआइआर प्रयोगशालाएं 10 सफलता की कहानियां प्रचारित की जा सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि जी-20 शिखर सम्मेलन में अपनाए गये नयी दिल्ली घोषणापत्र ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में भारत की 'लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट मिशन' (एलआइएफइ) की पहल को लागू करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया। 'हरित विकास संधि' को अपनाकर, जी-20 ने सतत और हरित विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं की भी पुष्टि की है।

### भारत ने विश्व में अपना लोहा मनवाया : जनरल सिंह

**जयपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा है कि दिल्ली में आयोजित जी-20 की बैठक के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपना लोहा मनवाया। जी-20 समूह में विश्व के सभी शक्तिशाली देश शामिल हैं। सभी देशों ने भारत की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। दौसा में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान सोमवार को उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से मजबूती की दिशा में जा रहा है।

### जी20 के बाद अब घरेलू मुद्दों पर ध्यान दे सरकार : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद अब मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता ने इस सरकार की विदाई का रास्ता बनाना शुरू कर दिया है। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अब जब जी20 की बैठक खत्म हो गयी है, मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### वियतनाम यात्रा का मकसद चीन से टकराव बढ़ाना नहीं : बाइडन

**हनोई।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी दो दिवसीय वियतनाम यात्रा के संदर्भ में कहा है कि इसका मकसद चीन के साथ शीत युद्ध शुरू करना या टकराव बढ़ाना कतई नहीं है। इस यात्रा का लक्ष्य वियतनाम और अन्य एशियाई देशों के साथ अमेरिकी संबंध बनाकर दुनिया भर में स्थिरता प्रदान करना है। भारत की राजधानी नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेकर रविवार को वियतनाम पहुंचे बाइडन ने यह बात शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कही। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में इस संवाददाता सम्मेलन को खासी तरजीह दी गयी है। बाइडन ने कहा है कि हमारे पास स्थिरता बनाये रखने के लिए दुनिया भर में गठबंधनों को मजबूत करने का अवसर है। उनकी यह यात्रा चीन को नियंत्रित करने के बारे में बिलकुल नहीं है। यह एक स्थिर आधार तैयार करने पर केंद्रित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इससे पहले हनोई पहुंचने पर बाइडन का जोरदार स्वागत किया गया।

# 'भारत : लोकतंत्र की जननी' ने जी 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को कराया देश की लोकतांत्रिक परंपराओं से रूबरू



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** जी 20 शिखर सम्मेलन में भारतीय संस्कृति एवं समृद्ध परंपराओं से विदेशी मेहमानों को रूबरू कराने के मकसद से संस्कृति मंत्रालय ने कल्चर कॉरिडोर बनाया, जिसे राष्ट्राध्यक्षों ने बहुत सराहा। 8-10 सितंबर के दौरान जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए आइटीपीओ के हॉल नंबर 14 में 'भारत : लोकतंत्र की जननी' पर लगायी गयी एक प्रदर्शनी में देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को प्रदर्शित किया। सोमवार को संस्कृति मंत्रालय ने मीडिया को इस प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण सिंधु सरस्वती सभ्यता की एक लड़की की 5 फुट लंबी, 120 किलोग्राम कांस्य प्रतिकृति रही, जो हॉल के केंद्र में एक ऊंचे पोडियम पर घूमती, आत्मविश्वास से भरी, आत्म-आश्वस्त दिखायी देती है। इसकी वास्तविक ऊंचाई 10.5 सेमी है।

लोकतंत्र के इतिहास को 26 इंटरैक्टिव पैनलों के माध्यम से दिखाया गया है, जिसके बारे में जानकारी 16 अलग-अलग विदेशी भाषा में ऑडियो के माध्यम से सुना जा सकता है। इस प्रदर्शनी के क्यूरेटर और इंदिरा गांधी कला केंद्र के सचिव सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि लोकतंत्र भारत में सदियों पुरानी अवधारणा है। भारतीय परंपराओं के अनुसार लोकतंत्र में, समाज में स्वतंत्रता, स्वीकार्यता, समानता और समावेशिता के मूल्य शामिल हैं और यह आम नागरिकों को गुणवत्ता और गरिमापूर्ण जीवन जीने की अनुमति देता है।

### ऋग्वेद और अथर्ववेद में लोकतंत्र का सार

ऋग्वेद और अथर्ववेद जैसे पवित्र ग्रंथों में लोकतंत्र का सार है, जिसमें बताया गया है कि शासन करने का अधिकार योग्यता या आम सहमति के माध्यम से अर्जित किया जाता है और वंशानुगत नहीं होता है। परिषद और समिति जैसी विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं में मतदाता की वैधता पर निरंतर चर्चा होती रही है। भारतीय लोकतंत्र वास्तव में सत्यता, सहयोग, लोगों की सच्चाई, शांति, सहानुभूति और सामूहिक शक्ति की एक उत्सव घोषणा है।

### चंद्रबाबू की गिरफ्तारी टीडीपी के लिए सिर्फ एक स्पीड ब्रेकर : लोकेश

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे एन लोकेश ने सोमवार को कहा कि नायडू की गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड तेलुगु देशम पार्टी के लिए सिर्फ एक स्पीड ब्रेकर है। टीडीपी महासचिव लोकेश ने राजामहेंद्रवरम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी मैराथन पदयात्रा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी जायेगी और सभी मुद्दों का समाधान होने के बाद फिर से शुरू होगी। एक संवाददाता के सवाल का जवाब देते हुए लोकेश ने कहा कि टीडीपी के लिए संकट कोई नई बात नहीं है। हमने पहले भी कई संकट देखे हैं। हमने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से भी लड़ाई लड़ी थी। यह हमारे लिए सिर्फ एक स्पीड ब्रेकर है। बता दें कि विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने रविवार को कथित करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार घोटाले में टीडीपी प्रमुख को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्हें 9 सितंबर को नंदयाल में गिरफ्तार किया गया था।


### वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स से रिलीज हुआ 'सरिया के सितरवा' लोकगीत




भोजपुरी की मशहूर सिंगर नेहा राज का नया भोजपुरी लोकगीत 'सरिया के सितरवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। नेहा की सुरीली आवाज से सजे इस गाने को इशिता सिंह पर फिल्माया गया है। गाने में इशिता ने अपनी अदाओं, डांस और मस्ती से सबका दिल लूट लिया है। पीली साड़ी में अपनी खूबसूरती की बिजली गिरा रही हैं। इस गाने में इशिता सिंह ने जोरदार ठुमका लगाकर महफिल लूट ली है। इस नये गाने को दर्शक काफी पसंद कर रहे है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'सरिया के सितरवा' के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। सिंगर नेहा राज हैं। एक्ट्रेस इशिता सिंह हैं। इस गाने के गीतकार अखिलेश कश्यप हैं। संगीतकार अभिषेक गुप्ता, वीडियो निर्देशक भोजपुरिया, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, एडिटर पंकज साव हैं। डीआइ रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का आल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास है।

# पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति स्वामी नारायण मंदिर का प्रारूप बनायेगा

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





अमरेंद्र सिंह, सचिव, पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू।





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू द्वारा बनाया जा रहा गुजरात के स्वामी नारायण मंदिर का प्रारूप राजधानी में आकर्षण का केंद्र होगा। पूजा समिति के सचिव अमरेंद्र सिंह ने बताया कि बीते 50 साल से पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति दुर्गा पूजा का आयोजन करता आ रहा है। हर बार क्लब का प्रयास होता है कि एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल का निर्माण हो। इस बार स्वामी नारायण मंदिर गुजरात के आधार पर भव्य पंडाल शहरवासियों के समक्ष पेश किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर अपने लंबे-चौड़े परिसर और बेहद महीन और खूबसूरत काम के लिए जाना जाता है। इस मंदिर में काफी बारीक नक्काशी है और कई धर्मों के दर्शन यहां होते हैं। पश्चिम बंगाल के कारीगर पंडाल निर्माण में उत्कृष्टता का परिचय देते हुए पंडाल निर्माण में लगे हैं। राजधानी के मूर्तिकार अमिताभ मुखर्जी द्वारा मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं का प्रतिमा बनायी जा रही है। पंडाल की लंबाई 100 फीट और चौड़ाई भी 100 फीट होगी।

पूजा समिति के सचिव ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन भोग का वितरण किया जायेगा। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सज्जा की जायेगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 55 लाख रुपये रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक विनोद पांडे, अजय सिंह, अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे उर्फ बबलू, महासचिव राजीव कुमार पप्पू, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, सचिव अमरेंद्र सिंह दिन-रात लगे हुए हैं।

### पंडाल के सामने अतिक्रमण से होती है परेशानी

पंडाल के सामने अतिक्रमण के चलते आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, खासकर माताओं व बहनों को। अत: हम प्रशासन से निवेदन करेंगे कि कम से कम पूजा के दौरान अतिक्रमण हटा दिया जाये, ताकि मां के भक्तों को परेशानी ना हो।

VERMA PRESS®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !